

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़






11 ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग... | पुतिन ने दिए आदेश साल... 12



वर्ष : 13 | अंक : 37 | नई दिल्ली, गुरुवार, 23 जून 2022 | ज्येष्ठ, नवमी , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

मौसम विभाग के अनुसार मौसम आज भी गर्मी बरकरार रहेगी, लेकिन शाम को मौसम हल्का ठंडा रहेगा।

**पोल**

द्रौपदी मुर्मू को 'जेड प्लस' सुरक्षा देना क्या सही फैसला हैं ?

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,575 |
| चांदी | 60,500 |
| सेंसेक्स | 51,822 |
| निफ्टी | 15,413 |

## संक्षिप्त खबर

### सोनिया गांधी ने ईडी से मांगी मोहलत

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय से आग्रह किया कि उनकी पेशी की तारीख कुछ हफ्तों के लिए आगे बढ़ा दी जाए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी को कोविड और फेफड़े में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद चिकित्सकों ने अब घर पर आराम की सलाह दी है। ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष ने ईडी को पत्र लिखकर कहा कि उनकी पेशी की तिथि को अगले कुछ हफ्तों के लिए बढ़ा दिया जाए जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी ने कथित धनशोधन के मामले में 23 जून को तलब किया है।

### द्रौपदी मुर्मू को 'जेड प्लस' सुरक्षा

नई दिल्ली। केंद्र ने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को सीआरपीएफ के जवानों से लैस 'जेड प्लस' सुरक्षा प्रदान की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सशस्त्र दस्ते ने बुधवार तड़के मुर्मू (64) की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू की राजद की ओर से राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी होने की घोषणा की थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि इस घोषणा के तुरंत बाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को मुर्मू की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने के लिए अपने वीआईपी सुरक्षा दल को तैनात करने का निर्देश दिया था।

### डीयू देगा फिर से परीक्षा देने का मौका, पंजीकरण 29 से

नई दिल्ली। डीयू स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के उन छात्रों के लिए फिर से परीक्षाएं (इंटरनल एग्जाम) आयोजित करेगा, जो कोविड-19 महामारी तथा अन्य कारणों से मई-जून में परीक्षाएं नहीं दे पाए थे। इन परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 29 जून से शुरू होगी। विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की थी। करीब दो साल बाद पहली बार विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं को परिसर में (ऑफलाइन मोड) लिया था। कई छात्रों ने डीयू से यह अपील की थी कि वह कोविड-19 से उपजे हालात के कारण परीक्षाएं नहीं दे पाए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के डीन डीएस रावत का कहना है कि करीब 97 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षाएं दी थीं। केवल कुछ ही छात्र विभिन्न कारणों के चलते परीक्षा नहीं दे पाए थे। परीक्षा कार्यकारी समूह ने उनके लिए फिर से परीक्षाएं कराने का निर्णय किया है।

# अर्थव्यवस्था में आएगी तेजी! आर्थिक वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद: मोदी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सरकार को इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार 2025 तक 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन के तहत 1500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर हैं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'हम इस साल वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद कर रहे हैं, जो हमें सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाएगी। उन्होंने कहा कि 'नए भारत' में हर क्षेत्र में रूपांतरकारी बदलाव हो रहे हैं, और देश के आर्थिक सुधार का एक प्रमुख स्तंभ प्रौद्योगिकी आधारित वृद्धि है।

**हर क्षेत्र में कर रहे हैं इनोवेशन**

प्रधानमंत्री ने कहा, हम हर क्षेत्र



में इनोवेशन का समर्थन कर रहे हैं। ब्रिक्स बिजनेस फोरम का आयोजन पांच देशों के समूह के शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले हुआ। ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 फीसदी, वैश्विक जीडीपी में 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 16 फीसदी है।

**इन पांच देशों का संगठन है ब्रिक्स**

ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 फीसदी, वैश्विक जीडीपी में 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 16 फीसदी है।

### आरबीआई ने महंगाई को लेकर जताई चिंता

- वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आगाह किया है कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बावजूद महंगाई की लगातार ऊंची दर अर्थव्यवस्था के लिये प्रमुख चिंता का कारण है। उन्होंने बढ़ती मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये इस महीने की शुरूआत में प्रमुख नीतिगत दर में 0.50 फीसदी की वृद्धि के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही। केंद्रीय बैंक के बुधवार को जारी मौद्रिक नीति समिति की बैठक के ब्योरे से यह जानकारी मिली है।

# उद्धव की शिवसेना व सरकार पर संकट

## ठाकरे ने सीएम आवास छोड़ा, शरद पवार की सलाह- शिंदे को ही बना दो सीएम

- एकनाथ शिंदे ने कहा- बेमेल गठबंधन से बाहर आना जरूरी

**मुंबई/सूरत, एजेंसी**

पिछले दो दिन से सरकार बचा रहे उद्धव ठाकरे अब अपनी पार्टी शिवसेना को बचाने की जुगत में हैं और बागी एकनाथ शिंदे के आगे बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। शिंदे को प्रपोजल दिया है कि वे सामने आकर बात करें और शिवसेना विधायक बोलें तो सीएम क्या, पार्टी प्रमुख का पद भी छोड़ने को तैयार हैं। इसके बाद राकांपा प्रमुख शरद पवार ने भी उद्धव को सलाह दी कि संकट टालने के लिए शिंदे को ही मुख्यमंत्री बना दो। लेकिन, शिंदे के तेवर आक्रामक ही हैं। वे गठबंधन से बाहर होने की शर्त पर ही अड़े हैं। जब उद्धव ने फेसबुक लाइव पर शिंदे को सामने आकर बात रखने का ऑफर दिया तो शिंदे ने ट्वीट कर जवाब दिया। लिखा- गठबंधन बेमेल है और इसमें शिवसेना कमजोर हो रही है। कांग्रेस-राकांपा मजबूत हो रहे हैं। इस गठबंधन से बाहर आना जरूरी है और महाराष्ट्र के हित में फैसला लेना होगा।

**शिंदे ने पार्टी पर ठोका दावा**

इससे पहले शिंदे चीफ व्हिप पर अपने नेता भरत गोगावले को अपॉइंट कर पार्टी पर दावा ठोक चुके हैं। विधायक दल के नेता के तौर पर 34 विधायकों के समर्थन की चिट्ठी राज्यपाल को भेजी है। यानी सरकार और पार्टी दोनों पर हक जता रहे हैं। शिंदे दावा कर रहे हैं कि उनके पास 46 विधायक हैं। हालांकि, गुवाहाटी में अभी शिवसेना के 35 और 2 निर्दलीय विधायक हैं। 3 और विधायक महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल के साथ गुवाहाटी के लिए निकल चुके हैं। यानी कुल 40 विधायक।

**भाजपा वेट एंड वाच की स्थिति में**

भाजपा फिलहाल भाजपा वेट एंड वाच की स्थिति में है। मुंबई के अलग-अलग इलाकों में बीजेपी नेता मीटिंग कर रहे हैं। एनसीपी की मीटिंग वाईबी चव्हाण हॉल में हुई है। इसमें पार्टी के सभी विधायकों को शरद पवार से संबोधित किया है। बालासाहब थोराट के बंगले पर कांग्रेस के विधायकों की बैठक हुई है। इसमें कमलनाथ ने सभी विधायकों को संबोधित किया है। शिवसेना ने सभी विधायकों के नाम एक पत्र जारी कर शाम पांच बजे तक सभी को मुंबई आने के लिए कहा है। अगर वे शाम की मीटिंग में शामिल नहीं होते हैं तो उनकी पार्टी की सदस्यता रद्द मानी जाएगी।

**दल-बदल कानून बड़ा चैलेंज होगा**

यदि शिवसेना में बगावत होती है तो दल-बदल कानून सबसे बड़ा चैलेंज होगा। बगावत के लिए एकनाथ शिंदे को इन विधायकों की सदस्यता भी कायम रखनी होगी। महाराष्ट्र विधानसभा में शिवसेना के पास कुल 56 विधायक है। कानून के हिसाब से शिंदे को 2/3 विधायक यानी 37 विधायक जुटाने होंगे। फिलहाल शिंदे के पास कुल 30 विधायक होने का दावा किया जा रहा है, जिसमें शिवसेना के 15 विधायक हैं।



### कुर्सी के साथ पार्टी जाएगी हाथ से ?

| उद्धव के पक्ष में | उद्धव के खिलाफ |
|---|---|
| शिवसेना–22 | शिवसेना के बागी– 34 |
| राकांपा – 53 | भाजपा–106 |
| कांग्रेस – 44 | निर्दलीय– 17 |
| अन्य – तत10 | |
| कुल -129 | कुल -157 |

### गठबंधन के नेताओं के बयान...



हमारे पास 46 विधायक हैं और ये बढ़ेंगे। आगे की रणनीति हम सभी विधायकों के साथ मिलकर तय करेंगे। शिवसेना तोड़ने का कोई इरादा नहीं। हम किसी दूसरी पार्टी के संपर्क में नहीं हैं

एकनाथ शिंदे



महाराष्ट्र में 2 या 3 दिनों में क्या होगा यह कोई नहीं जानता। भाजपा के समर्थन के बिना शिवसेना के विधायकों का अपहरण नहीं किया जा सकता था

संजय राउत

कांग्रेस और राकांपा महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार को अपना समर्थन जारी रखेगी। मैंने शरद पवार जी से भी बातचीत की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे गठबंधन सरकार को अपना समर्थन जारी रखेंगे। इसके अलावा कोई इरादा नहीं है। मुझे भरोसा है कि शिवसेना के बागी शिवाजी महाराज के राज्य को चोट नहीं पहुंचाएंगे

कमलनाथ

# हरियाणा के निकाय चुनाव में भाजपा ने मारी बाजी

## भाजपा ने 46 में से 22 सीटों पर जीत हासिल की



**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। रविवार को यहां 18 निकाय परिषदों और 28 निगमों के मतदान हुए थे। भाजपा ने इनमें से 22 सीटों पर जीत हासिल कर ली है, वहीं सहयोगी जननायक जनता पार्टी ने तीन सीटें जीती हैं। इसके अलावा 19 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। एक-एक सीट पर आम आदमी पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल को सफलता हासिल हुई है। कुल 46 सीटों पर चुनाव हुए थे।

**आंकड़े**

- 19 सीट पर जीते निर्दलीय, एक-एक सीट पर आम आदमी पार्टी और इनेलो ने दर्ज की जीत

### अग्निपथ के विरोध का असर नहीं : खट्टर



- भाजपा और जेजेपी गठबंधन ने 46 में से 41 सीटों पर चुनाव लड़ा था। दोनों पार्टियों ने संयुक्त रूप से कुल 25 सीटों पर जीत हासिल की जो कि कुल सीटों का 61 फीसदी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस जीत पर कहा है कि अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन का चुनाव परिणाम पर कोई असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी के मेहनती कार्यकताओं के समर्पित है। भिवानी से निर्दलीय भवानी प्रताप, चरखी दादरी से भाजपा के बख्शी राम सैनी, फतेहाबाद से भाजपा के राजेंद्र सिंह, टोहाना से निर्दलीय रनरेश कुमार, सोहना से भाजपा की अंजू, हांसी से निर्दलीय प्रवीण अहलावादी, नरवाना से निर्दलीय मुकेश रानी, जींद से भाजपा की अनुराधा सैनी, झज्जर से भाजपा के जिले सिंह, बहादुरगढ़ से भाजपा के सरोज राठी, कैथल से भाजपा की सुरभि गर्ग, नारनौल से निर्दलीय कमलेश, नूंह से जजपा के संजय कुमार, कालका से भाजपा के कृष्ण लाल लांबा, पलवल से भाजपा के यशपाल, ने जीत दर्ज की है।

# 34,615 करोड़ की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी!

## सीबीआई ने डीएचएफएल के खिलाफ दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की अगुवाई में 17 बैंकों के समूह के साथ कथित 34,615 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के कपिल वधावन और धीरज वधावन के खिलाफ ताजा मामला दर्ज किया है। यह एजेंसी की जांच के दायरे में आई अबतक की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई आरोपियों के मुबंई स्थित 12 ठिकानों की तलाशी ले रही है। जांच एजेंसी ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लि. (डीएचएफएल), तत्कालीन चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कपिल वधावन, निदेशक धीरज वधावन और रियल्टी क्षेत्र की छह कंपनियों को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह के साथ कथित तौर पर



34,615 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिये आपराधिक साजिश में शामिल होने को लेकर मामला दर्ज किया है।सीबीआई ने बैंक से 11 फरवरी,2022 को मिली शिकायत के आधार पर कार्रवाई की। वधावन बंधु कथित भ्रष्टाचार के मामले में फिलहाल सीबीआई जांच के घेरे में हैं।

**डूबने के कगार पर है डीएचएफएल**

डीएचएफएल एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है। कपिल वधावन इसके चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक थे। डीएचएफएल अब डूबने के कगार पर है और इसको बेचने की प्रक्रिया चल रही है। अपनी शिकायत में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कंसोर्टियम द्वारा नियुक्त ऑडिट फर्म केपीएमजी के निष्कर्षों को रखा है। निष्कर्षों में प्रथम दृष्टया निर्धारित मानदंडों और प्रक्रियाओं का पालन नहीं होना, खातों में हेरफेर, जानकारी छुपाना, अघोषित बैंक खाते और गलत बयानी पाई गयी है।

# अफगानिस्तान में भूकंप से 1000 लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या लगभग 1000 हो गयी और अन्य 600 लोग घायल हो गए हैं। तालिबान ने यह जानकारी दी।अफगानिस्तान में मंगलवार रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई। भूकंप के बाद पक्तिका प्रांत में जगह-जगह मलबे और टूटे हुए घरों की तस्वीर दिखाई दे रही है। बीबीसी ने तालिबानी नेता हिबतुल्लाह अखुंदजाद के हवाले से बताया कि भूकंप से सैकड़ों घरों को नुकसान पहुंचा है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी गयी है। आपदा प्रबंधन के उनके उप-मंत्री शरफुद्दीन मुस्लिम ने कहा कि अब तक 1000 लोग मारे गए और 600 घायल हुए हैं। तालिबान की ओर से नियुक्त प्रवक्ता बिलाल करीमी ने ट्विटर पर कहा, दुर्भाग्यवश कल रात पक्तिका प्रांत के चार जिलों में जबर्दस्त भूकंप आया।

# एलजी वीके सक्सेना की बड़ी कार्रवाई

## केजरीवाल के कार्यालय के उप सचिव और दो एसडीएम को किया निलंबित

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के उप राज्पाल वी.के.सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय में कार्यरत एक उप सचिव और दो सब डिविजनल मजिस्ट्रेट को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव के पद पर तैनात प्रकाश चंद्र ठाकुर, वसंत विहार के एसडीएम हर्षित जैन और विवेक विहार के एसडीएम देवेंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई उपराज्यपाल सक्सेना की भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को इंगित करती है और सरकार में ईमानदारी सुनिश्चित करने की कोशिश



है। उन्होंने बताया कि उप राज्यपाल ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण के दो सहायक इंजीनियरों को कालकाजी एक्सटेंशन में ईडब्ल्यूएस फ्लैट के निर्माण में खामी पाए जाने पर निलंबित कर दिया था। दिल्ली के रोहिणी इलाके में स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में 20 हजार से ज्यादा मामले लंबित होने का संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने बुधवार को निर्देश दिया कि समयबद्ध तरीके से मामलों के निपटारे के लिए रिक्त पदों को भरा जाए और तकनीक को अद्यतन किया जाए। सक्सेना ने एफएसएल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों के निपटारे के अनुमानित समय का उल्लेख करते हुए उनकी एक सूची तैयार करें और उपराज्यपाल को सौंपे। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सक्सेना ने चेतावनी दी है कि वह स्वयं इसकी निगरानी करेंगे। सक्सेना ने निर्देश दिया कि लंबित मामलों को तीव्र गति से सुलझाने के लिए इसी प्रकार की एजेंसियों के सेवानिवृत्त तकनीकी कर्मियों को पुनः सेवा में लिया जा सकता है। बयान में कहा गया कि सक्सेना ने 20 हजार से ज्यादा लंबित मामलों पर चिंता जताई।

# कानूनी प्रक्रिया के तहत ही चलाया बुलडोजर : यूपी सरकार

## उप्र सरकार ने दाखिल किया सर्वोच्च न्यायालय में जवाब

**लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया है। सरकार ने जमीयत पर मामले को गलत रंग देने का आरोप लगाया है। इस मामले पर 24 जून को सुनवाई होनी है। यूपी सरकार ने कहा है कि दंगे के बाद सजा के तौर पर उसने कोई कार्रवाई नहीं की है। जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई उन्हें तोड़ने का आदेश कई महीने पहले जारी हुआ था। खुद हटा लेने के लिए काफी समय दिया गया था। बुलडोजर की कार्रवाई से दंगे का कोई संबंध नहीं है। उसका मुकदमा अलग है। 16 जून को कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सरकार ने कहा है कि प्रयागराज और कानपुर की संबंधित अथॉरिटी ने डेमोलेशन की कार्रवाई तय प्रक्रिया के तहत की है और वह बॉडी स्वतंत्र है। अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ रूटीन कार्रवाई हुई है और यह कार्रवाई यूपी अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट के तहत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 जून को कहा था कि डेमोलेशन बिना नोटिस दिए नहीं हो सकता है। अथॉरिटी को इसके लिए तय कानूनी प्रक्रिया का पालन करना होगा। सबकुछ फेयर तरीके से होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि साफ किया था कि वह डेमोलेशन पर रोक नहीं लगा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार और संबंधित अथॉरिटी को मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान तीन दिनों में जवाब दाखिल करने को कहा था।

**बयान**

- यूपी सरकार ने कहा है कि दंगे के बाद सजा के तौर पर उसने कोई कार्रवाई नहीं की है

**राष्ट्रपति चुनाव** विपक्ष के कई दल कर सकते हैं राजग के राष्ट्रपति उम्मीदवार का समर्थन, मुर्मू 24 को करेंगी नामांकन

# द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेंगे सीएम नीतीश कुमार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर एनडीए ने बड़ा दांव खेला है। इससे उसके अपने कई हित सधते नजर आ रहे हैं, तो इस मामले पर विपक्ष में भी 'फूट' पड़ सकती है। विपक्षी खेमे के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बिहार से आने के कारण माना जा रहा था कि नीतीश कुमार राज्य की माटी के लाल होने के आधार पर इस मुद्दे पर एनडीए खेमे से अलग रास्ता अपना सकते हैं, लेकिन द्रौपदी मुर्मू का नाम सामने आने के बाद उनका गणित गड़बड़ा गया है। द्रौपदी मुर्मू का बिहार में जदयू समर्थन करेगा। नीतीश कुमार ने एनडीए की उम्मीदवार के तौर द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने उन्हें फोन करके इस निर्णय के बारे में बताया। दरअसल, जब से द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा हुई है, तभी से इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार क्या फैसला लेंगे। हालांकि, उन्होंने एनडीए उम्मीदवार के तौर पर मुर्मू के नाम को लेकर खुशी जाहिर की है। । इससे पहले राष्ट्रपति चुनाव में नीतीश की तरफ से लिए गए फैसले चौंकाने वाले रहे हैं। साल 2012 के चुनाव में उन्होंने यूपीए के उम्मीदवार प्रणव मुखर्जी के पक्ष में वोट किया था, जबकि वह एनडीए में थे। वहीं, 2017 के राष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने बीजेपी के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद को अपना समर्थन दिया था, जबकि उनकी पार्टी महागठबंधन का हिस्सा थी। बीजू जनता दल नेता नवीन पटनायक और हम पार्टी के नेता जीतनराम मांझी ने मुर्मू की दावेदारी को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है।



### केजरीवाल भी कर सकते हैं समर्थन

- आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति उम्मीदवार पर अब तक अपना रुख साफ नहीं किया है। लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने साफ कर दिया था कि राष्ट्रपति उम्मीदवार का नाम सामने आने के बाद वह इस मामले पर फैसला लेंगे। द्रौपदी मुर्मू का नाम सामने आने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी उनका समर्थन कर सकती है।

### द्रौपदी मुर्मू को ही देंगे वोट : जयंत सिन्हा

- राष्ट्रपति चुनाव में इस बार मुख्य मुकाबला द्रौपदी मुर्मू बनाम यशवंत सिन्हा के बीच होने जा रहा है। विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा, वर्तमान में भी झारखंड के हजारीबाग से लोकसभा सांसद हैं। ऐसे में यशवंत सिन्हा को विपक्षी दलों द्वारा उम्मीदवार घोषित करने के बाद से ही यह कयास लगने लगे थे कि उनके पुत्र जयंत सिन्हा अब क्या करेंगे? इन सवालों का जवाब जयंत सिन्हा ने स्वयं लोगों से इसे पारिवारिक मामला न बनाने की अपील करते हुए दे दिया है। जयंत सिन्हा ने ट्विटर पर अपना वीडियो बयान जारी करते हुए कहा, सबसे यही निवेदन करूंगा कि इस समय मुझे आप एक पुत्र के रूप में न देखें, इसे एक पारिवारिक मामला न बनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### तावडू में सैक्टरी पर मिलीभक्त कर एक कंपनी को फायदा पहुंचाने का लगाया आरोप

तावडू। उपमंडल के गांव सराय (गंगानी) के ग्रामीणों ने गांव में स्थित आईटीसी गोल्फ कोर्स के प्रशासन पर पंचायती जमीन को लेकर दूसरी जमीन सही स्थान पर न देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत बीडीपीओ तावडू को दी है। सरपंच समयपाल, शिवलाल नंबरदार, हेमचंद, किशनपाल, सूबे सिंह, भागमल नंबरदार, रमेश, परसराम, सुंदर आदि ने लिखित शिकायत पत्र में बताया कि पंचायती जमीन का रकबा आईटीसी गोल्फ कोर्स में दबा हुआ है। जिसे आईटीसी कंपनी अपनी मर्जी से पंचायत भूमि को पहाडों के साथ देना चाहती है। जो गांव के किसी के काम नहीं आएगी। गांव के सैक्ट्री ने झूठ बोलकर चकबंदी का हवाला देकर फर्जी हस्ताक्षर करवा लिए। जिसके गांव खिलाफ है और इस कार्रवाई को यहीं रोकने की अपील की है। बीडीपीओ नंबलाल ने बताया कि ग्रामीणों ने शिकायत दी है, जिसे कार्रवाई के लिए जिला उपायुक्त को भेज दी गई है।

### विद्यालय में गुणात्मक व व्यावहारिक शिक्षा भी जरूरी

रामगढ़वा। गुणात्मक शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक, अनुशासनिक शिक्षा भी जरूरी है। आज के परिवेश में जिस शिक्षा के लिए जरूरी है वो है व्यवहारिक शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा भी देना महत्व है। उक्त बातें रामगढ़वा स्थित क्रिएशन गुरुकुल विद्यालय प्लस टू के संरक्षक सीएम दूबे ने रामगढ़वा स्थित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोतिहारी व रक्सौल के बीच मात्र यही एक विद्यालय है, जिसको केंद्रीय सीबीएसई बोर्ड द्वारा प्लस टू का दर्जा 2028 तक दिया है, जो रामगढ़वा ही नहीं बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। वही विद्यालय के निदेशक परिमल कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों से कहा कि रामगढ़वा जैसे पिछड़े क्षेत्र में शैक्षणिक माहौल तैयार करना व रामगढ़वा में उच्च क्वालिटी की शिक्षा देना संस्थान का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का पहला परिचय व्यवहार से होता है, इसमें ज्ञान की विविधता समाहित होना चाहिए। बता दें कि केंद्रीय सीबीएसई बोर्ड द्वारा बारहवी तक मान्यता प्राप्त दी गयी है।

# नगर परिषद कालका आम चुनाव में बीजेपी ने 31 वार्डों में से 18 में दर्ज की जीत

पंचकूला, प्रात: किरण संवाददाता



**चुनाव**
● भारतीय जनता पार्टी के प्रधान पद के उम्मीदवार कृष्ण लाल लांबा ने 6481 वोटों के अंतर से लहराया परचम

नगर परिषद कालका आम चुनाव-2022 में भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों ने अपनी जीत का परचम लहराया। नगर परिषद कालका के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रधान पद के उम्मीदवार कृष्ण लाल लांबा ने 6481 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें कुल 20829 वोट मिले। अरूणा आसफ अली राजकीय महाविद्यालय में आज प्रातः 8 बजे शुरू हुई मतगणना उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक तथा सामान्य ऑबर्जवर श्रीमती गीता भारती की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

नगर परिषद कालका के प्रधान पद के साथ-साथ नगर परिषद के वार्डों के सदस्य पद के लिए हुए चुनावों में 31 वार्डों में 18 वार्डों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। मतगणना की प्रक्रिया 15 राउंड में संपन्न हुई। 31 वार्डों के नगर परिषद सदस्यों के घोषित परिणामों में वार्ड नंबर 1 से आजाद उम्मीदवार बनिंदर कौर ने 191 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं वार्ड नंबर 2 से बीजेपी के पुष्पिंदर कुमार उर्फ गोल्डी वाल्मिकी ने 549 वोटों के अंतर से परचम लहराया। वार्ड नंबर 3 से बीजेपी की मंजू लता ने 97 वोट, वार्ड नंबर 4 से बीजेपी के विनोद सावरनी ने 177 वोट, वार्ड नंबर 5 से बीजेपी के नरेन्द्र सिंह ने 480 वोट, वार्ड नंबर 6 से बीजेपी के महेश शर्मा (टिंकू) 352 वोट, वार्ड नंबर 7 से बीजेपी के संजीव कौशल 517 वोट, वार्ड नंबर 8 से आजाद उम्मीदवार 5 वोट, वार्ड नंबर 9 से आजाद उम्मीदवार 219 वोट और वार्ड नंबर 10 से बीजेपी की निर्मला देवी 444 वोटों के अंतर से विजयी रही।

इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 से बीजेपी के सौरभ गुप्ता (सनी) 305 वोट, वार्ड नंबर 12 से आजाद उम्मीदवार अश्वनी कुमार (चूना) 483 वोट, वार्ड नंबर 13 से बीजेपी के गुरबख्श सिंह (काकू दमदमा) 42 वोट, वार्ड नंबर 14 से बीजेपी की शबनब 140 वोट, वार्ड नंबर 15 से आजाद उम्मीदवार सीमा 110 वोट, वार्ड नंबर 16 से बीजेपी उम्मीदवार सुदर्शन कांसल 340 वोट, वार्ड नंबर 17 से बीजेपी की रेखा देवी 300 वोट, वार्ड नंबर 18 से आजाद उम्मीदवार सीमा देवी 233 वोट, वार्ड नंबर 19 से बीजेपी की मनिंदर कौर 280 वोट और वार्ड नंबर 20 से बीजेपी के गुल्शन ठाकुर ने 90 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। नगर परिषद कालका के वार्ड नंबर 21 से आजाद उम्मीदवार गीता देवी 511 वोट, वार्ड नंबर 22 से आजाद उम्मीदवार कुलविंदर कौर 519 वोट, वार्ड नंबर 23 से बीजेपी के पवन कुमार 301 वोट, वार्ड नंबर 24 से आजाद उम्मीदवार सुनील कुमार 505 वोट, वार्ड नंबर 25 से आजाद उम्मीदवार रवि चैधरी (हैपी) 193 वोट, वार्ड नंबर 26 से आजाद उम्मीदवार कपिल घई 61 वोट, वार्ड नंबर 27 से बीजेपी के कपिल गौड़ 188 वोट, वार्ड नंबर 28 से आजाद उम्मीदवार कृष्ण लाल 320 वोट, वार्ड नंबर 29 से बीजेपी की नेहा बुडाकोटी 308 वोट, वार्ड नंबर 30 से बीजेपी की शालू 225 वोट और वार्ड नंबर 31 से आजाद उम्मीदवार उजाला बख्शी 1359 वोटों से विजयी रही।

# यजत आचार्य को क्यूब प्रतियोगिता में एक्सीलेंस गोल्ड मेडल अवार्ड

मोतिहारी, प्रात: किरण संवाददाता



क्यूब फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में लखनऊ में अंतराष्ट्रीय क्यूब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष श्रीवास्तव के सुपुत्र वर्ग 09 के छात्र यजत आचार्य श्रीवास्तव ने सहभागिता की। इस अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में यजत को एक्सीलेंस गोल्ड मेडल अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

यजत आचार्य इसके पहले नासा द्वारा आयोजित कोर्सों में अपना झंडा बुलंद कर चुके है। यजत की प्रारम्भिक शिक्षा शांतिनिकेतन एव डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल मोतिहारी से हुई। यजत की यह उपलब्धि समाज के सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणाश्रोत है। यजत का मानना है कि वर्तमान में विद्यार्थी अपने समय को वीडियो गेम जैसे असृजनशील खेलों में बर्बाद करते है, बावजूद इसके की अपना कीमती समय सृजनशील खेलों में उपयोगी बनाते हुए अपना, परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन कर सकते है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आनंद प्रकाश कुलसचिव, सचिदानंद सिन्हा, समस्त परिसर निदेशक वरिष्ठ शिक्षकों, सहायक आचार्यों एव कर्मचारियों द्वारा बधाई एव आशीर्वाद प्रदान किया गया। कुलपति महोदय ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। यजत अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, मामा-मामी एव समस्त शिक्षकों को दिए। उन्होंने निकट भविष्य में ऐसे कई अंतराष्ट्रीय खिताब अपने नाम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग में खुशी का माहौल रहा।

# पूर्व विधायक नगेंद्र ने किया डबुआ कालोनी में बने बूस्टर का निरीक्षण

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अब काफी हद तक पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी। सेक्टर-50 डबुआ कालोनी में सूर्य नारायण मंदिर के पास बने बूस्टर पर लगने वाले बिजली मीटर की सिक्योरिटी की 28 लाख रूपए की राशि का डिमांड नोटिस एडमिनिस्ट्रेटिव मंजूरी मिल चुकी है। दो से तीन दिन के अंदर बिजली बोर्ड को इसका भुगतान हो जाएगा तथा एक सप्ताह के अंदर बिजली से संबंधित काम मीटर व ट्रांसफार्मर आदि कार्य पूरे हो जाएंगे और बूस्टर शुरू हो जाएगा। बुधवार को एनआईटी क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने आज उक्त बूस्टर का निरीक्षण किया और वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। पूर्व विधायक श्री भड़ाना ने वहां मौजूद लोगों को बताया कि इस बूस्टर को लगाने से क्षेत्र के लोगों की पानी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और इस बूस्टर के जल्द शुरू होने का रास्ता अब पूरी तरह से साफ हो गया है। उन्होंने बताया कि इस बूस्टर के शुरू होने से क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली डबुआ कॉलोनी, डबुआ गांव, उत्तम नगर(गाजीपुर कॉलोनी), ऊडिया कॉलोनी, गाजीपुर गांव, नंगला गांव, नंगला पार्ट 1 और नंगला पार्ट 2 सहित आसपास की कई कॉलोनियों और कई गांवों को फायदा होगा और लोगों को पानी मिलेगा। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के प्रयासों से फरीदाबाद सहित एनआईटी क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो रहा है और पिछले दिनों जो समस्याएं उन्होंने मंत्री जी के समक्ष रखी थी, उन पर काम शुरू होने लगा है और जल्द ही क्षेत्र में सभी विकास कार्य पूरे करवा दिए जाएंगे। इस मौके पर उनके साथ वार्ड नंबर 10 के पार्षद मनवीर भड़ाना, वार्ड नंबर 10 के जेई संदीप तलवार, समाजसेवी मुकेश त्यागी, पारसनाथ व्यास, जयवीर नागर,फक्कड़, शिवकुमार त्यागी, रणबीर भाटी, हरिसिंह त्यागी, सुरेश नागर, रमेश प्रधान, ऊसमान खान, श्याम बिहारी,भोपाल खटाना, वीरेंद्र राठौर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व मुखिया के घर से चोरों ने करीब लाखों रुपये के माल चुराया

**सुगौली।** अज्ञात चोरों ने नगर के वार्ड आठ स्थित पूर्व मुखिया के घर में घुस आलमीरा व अन्य को तोड़ करीब पांच लाख रुपये की चोरी की घटना को दिया अंजाम। घटना के वक्त उत्तरी छपराबहास की पूर्व मुखिया पूनम देवी व घर के अन्य सभी सदस्य छत पर बने घरों में सोए थे। सुबह जगने पर घर मे हुयी बड़ी चोरी की घटना देख सभी सन्न रह गए। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी की घटना का जायजा लिया। इस बाबत पूर्व मुखिया पूनम देवी के पति विनोद ठाकुर ने बताया कि रात को खाना खाकर हम सभी बगल के कमरे व छत पर बने घरों में सोने चले गए। इस दौरान करीब साढ़े ग्यारह बजे के बाद ही चोरों ने मुख्य द्वार पर लगे ताले को काटकर अंदर घुस चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने लोहे के अलमारी के लॉक को तोड़कर उसमें रखा सोने के आभूषण सहित दो मोबाईल व अन्य सामानों की चोरी कर ली। बेड में बने कई बॉक्स को भी तोड़ कर रखे हमेशा पहनने वाले कई छोटे छोटे आभूषणों की भी चोरी कर ली है।

# शोरूम से कपड़े चोरी कर बेचने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निदेर्शों पर कार्रवाई करते हुए कपड़े के शोरूम से कपड़े चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेंटर प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सचिन बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है।

बल्लभगढ़ की सांवरिया मार्केट में कपड़ों के शोरूम पर आरोपी पिछले 8 10 साल से नौकरी करता था। आरोपी सुबह जल्दी आ कर दुकान खोलता था। आरोपी सुबह शोरूम की लाइट बंद कर शोरूम से कपड़े निकाल कर बेच देता था। शोरूम मालिक ने जिसकी शिकायत थाना सिटी बल्लभगढ़ में दी थी। सूचना पर थाना सिटी बल्लभगढ़ में चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी पिछले कई दिनों से कुछ शोरूम पर बीमारी का बहाना बनाकर आने से बंद हो गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी से कपड़े बेचने के पैसों में से ₹250000/- लाख रुपए नगद बरामद कर लिए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने पैसे की लालच में आकर शोरूम से कपड़े निकाल कर दुकानों पर बेच दिए थे। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## सेंट एंथनी स्कूल के कैडेट ने योग दिवस मनाया बड़े जोश से

**फरीदाबाद** । सेंट एंथनी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे जोश से विद्यालय के प्रांगण में मनाया। 5 हरियाणा एनसीसी गुरुग्राम के अंतर्गत आने वाले विध्यालय मैं अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को अयोजित किया गया। यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जसवीर कादयान के दिशा निर्देश में कैडेटों ने विद्यालय के प्रांगण में योग दिवस मना कर लोगों को योग के प्रति जागरूक कियाा। एनसीसी के कैडेट स्वस्थ चुस्त और दुरुस्त रहने के लिए जाने जाते हैंलइसमें योग का बहुत ही बड़ा योगदान है। योग ना केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनाता है। एक घंटे का योग कार्यक्रम प्रात छः से सात बजे तक किया गया जिसका संचालन योग शिक्षक श्री रोहित ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सूर्य नमस्कार आसन से की गई। कि स्वयं में संपूर्ण योगासन है उसके बाद कैडेट्स ने खड़े होने वाले आसन जैसे त्रिकोणासन, ताड़ासन ,वृक्षासन आदि किये। लेटने वाले आसनों में ,चक्रासन ,हलासन,धनुआसन आदि किए गए । कार्यक्रम के अंत में प्राणायाम आसन जैसे अनुलोम विलोम, भ्रामरी ,भ्रस्तिका आदि किए।

# सोहना के वार्ड नंबर 16 से हरीश नंदा तीसरी बार बने पार्षद

सोहना, प्रात: किरण संवाददाता



● वार्ड वासियों की हुई है जीत,बचे हुए विकास कार्य होंगे पूरे: नंदा

सोहना वार्ड नंबर 16 से जनप्रिय नेता भाई हरीश नंदा एक बार फिर तीसरी बार पार्षद नगर परिषद में पहुंचे जहां जीत दर्ज करने पर उन्होंने चुनाव कार्यालय से रिटर्निंग ऑफिसर से सर्टिफिकेट लिया और कहा कि यह जीत वार्ड वासियों की है व्यक्तिगत नहीं। जीत का सेहरा वार्ड वासियों को जाता है ।

उन्होंने कहा कि वार्ड में बचे हुए विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर निपटाए जाएंगे। बताया कि इससे पूर्व उनकी पत्नी कमलेश नंदा वार्ड पार्षद रही। जिन्होंने उडश्क्कऌ कॉल में बढ़-चढ़कर गरीबों की सेवा की। सूखा राशन वितरित किया, वार्ड में बिजली ,पानी, सीवर जैसी अहम मुद्दों व समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाया इससे पूर्व 2009 से 2013 तक वह स्वयं पार्षद रहे और एक बार फिर वार्ड से जनता की आवाज पर किस्मत आजमाई और तीसरी बार 200 मतों से विपक्षी उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बचे हुए वार्ड के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपट जाएगा इस मौके पर पदम राघव, राजेश राघव, व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, बबलू राघव, जगत सिंह, लोकेश शर्मा, महेश शर्मा, सचिन मल्होत्रा, चिंकी, मोहित खट्टर, शैंकी, हेमंत नंदा,जीतू छोकर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे और विजय जुलूस के रूप में अपने आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने सभी वार्ड वासियों का आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

# तावडू में सीवर लाईन के लिए तोडी गई गली नहीं की गई सही

तावडू, प्रात: किरण संवाददाता



शहर के वार्ड नंबर 14 में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा डाली जा रही सीवर लाइन का कार्य पिछले एक माह से रूका हुआ है। जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्कूली बच्चों की छुट्टियां होने के कारण बच्चों का घर से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। बच्चे व बुजुर्ग घरों में ही दुबके रहते हैं, क्योंकि बाहर निकलने पर उन्हें चोटिल होने की आशंका बनी रहती है। गली टूटी होने के कारण कई बच्चे चोटिल भी हो चुके हैं। वार्डवासियों ने बताया कि इस संबंध में वह कई बार संबंधित विभाग से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन आश्वासन के अलावा अभी तक कुछ नहीं हो पाया है। वार्डवासी अनील हंसीजा, सचिन मक्कड़, नमन साई, अंकित मक्कड़, कालू धीगंडा, नरेश कुमार आदि ने बताया कि संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते वार्डवासी भारी परेशानी झेल रहे हैं। वार्डवासी बताते है कि स्कूलों की छुट्टियां है और बच्चे आए दिन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। वार्डवासियों ने चेतावनी दी कि जल्द समस्या का समाधान न हुआ तो मजबूरन उन्हें आंदोलन का रूख अपनाना पड़ेगा। वार्डवासी बताते है कि जनस्वास्थ्य विभाग के ठेकेदार की लापरवाही के चलते लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस बारे में संबंधित विभाग के एसडीओ आबिद हुसैन ने आश्वासन दिया कि जल्द कार्य शुरू करा समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## प्रदेश को नशामुक्त बनाना है तो प्रदेश में सरकार को शराब बंदी करनी पड़ेगी लागू : अरुण

**गुरुग्राम** । प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने योग दिवस परगत दिवस प्रदेश के युवाओं से आग्रह किया है कि वे नशे की प्रवृति से दूर रहें ताकि स्वस्थ रहकर देश व प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें और वहीं दूसरी ओर प्रदेश में कदम-कदम पर शराब बिक्री की दुकानें खोली जा रही हैं तथा शराब के कारोबार को बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में युवा वर्ग नशे से कैसे दूर रह सकता है। सरकार को प्रदेश में शराबबंदी लागू कर देनी चाहिए, तभी युवा वर्ग नशे से दूर सकता है। यह मांग सामाजिक संस्था भगवान श्री परशुराम सेवादल के अध्यक्ष पंडित अरुण शर्मा एडवोकेट ने मुख्यमंत्री से की है। उनका कहना है कि प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार भी खूब फल-फूलरहा है। घर बैठे नशीले पदार्थ आसानी से लोगों को मिल जाते हैं, ऐसा कहा जाता है। उनका कहना है कि प्रदेश में शराब की दुकानें 24 घंटे खुली रहती हैं और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोग शराब का सेवन करते दिखाई देते हैं।

# ब्लड बैंक नलहड में लगा रक्तदान शिविर

तावडू, प्रात: किरण संवाददाता

एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे पिछले कई वर्षो से कुपोषण और एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए काम कर रही है। संस्था के संज्ञान में आया कि बहुत से बच्चों में खून की कमी होती और उनको सही समय पर रक्त न मिलने पर वह मृत्यु के शिकार हो जाते हैं। जिसके चलते बुधवार को शहीद हसन खां मेडीकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया।

इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर स्लेस कुमार मिश्रा ने बताया कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का काम होता है। रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। सभी को बढ़. चढकर इस पुण्य कार्य में हिस्सा लेना चाहिए। 18 से 6० वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्ति जिनका वजन 45 किलो से ऊपर होता है वो रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी नहीं आती और उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान को महादान इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसका कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर एस आर एफ फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी गुणानिधी मलिक ने बताया कि मेवात के लोग जागरूक नही है, जागरूकता लाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया की ब्लड बैंक नलहर में ब्लड की कमी के कारण बाहर दूर दराज से बल्ड लाया जाता है।

जिससे समय पर बीमार व्यक्ति को बल्ड ना मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है इसलिए समय समय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिससे लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है जिसमे आज 25 से 3० लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया।

# फरीदाबाद: नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार पर निगमायुक्त यशपाल यादव मौन क्यों? : सुमित

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



● भ्रष्टाचार पर निगमायुक्त की चुप्पी मजबूरी या संलिप्तता

नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ ने निगमायुक्त यशपाल यादव सहित भाजपाईयों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को सेक्टर-10 स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता सुमित गौड़ ने कहा कि जो अधिकारी कभी कांग्रेस सरकार में अपने कार्य के लिए पूरे हरियाणा में विख्यात था, वही अधिकारी भाजपा सरकार में निगमायुक्त जैसे पद पर आसीन होने के बावजूद निगम में फैले भ्रष्टाचार को लेकर बेबस है। उन्होंने कहा कि इसे निगमायुक्त की मजबूती या संलिप्ता कही जा सकती है क्योंकि मजबूरी इसलिए कही उनको भाजपा विधायकों या मंत्रियों का दबाव है या फिर भ्रष्टाचार में उनकी संलिप्तता हो? हालांकि उनके कार्यकाल को देखकर इसकी संभावनाएं कम ही है। श्री गौड़ ने कहा कि नगर निगम में आज भ्रष्टाचार इस कद्र हावी हो चुका है कि प्रापर्टी आईडी, लाईसेंस बनवाने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सीवर-पानी के कनेक्शन या एनओसी लेने के लिए बिना रिश्वत दिए कोई काम नहीं होता, हर काम के रेट निर्धारित किए हुए है, बिना पैसे लिए कर्मचारी किसी भी फाईल को छूते तक नहीं है। उन्होंने निगमायुक्त को चेताते हुए कहा कि वह स्वयं एक आम आदमी बनकर निगम में किसी भी विंडो पर काम करवाने के लिए चले जाए, अधिकारी व कर्मचारी उनसे बिना रिश्वत लिए काम नहीं करेंगे, इससे साबित होता है कि भाजपा सरकार के 8 सालों में भ्रष्टाचार निरंतर बढ़ा है, इस सरकार ने केवल लोगों को जातिगत आधार पर बांटने का काम किया है, स्मार्ट सिटी फरीदाबाद अब भ्रष्टाचार सिटी बनकर रह गई है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ ने उदाहरण देते हुए कहा कि नगर निगम में तैनात पूर्व इंस्पेक्टर हिम्मत खान की पत्नी शाईमन के आप्रेशन की 4.50 लाख रूपए की राशि के क्लेम को पास करवाने के लिए उनके पुत्र आरिफ से भी निगम अधिकारियों ने रिश्वत की मांग कर दी, लेकिन जब उन्होंने इस मामले में हस्तक्षेप किया तो बिना रिश्वत के आरिफ की मांग के क्लेम को पास किया गया। इतना ही नहीं बल्कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी नगर निगम में तैनात कर्मचारी 10-10 हजार रूपए तक रिश्वत ले रहे है, मानो निगम कर्मचारियों में इंसानियत नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। सुमित गौड़ ने कहा कि नहरपार, ओल्ड फरीदाबाद, बडखल, एनआईटी क्षेत्रों में अनेकोंनेक अवैध निर्माण निगम अधिकारियों की सांठगांठ से हो रहे है, लेकिन जहां से निगम अधिकारियों को सुविधा शुल्क मिल जाता है, उन पर वह आंखें मूंद लेते है, जबकि अन्य को अवैध करार देकर गिरा देते है। सुमित गौड़ ने प्रशासन व सरकार को चेताते हुए कहा कि नगर निगम व अन्य सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ तो जुलाई 2022 से वह बारी-बारी सभी विभागों कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर लोगों की सुनवाई करेंगे और भ्रष्टाचार का विरोध करेंगे। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वह भ्रष्टाचार को खात्मे के लिए उनके द्वारा शुरू किए जा रहे जनांदोलन में उनका सहयोग करें और भ्रष्ट अधिकारियों की जानकारी उन्हें दें ताकि उनका चेहरा बेनकाब किया जा सके।

# अधिकारी के बेबाक बातों से प्रभावित होकर प्रदर्शनकारी प्रदर्शन छोड़ चले गये घर

घोड़ासहन, प्रात: किरण संवाददाता



● शोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो हो रहा वायरल

अग्निपथ योजना को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर उपद्रव मामले किये जाने के मामले में एक अधिकारी प्रदर्शनकारियों को शांत करने का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, ये अधिकारी हैं घोड़ासहन अंचल के सीओ शिवशंकर गुप्ता। इन्होंने घोड़ासहन शहर में प्रदर्शन के दौरान हो रहे उपद्रव में ही प्रदर्शनकरियो के बीच पहुँच अपनी बातों को शालीनता से इस अंदाज में छात्रों के समक्ष रख उनका गुस्सा ही खत्म कर दिया।

इतना ही नही सभी छात्रों को समझा बुझा कर घर भेज दिया। जिनका वीडियो लगातार शोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रहा है, जहां ईस प्रदर्शन के दौरान जिला पुलिस बल, रेलवे के अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी के अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझाने में बिफल रहे वही सीओ शिव शंकर गुप्ता ने अपनी हिम्मत दिखाते हुए उपद्रव के बीच जाकर अपने बेबाक अंदाज से छात्रों के गुस्से को छूमंतर कर दिया, जिसकी सराहना क्षेत्र में चारों तरफ से चल रही है। स्थानीय प्रबुद्ध लोगो का कहना है कि सीओ साहेब का देन माना जाए कि शहर में एवं रेलवे स्टेशन पर किसी बड़ी घटना को प्रदर्शनकारियों ने अंजाम नहीं दिया। नही तो शहर की एस्थिति बिगड़ सकती थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों छात्रों से बेहतर समन्वय स्थापित कर अपनी बातों से सभी छात्रों का दिल जीत लिया तथा हंगामे को शांत करवाया दिया। मामले को लेकर सिकरहना एसडीओ इफ्तेखार अहमद ने भी सीओ शिव शंकर गुप्ता की तारीफ करते हुए बताया कि प्रदर्शन के दौरान उन्होंने बेहतर तालमेल स्थापित कर घोड़ासहन में किसी बड़ी घटना होने से बचा लिया। इसके लिए बधाई के पात्र है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 23 जून, 2022



## संक्षिप्त खबरें

### एनडीएमसी सदस्य ने केजरीवाल की सीट रिक्त घोषित करने का प्रस्ताव पेश किया

नई दिल्ली। एनडीएमसी सदस्य कुलजीत चहल ने बिना अनुमति के लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने का हवाला देते हुए नईदिल्ली नगरपालिका परिषद में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीट को रिक्त घोषित करने को लेकर बुधवार को प्रस्ताव पेश किया। नगर निकाय की परिषद की बैठक के दौरान यह प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव के मुताबिक, नईदिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अधिनियम के अनुसार, यदि लगातार तीन महीनों के दौरान, कोई सदस्य बिना पूर्व अनुमति के सभी बैठकों से अनुपस्थित रहता है, तो परिषद केंद्र सरकार को सिफारिश कर सकती है कि ऐसे सदस्य की सीट रिक्त घोषित की जाए। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक होने के कारण केजरीवाल नईदिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य हैं। प्रस्ताव में दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक परिषद की बैठकों में केजरीवाल की अनुपस्थिति का हवाला दिया गया। इसमें कहा गया, परिषद केंद्र सरकार को सिफारिश कर सकती है कि एनडीएमसी अधिनियम, 1994 में निहित प्रावधानों के अनुसार आगे आवश्यक कार्रवाई शुरू करने की सिफारिश के साथ परिषद के सदस्य के रूप में श्री अरविंद केजरीवाल की सीट को रिक्त घोषित किया जा सकता है। चहल के अनुसार इस मुद्दे पर परिषद की अगली बैठक में चर्चा की जाएगी।

### गश्त के दौरान घोषित बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। पालम थाना पुलिस ने वसंत कुंज थाने के घोषित बदमाश सोनू शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 21 जून को पालम गांव थाना के पुलिसकर्मी गश्त कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी स्कूटी से वहां पर पहुंचा। पुलिसकर्मी ने उसे रोककर पूछताछ की तो आरोपी स्कूटी के दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### झपटमार के पास से चोरी के चार मोबाइल बरामद

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस की एंटी स्नैचिंग सेल ने एक झपटमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी 28 वर्षीय आदिल को महावीर एन्क्लेव स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से चार मोबाइल बरामद हुए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस चार मामले सुलझाने का दावा कर रही है।

### झगड़े में युवक पर चाकू से हमला किया

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद में झगड़े के दौरान चार युवकों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल 30 वर्षीय फुरकान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित फुरकान परिवार के साथ जाफराबाद के मौजपुर स्थित बजरंग बली गली में रहता है। रात करीब 9 बजे वह गली में टहल रहा था। तभी चार युवकों से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। इस पर युवकों ने उसके चेहरे, गर्दन और सिर में कई बार चाकू से हमला किया। वह खून से लथपथ बेहोश होकर जमीन पर गिर गया और आरोपी मौके से फरार हो गए।

# उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न एजेंसी के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**जानकारी**

- दिल्ली में वर्षा जल को सहेजने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही केजरीवाल सरकार
- रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स जैसे अनूठे उपाय भूजल स्तर को बढ़ाने से साथ-साथ दिल्ली को पानी के लिए आत्मनिर्भर बनाने में भी मददगार साबित होंगे: मनीष सिसोदिया

दिल्ली में बरसात के पानी को सहेजकर रखने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इस साल की बारिश में पूरी दिल्ली में बारिश के पानी को इकट्ठा करने के लिए 1500 से अधिक नए अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स बनाए जा रहे है जो 15 जुलाई से पहले बनकर तैयार हो जाएंगे।

इस बाबत उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् (एनडीएमसी), उत्तरखंड के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व नए बनाए जा रहे रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि वर्षा जल एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है और दिल्ली जैसे शहर के लिए इसे सहेजकर रखना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हम पानी के लिए अपने पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। हम ग्राउंड वाटर को रिचार्ज कर भूजल स्तर बढ़ाना चाहते हैं, ताकि बाद में उसका इस्तेमाल किया जा सके और पानी के मामले में दिल्ली आत्मनिर्भर बन सके। इसलिए पूरी दिल्ली में विभिन्न नोडल एजेंसीज साथ मिलकर 1548 नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स बना रही है, जिसके बाद इनकी संख्या बढ़कर 2475 हो जाएँगी। उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को व्यर्थ बहने देने से रोककर इन पिट्स को भरने का काम किया जाएगा जिसकी मदद से हम ग्राउंड वाटर रिचार्ज कर पाएंगे और बरसात में व्यर्थ बहने वाले लाखों लीटर पानी को स्टोर कर पाएंगे। उन्होंने सभी नोडल एजेंसीज को रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स बनाने के काम को तेजी से पूरा करने की बात कही ताकि मानसून के दौरान इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सकें।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार दिल्ली को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है। इस बाबत पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वैन से मुलाकात की थी और डेनमार्क के वर्षा जल संरक्षण मॉडल को समझा था।

इस दौरान फ्रेडी स्वैन ने बताया था कि कैसे वर्षा जल को संरक्षित कर डेनमार्क ने स्वयं को पानी के लिए आत्मनिर्भर बनाया है। सरकार डेनमार्क के उन मॉडलों को दिल्ली में भी अपनाने का विचार कर रही है। कैसे काम करता है रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स की कार्यप्रणाली बहुत सामान्य होती है जिसमें जमीन पर सोखता गड्ढे बनाए जाते है। बरसात के दौरान बारिश के पानी को इन गड्ढों के माध्यम से एकत्र किया जाता है और यह पानी जमीन के अंदर जाता है जिससे भूजल का स्तर बढ़ता है। जिस तेजी से भूजल स्तर कम होता जा रहा है, उसे देखते हुए वर्तमान में जल संरक्षण के ऐसे उपाय बेहद महत्वपूर्ण हो चुके है।

# कोविड-19 : अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या मामूली रूप से बढ़ी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के मामले बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में भर्ती होने वाले संक्रमितों की संख्या में मामूली इजाफा हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि जो मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं, उनमें से ज्यादातर मरीज पहले से किसी और बीमारी से पीड़ित हैं।

दिल्ली सरकार के कोरोना ऐप के मुताबिक, कोविड के मरीजों के लिए आरक्षित 9491 बिस्तरों में से सिर्फ 263 (2.77 प्रतिशत) पर ही संक्रमित भर्ती हैं जबकि वेंटिलेटर वाले 1,178 आईसीयू बिस्तरों में से 24 पर मरीज भर्ती हैं। 15 जून को 182 (1.9 प्रतिशत) मरीज अस्पतालों में भर्ती थे जबकि आठ जून को यह संख्या 85 (0.88 फीसदी) थी। एक पखवाड़े में, अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या दो गुना से अधिक बढ़ गई है। होली फैमिली हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ सुमित रे ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, संक्रमण हर ओर है। अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है जबकि आईसीयू रोगियों की संख्या स्थिर बनी हुई है। हमारे यहां दो मरीज वेंटिलेटर पर हैं। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है लेकिन सिर्फ एक मरीज को ऑक्सीजन की जरूरत है जबकि दूसरा वेंटिलेटर पर है और उसे पहले से ही दूसरी गंभीर बीमारी है।

डॉ रे से सहमति व्यक्त करते हुए गुरुतेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल के मेडिकल निदेशक डॉ सुभाष गिरी ने कहा कि बुखार क्लिनिक में कोविड-19 के संदिग्ध रोगियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है और राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण दर में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा, दो हफ्ते पहले, कोविड वार्ड में कुल दो मरीज थे और वे भी संयोग से थे, क्योंकि उन्हें कोई और बीमारी थी और जांच में उनके कोविड से संक्रमित होने का पता चला। फिलहाल, हमारे अस्पताल में करीब 14 मरीज हैं। डॉ गिरी ने कहा कि दो मरीजों को छोड़कर अन्य रोगी किसी और बीमारी की वजह से भर्ती हुए थे और उनमें कोरोना वायरस के संक्रमण का बाद में पता चला। उन्होंने कहा, कुछ को गंभीर संक्रमण है और चंद मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

# जांच से क्यों घबरा रहें हैं सिसोदिया : मनोज तिवारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है की यह दुर्भाग्यपूर्ण है की उप मुख्य मंत्री मनीष सिसोदिया अस्थाई अस्पतालों के निर्माण के मामले में अपनी सरकार के भ्रष्टाचार को छुपाने के लियें ओछी पत्र बाजी कर रहे हैं जबकि न्यायलय भी इसकी जांच के आदेश किये हैं। यह दुखद है की जनता एवं न्यायालय की जांच का जवाब देने के मनीष सिसोदिया लोगों को भ्रमित करने में लगे हैं।

मामले की जांच के आदेश न्यायालय ने किये हैं और सिसोदिया उपराज्यपाल को पत्र लिख भ्रमित कर रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा है की हमने अस्थाई अस्पताल निर्माण पर जो आरोप लगाये हैं वह तथ्यों पर आधारित हैं, हमें लगता सिसोदिया इनका जवाब देते हुऐ कुछ वैकल्पिक तथ्यों के आधार पर बात करेंगे पर वह केवल झूठ एवं भ्रम फैलाने दिखे। मनोज कहते हैं सिसोदिया ने कहा की उन्होने मुझ पर मानहानि का केस किया पर यह छुपा गये की माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने उस केस पर रोक लगा दी है। इसके कारण उन पर न्यायालय की मानहानि का मामला बन सकता है।

सांसद तिवारी ने कहा अरविंद केजरीवाल विडिओ क्लिप के आधार पर भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई की बात करते थे पर आज सिसोदिया कानूनी दाव पेंच खेल जांच से बचना चाहते हैं। श्री तिवारी नें कहा हम उप मुख्यमंत्री से जानना चाहते हैं अस्थाई अस्पतालों के निर्माण के लियें अवंटित रूपए 1256 करोड़ का क्या हुआ।

### विदेशी कंपनी में निवेश के बहाने साढ़े छह लाख रुपये ठगे

नई दिल्ली। शाहदरा के कृष्णा नगर में रहने वाले एक व्यक्ति से विदेशी कंपनी में निवेश करने पर ज्यादा फायदे का झांसा देकर छह लाख रुपये ठग लिए। उन्होंने कंपनी के ऐप पर पूरी जानकारी ली। बाद में उन्हें पता चला कि ठगी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को शाहदरा साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित 46 वर्षीय लवकुश परिवार के साथ कृष्णा नगर इलाके में रहते हैं। लवकुश के अनुसार पिछले साल अक्तूबर में उन्हें पता चला कि मलेशिया की एक कंपनी में निवेश करने पर ज्यादा फायदा मिल रहा है। उन्होंने उस कंपनी के कर्मचारियों से संपर्क किया। कंपनी के सीईओ विवियान ली ने बताया कि हमारी कंपनी सोना, चांदी, लोहा, प्लास्टिक के स्टॉक्स में डील करती है। उसने कंपनी के एप पर आठ स्तर पर निवेश करने की जानकारी दी। जिसकी शुरूआत पांच हजार रुपये से लेकर पांच करोड़ रुपये तक थी। लवकुश ने कंपनी में करीब एक हजार रुपये निवेश किए तो उन्हें फायदा मिला।

# आम आदमी पार्टी और भाजपा शराब व पैसा बांटकर मतदाताओं से वोट खरीद रही: कांग्रेस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

**मतदान**

- स्थानीय कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता दशघरा गांव के बूथ पर मतदान करेंगी

उपचुनाव से एक दिन पूर्व काँग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता ने मतदाताओं से अपील की कि राजेन्द्र नगर विधानसभा के विकास, मूलभूत सुविधाओं और जल आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के समर्थन में वोट दें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था और अवसर प्रदान करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव आयोग का धन्यवाद किया। प्रेमलता ने चुनाव दिन के अपने कार्यक्रम के बारे में बताया कि वो खुद दसघरा गाँव के बूथ पर वोट डालेंगी, क्योंकि स्थानीय उम्मीदवार होने के चलते में वहां की मतदाता हूँ, जबकि कुछ ऐसे भी प्रत्याशी मैदान में है जो बाहरी है। उन्होंने बताया कि मतदान करने के पश्चात वो विधानसभा इलाकों में जाकर वहाँ के बूथों पर हो रही पोलिंग का जायजा लेंगी। प्रेमलता ने आम आदमी पार्टी तथा भाजपा पर वोट के बदले शराब, पैसे बाँटने का आरोप लगाते लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पिछले दिनों बड़े पैमाने पर शराब की बारामदगी हुई थी और चुनाव प्रचार खत्म होने बाद भी आम आदमी पार्टी और भाजपा द्वारा बड़े पैमाने पर शराब तथा पैसे बाँटे जाने की सूचना मिल रही है। चुनाव आयोग को इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मतदान से ठीक पूर्व संध्या पर भाजपा तथा केजरीवाल की पार्टियां बड़े पैमाने पर शराब बाँट सकते है, उन्हें यह भी सूचना मिली है।

प्रेमलता ने कहा कि केजरीवाल की दिल्ली सरकार की नई शराब नीति का असर उपचुनाव पर सीधा नजर आ रहा है, पहले की तुलना में मादक पदार्थ का चुनाव में वोटरों को रिझाने के लिए अधिक प्रयोग बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र नगर विधानसभा की जनता भाजपा और आम आदमी पार्टी द्वारा क्षेत्र की अनदेखी लम्बे समय से परेशान है जिन्हांने क्षेत्र और क्षेत्रवासियों के विकास और सुविधाओं के लिए अपने समय में कुछ नही किया। श्रीमती प्रेमलता ने विश्वासपूर्वक बताया कि प्रचार के दौरान मतदाताओं के साथ जनसम्पर्क में यह सामने आया है कि राजेन्द्र नगर विधानसभा कांग्रेस के हिस्से में जा रही है।

प्रेमलता ने चुनाव के लिए की गई कॉग्रेस पार्टी की तैयारी के बारे में बताते हुए कहा कि काँग्रेस कार्यकताओं को हर बूथ पर बूथ एजेंट के रूप में बैठाया गया है ताकि उपचुनाव में कांग्रेस की ओर से देखरेख कर सके। उपचुनाव के लिए पोलिंग सामग्री सभी कार्यकताओं को बांट दी गई है। उन्होंने कहा कि पर्चे के माध्यम से अधिकांश वोटरों को काँग्रेस पार्टी ने मतदाताओं के बूथ व वोटर लिस्ट में सीरियल नंबर की जानकारी पहले ही भिजवा चुके है ताकि मतदाता कम समय में वोट देकर पुनः अपने काम पर लौट सकें।

### दिलशाद गार्डन में पौधारोपण अभियान

नई दिल्ली। महर्षि योग शिक्षा संस्था, के द्वारा दिलशाद गार्डेन के नर्सरी पार्क में योग दिवस के कार्य क्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के द्वारा योगाभ्यास के अलावा योगाचार्य रमेश चन्द सैनी का सम्मान भी किया गया। रमेश सैनी ने योगाभ्यास के सम्बन्ध अपने अनुभव का सम्बोधन भी किया। इस अवसर संस्था ने पौधारोपण भी किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष वीर सिंह धिंगान ने कहा की हमे योग के साथ साथ प्रयावरण पर भी गम्भीरता पूर्वक संज्ञान लेने की नितान्त आवश्यक्ता है। इसीलिए संस्था द्वारा हर कार्यक्रम पर पौधारोपण जरूर कराया जाता है। धिंगान ने कहा की जैसे मनुष्य के लिए भोजन आवश्यक है उससे ज्यादा मनुष्य को योगाभ्यास व वृक्ष लगाने की अवशयक्ता है। धिंगान ने कहा की सुख समृद्धि व स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है। कार्य में संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद गुप्ता, सत्यदेव शर्मा, मो0 गनी, योगेश्वर, एम एन शर्मा, बिजली राम, सुमन चौहान, शान्ती देवी, रीना देवी, श्यामा बहन, प्रिया, आदेश वर, रोशनी देवी, नरेश सिर्शवाल, अशोक कुमार, एस के सकसैना, रामसिध राम, विनोद चौहान, सहित संस्था के सदस्यों के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात के आदेश

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात कराने में मदद करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही संबंधित थाना प्रभारी को कहा कि पीड़िता का गर्भपात कराने के बाद, डीएनए जांच के लिए नमूने संरक्षित किए जाएं। जस्टिस जसमीत सिंह ने नाबालिग की ओर से दाखिल याचिका पर यह आदेश दिया है। याचिका में नाबालिग ने आरोपी को गिरफ्तार करने और गर्भपात की इच्छा जाहिर की थी। पीड़िता के वकील ने न्यायालय से कहा कि उनकी मुवक्किल गर्भपात कराना चाहती है, लेकिन पुलिस मदद नहीं कर रही। इसके बाद न्यायालय ने सुल्तानपुरी थाने के एसएचओ को पीड़िता को गर्भपात कराने में मदद करने का आदेश दिया। साथ ही थाना प्रभारी को भ्रूण का नमूना डीएनए जांच के लिए संरक्षित रखने का आदेश दिया। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 17 मई को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में कल से प्रोफेसर्स की नियुक्ति की प्रक्रिया होगी शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**जानकारी**

- अभ्यर्थी किसी तरह की जानकारी या साक्षात्कार संबंधी किसी भी पूछताछ के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर दिए गए ईमेल से संपर्क कर सकते हैं

दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी स्क्रीनिंग व स्कूटनी का काम शुरू हो रहा है। इस कड़ी में श्री गुरुतेग बहादुर खालसा कॉलेज ने सहायक प्रोफेसर के पदों की स्क्रीनिंग व स्कूटनी करने के बाद यहां शुक्रवार 24 जून से स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज देशबंधु कॉलेज, हंसराज कॉलेज, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज व दयालसिंह कॉलेज (सांध्य) में स्क्रीनिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा दो दर्जन कॉलेजों में स्कूटनी व स्क्रीनिंग का कार्य चल रहा है। शिक्षक संगठन दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (डीटीए) ने लंबे समय से कॉलेजों में खाली पड़े शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि पिछले लगभग एक दशक से इन कॉलेजों में एडहॉक टीचर्स काम कर रहे हैं इनके स्थायी होने पर शैक्षिक व शोध कार्यों में गुणवत्ता बढ़ेगी। दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि श्री गुरुतेग बहादुर खालसा कॉलेज ने कॉलेज वेबसाइट पर जिन अभ्यर्थियों को स्क्रीनिंग प्रक्रिया के तहत शॉर्ट लिस्ट किया गया है उनको साक्षात्कार की तिथि और समय ईमेल द्वारा भेज दिया गया है।

सबसे पहले गणित विभाग में सहायक प्रोफेसर के साक्षात्कार 24 जून से शुरू होकर 27 जून तक चलेंगे। अभ्यर्थी किसी तरह की जानकारी या साक्षात्कार संबंधी किसी भी पूछताछ के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर दिए गए ईमेल से संपर्क कर सकते हैं। इसके बाद कॉलेज के अन्य विभागों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहेगी। डॉ. सुमन ने बताया है कि डीयू के कॉलेजों में परमानेंट टीचर्स से ज्यादा एडहॉक टीचर्स काम कर रहे हैं। राजनीति के चलते वर्षों से सेवानिवृत्तियों के बावजूद स्थायी नियुक्तियां संभव नहीं हुई जिसके कारण एडहॉक शिक्षकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। डॉ. हंसराज सुमन ने माना है कि उच्च शिक्षा व्यवस्था को विश्व स्तरीय बनाने के केंद्र सरकार के अनेक प्रयासों के बावजूद दिल्ली विश्वविद्यालय अपने आंतरिक राजनीतिक कलह के कारण स्थायी नियुक्ति न करके एडहॉकइज्म को बरकरार रखा, जिसके कारण एक ओर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों में पांच हजार से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त शिक्षकों के भविष्य को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय द्वारा अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने से वंचित कर दिया जिसका खामियाजा विद्यार्थियों से लेकर शिक्षकों की कई पीढ़ियों तक भुगतना पड़ेगा। हालांकि देर आए दुरुस्त आए कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह की नेतृत्व में यदि इन स्थायी नियुक्तियों का कार्य सम्पन्न होता है तो विश्वविद्यालय खोई गरिमा को फिर से पा सकता है।

# श्याम जाजू ने शाहदरा जिला कार्यकारिणी में दिए संगठन को मजबूत करने के गुर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी शहादरा जिला की दो दिवसीय कार्यकारिणी का आयोजन किया गया। कार्यकारणी के प्रथम दिवस का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप मे भाजपा शहादरा जिला सह प्रभारी अरविंद गर्ग का उदबोधन सुनने को मिला। दूसरे दिन का भव्य आयोजन आई पैक्स भवन, आई.पी एक्सटेंशन में किया गया। कार्यकारणी में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, नेता विपक्ष दिल्ली विधानसभा राम वीर सिंह विधूड़ी, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन रमेश रतन, भारतीय जनता पार्टी शहादरा जिला अध्यक्ष राम किशोर शर्मा, भारतीय जनता पार्टी शहादरा जिला प्रभारी पंकज जैन जी, सह प्रभारी अरविंद गर्ग, विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम प्रकाश शर्मा का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओ को मिला। जिला अध्यक्ष राम किशोर शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओ को सिर्फ दायित्व लेकर बैठ नही जाना चाहिए बल्कि अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहन ईमानदारी से करना चाहिये। श्याम जाजू ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओ को संगठन को कैसे मजबूत किया जाये, संगठन की रीति नीति के विषय मे विस्तार से जानकारी दी। नेता विपक्ष राम वीर सिंह विधूड़ी ने केजरीवाल सरकार की नाकामियों को कार्यकर्ताओ को विस्तार से बताया। कार्यकारिणी में राजनीतिक प्रस्ताव पूर्व डिप्टी मेयर महेन्द्र आहूजा ने रखा और अनुमोदन जिला महामंत्री दीपक गाबा जी ने किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी जी को दिल्ली के विकास के लिए धन्यवाद किया गया एवम केजरीवाल सरकार की नाकामियों पर चर्चा करते हुए केजरीवाल सरकार की निंदा की गई। राजनैतिक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यकारणी में भाजपा शहादरा जिला के महामंत्री एवम कार्यकरणी संयोजक यशपाल कैंतुरा जी, अनिल शर्मा, प्रदेश मंत्री नीमा भगत, प्रदेश प्रवक्ता सारिका जैन, डॉ अनिल गोयल, गुरमीत सिंह, एवम भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्तिथ रहे।

**बेघर** भाजपा की डीडीए ने गैरकानूनी तरीके से उजाड़ी एससी-एसटी समुदाय के लोगों की कॉलोनी, 17 परिवार हुए बेघर

# कॉलोनी में 40 सालों से रह रहे थे लोग, बिना किसी नोटिस के थोड़े मकान: विशेष रवि

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**जवाब**

- डीडीए, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और कई अन्य संबंधित एजेंसियों से इस गैर कानूनी कार्रवाई पर 3 दिनों के भीतर जवाब की मांग करता हूं: विशेष रवि

'आप' विधायक विशेष रवि ने कहा कि भाजपा की डीडीए ने गैरकानूनी तरीके से 40 साल पुरानी एससी-एसटी समुदाय के लोगों की कॉलोनी को उजाड़ दिया। लगभग 17 परिवार बेघर हो गए। डीडीए ने बिना किसी नोटिस के मकानों को तोड़ा।

जबकि केंद्र और राज्य सरकार के पुनर्वास नियमों के अनुसार सभी परिवारों को पहले किसी अन्य जगह रहने के लिए घर दिए जाते हैं। इस मामले में नियमों का साफ उल्लंघन हुआ। मैंने डीडीए, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और कई अन्य संबंधित एजेंसियों को पत्र लिखा है। इस गैर कानूनी कार्रवाई पर 3 दिनों के भीतर जवाब की मांग करता हूं। आम आदमी पार्टी से करोल बाग के विधायक विशेष रवि ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि महरौली विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 1के 6/4 में 40 साल पुरानी एससी-एसटी समुदाय के लोगों की कॉलोनी थी। जिसमें लगभग 17 परिवार रह रहे थे। 15 जून को डीडीए ने बिना किसी सूचना के इन मकानों को तोड़ दिया। डीडीए के लोग कॉलोनी में पहुंचे और लोगों से 5 मिनट में सभी घर खाली करने को कहा। लोगों ने आश्चर्य से पूछा कि हमारी तो झुग्गी भी नहीं है, यह तो पक्के मकान हैं फिर इन्हें क्यों तोड़ा जा रहा है। हमारे पास सभी कागज भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा की हमारे पास आधार कार्ड है, बिजली का बिल है, वोटर कार्ड है। यह सब सुनने के बावजूद डीडीए के लोगों ने उनके मकान तोड़ दिए।

विशेष रवि ने कहा कि भाजपा शासित डीडीए ने गैर कानूनी तरीके से मकानों को तोड़ा है। जब हमें इसकी जानकारी मिली तो हमने इसका कारण पूछा। जवाब में उन्होंने कहा कि इस कॉलोनी के सामने कुछ होटल और शोरूम बने हुए हैं, उनके मालिक नहीं चाहते थे कि सामने इस तरह की बस्ती हो।

डीडीए ने कोई अन्य कानूनी कार्रवाई किए बिना एससी/एसटी समुदाय के लोगों के घर उजाड़ दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने कुछ नियम बनाए हैं जिनको ध्यान में रखते हुए ही ऐसी कार्रवाई की जा सकती है। इस अनुसार किसी भी लैंड ओनिंग एजेंसी को, चाहे वह सरकारी हो या प्राइवेट, कार्रवाई से पहले उस स्थान का, वहां पर झुग्गियां हैं या पक्के मकान हैं, वहां पर परिवार रह रहे हैं, इन सभी चीजों का सर्वे करना होता है। इसके बाद ड्यूसिब और उस लैंड ओनिंग एजेंसी को उन परिवारों के लिए मकान का प्रबंधन किया जाता है। परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बाद ही उस क्षेत्र को अपने अधिकार में लिया जाता है। लेकिन इस मामले में ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

विशेष रवि ने कहा कि अब वह 17 परिवार इधर उधर भटक रहे हैं। दिल्ली एससी-एसटी वेलफेयर कमेटी का चेयरमैन होने के नाते इस मामले को मैं आप लोगों तक पहुंचाना चाहता हूं। इस मामले पर हमने डीडीए दिल्ली पुलिस कमिश्नर और अन्य कई एजेंसियों को पत्र लिखा है। हमने पत्र में पूछा है कि पुनर्वास योजना का पालन किए बिना ऐसी गैर कानूनी कार्रवाई क्यों की गई। इस पत्र के जरिए हमने उन्हें 3 दिनों के अंदर जवाब देने की मांग की है।

# अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत बुलडोजर के साथ आईटीओ कब्रिस्तान के पास पहुंचे निगम अधिकारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत बुधवार को आईटीओ कब्रिस्तान के पास "अवैध ढांचों" को हटाने के लिए बुलडोजर और पुलिस बल के साथ पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत करीब 50 अवैध ढांचों को हटाया जाएगा। यह अभियान बृहस्पतिवार तक जारी रह सकता है। निगम के अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई से पूर्व अतिक्रमणकारियों को ढांचों का स्वामित्व साबित करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए "आवश्यक अवसर" दिया गया था। एमसीडी के एक अधिकारी ने बताया, "अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू हो गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए यह दो दिवसीय कार्रवाई है, इसलिए यह बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान अस्थायी और स्थायी अवैध ढांचों, झोंपड़ियों आदि को ध्वस्त किया जाएगा।" उन्होंने बताया कि यह अभियान टाइम्स ऑफ इंडिया इमारत और आईटीओ कब्रिस्तान के पीछे की गलियों में चलाया जा रहा है। नगर निकाय ने कहा कि उसने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर अभियान के लिए पहले से पर्याप्त पुलिस तैनाती की मांग की है। एमसीडी के कार्यकारी अभियंता (मध्य क्षेत्र) द्वारा दिल्ली पुलिस को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नागरिक निकाय ने उच्च न्यायालय के निदेशों के अनुपालन में टाइम्स ऑफ इंडिया भवन के पीछे सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की योजना बनाई है। उन्होंने पत्र में कहा "अतिक्रमणकारियों को अपना स्वामित्व साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज दिखाने की खातिर मौका दिया गया है, लेकिन उनमें से कोई भी स्वामित्व दस्तावेज जमा नहीं कर सका। तदनुसार 22 और 23 जून, 2022 को अतिक्रमण हटाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह अनुरोध है कि कृपया कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए महिला पुलिसकर्मियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल प्रदान करें।"

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### मां, बेटी को अदालत के समक्ष पेश करने का पुलिस को निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में कथित तौर पर माता-पिता के अवैध कब्जे में रखी गयी एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी को अदालत के समक्ष पेश करने का बुधवार को राजधानी पुलिस को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने दिल्ली पुलिस से महिला और उसकी सात साल की बच्ची को शुक्रवार को अपने समक्ष पेश करने को कहा। अदालत महिला के पति की ओर से दायर एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें अधिकारियों को उसकी पत्नी और बेटी को पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। वकील अनुराग प्रताप के जरिये दायर याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है कि उसने इस साल जनवरी में एक विधवा से शादी की थी, जिसकी पहले से एक बेटी थी। याचिका में कहा गया है कि महिला के परिवार के सदस्य और उसके मृत पति के परिजन याचिकाकर्ता और विधवा के अंतरजातीय विवाह के खिलाफ हैं और उन्हें धमकी दे रहे हैं। याचिका में दावा किया गया है कि महिला के परिजनों ने उसे जनवरी से घर में बंद करके रखा है। किसी व्यक्ति को गैर-कानूनी तरीके से अभिरक्षा या गैर-कानूनी हिरासत में रखने के मामले में उक्त व्यक्ति को अदालत के समक्ष पेश करने के लिए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की जाती है। दिल्ली पुलिस के वकील ने अदालत को सूचित किया कि महिला और उसकी नाबालिग बेटी उत्तर प्रदेश में हैं। वकील ने कहा कि वह उन्हें यहां लाकर अदालत के समक्ष पेश करेगी। अदालत ने कहा, महिला और बेटी को अदालत में शुक्रवार को पेश करने का निर्देश दिया जाता है। (मामले को) 24 जून के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

### उच्च न्यायालय ने दिए दिल्ली पुलिस को दुष्कर्म पीड़िता की मदद करने के निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गर्भपात कराने की इच्छुक एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता की मदद करने के पुलिस को निर्देश दिए हैं। उच्च न्यायालय ने सुल्तानपुरी पुलिस थाने के प्रभारी को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि भ्रूण के नमूने को डीएनए जांच के लिए संरक्षित किया जाए। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने नाबालिग से बलात्कार के आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग वाली याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया है। इस मामले में 17 मई को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पीड़िता के वकील ने अदालत में कहा कि नाबालिग गर्भपात कराना चाहती है, लेकिन पुलिस उसे सरकारी अस्पताल में इस प्रक्रिया से गुजरने में मदद नहीं कर रही है। वकील ने कहा कि नाबालिग और उसकी मां भ्रूण के नमूने को आरोपी के रक्त के नमूने के साथ डीएनए जांच के लिए संरक्षित करना चाहते हैं। प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों के अनुसार एक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार किया, जिसके कारण वह गर्भवती हो गयी। अदालत ने अपने 20 जून के आदेश में कहा था, सुल्तानपुरी के पुलिस थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि अगर पीड़िता ऐसी इच्छा रखती है तो याचिकाकर्ता और उसकी नाबालिग बेटी (पीड़ित) को गर्भपात के लिए चिकित्सा उपचार संबंधी हर संभव सहायता प्रदान की जाए। अदालत ने यह भी कहा, थाना प्रभारी आगे यह सुनिश्चित करेंगे कि भ्रूण का नमूना डीएनए जांच के लिए संरक्षित रहे।

### डीयू ने मई-जून में परीक्षा नहीं दे पाए छात्रों के लिए फिर से परीक्षाएं कराने की घोषणा की

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने घोषणा की कि वह स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के उन छात्रों के लिए फिर से परीक्षाएं (इंटरनल एग्जाम) आयोजित करेगा, जो कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा अन्य कारणों के चलते मई-जून में परीक्षाएं नहीं दे पाए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, इन परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 29 जून से शुरू होगी। विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की थी। करीब दो साल बाद पहली बार विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं को परिसर में (ऑफलाइन मोड) लिया था। हालांकि, कुछ छात्र कोविड-19 सहित अन्य कई कारणों के चलते परीक्षा नहीं दे पाए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के डीन डी. एस. रावत ने कहा, करीब 97 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षाएं दी थीं।

# मोदी सरकार तोड़ने जा रही 53 मंदिर, दिल्ली सरकार को भेजा पत्र : संजय

## भाजपा का असली चेहरा देश के सामने आया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




**बयान**

● भाजपा के लोग देश भर में धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं और दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रहे हैं : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज भाजपा द्वारा दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की बनाई जा रही योजना का खुलासा किया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा देश के सामने आ गया है। मोदी सरकार दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने जा रही है। मोदी सरकार ने दिल्ली सरकार को चिट्ठी भेजकर कहा है कि हमें श्रीराम, श्रीकृष्ण, हनुमान, शिव, माता दुर्गा, साईं बाबा समेत 53 मंदिरों को तोड़ने के लिए धार्मिक समित की अनुमति चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग देश भर में धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं और दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रहे हैं। इस मामले में पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा दिल्ली प्रमुख आदेश गुप्ता को सामने आकर दिल्ली की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि इस मामले में भाजपा को सामने आकर दिल्ली की जनता को जवाब देना चाहिए। दिल्ली में मंदिरों को तोड़ने की साजिश भाजपा के असली चेहरे को उजागर करता है कि ये लोग हिन्दू धर्म के कितने बड़े विरोधी हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली में कई मंदिरों को तोड़ने की बनाई जा रही योजना का पदार्फास किया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं। धर्म के नाम पर झगड़े कराएंगे, नफरत फैलाएंगे। दिल्ली में धर्म के नाम पर ड्रामा करेंगे और भाजपा के लोग धर्म का सबसे बड़ा ठेकेदार बनने का काम करेंगे, लेकिन दिल्ली में एक-दो नहीं, बल्कि 53 मंदिरों को तोड़ने की योजना है। भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार दिल्ली में 53 मंदिर तोड़ने जा रही है। भाजपा को सामने आकर इसका जवाब देना पड़ेगा कि यही तुम्हारा असली चेहरा है। मोदी सरकार ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखा है कि धार्मिक समिति से हमें अनुमति चाहिए। दिल्ली सरकार को केंद्र सरकार ने चिट्ठी लिखी है कि हमें दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की अनुमति चाहिए।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी, आदेश गुप्ता और भाजपा का यह असली चेहरा है। ये लोग दिल्ली के 53 मंदिरों को तोड़ने जा रहे हैं। जिसमें प्रभु श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण, हनुमान, महादेव शिव, माता दुर्गा, साईं बाबा का मंदिर समेत कोई मंदिर नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा के लोगों को अपने चेहरे पर कालिख लगाकर घूमना चाहिए। भाजपा के लोग देश भर में धर्म और मंदिर के नाम पर ड्रामा करते हैं। दिल्ली में जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है, वहां 53 मंदिर तोड़ने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी, भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश और पूरी भाजपा को मैं देश के सामने बेनकाब कर रहा हूं। संजय सिंह ने मीडिया को एक कागजात दिखाते हुए कहा कि यह कागजात इस बात का सबूत है कि भाजपा के लोग हिन्दू धर्म के कितने बड़े विरोधी हैं। नरेंद्र मोदी जी और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता को सामने आकर दिल्ली की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि 53 मंदिरों को तोड़ने के मामले में भाजपा को सामने आकर दिल्ली की जनता को जवाब देना चाहिए। दिल्ली में मंदिरों को तोड़ने की साजिश भाजपा के असली चेहरे को उजागर करता है कि ये लोग हिन्दू धर्म के कितने बड़े विरोधी हैं।

**इन मंदिरों को तोड़ने जा रही है मोदी सरकार**

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में तोड़े जाने वाले मंदिरों की जानकारी देते हुए कहा कि त्यागराज नगर में श्री काली मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, श्री कृष्ण अध्यात्मिक कुटिर मंदिर, श्रीराम प्राचीन मंदिर, श्री गुरगांव वाली माता मंदिर, कस्तुरबा नगर में हनुमान मंदिर, प्राचीन पीपल महादेव मंदिर, रेलवे फूट ओवर ब्रिज के पास बना माता मंदिर, प्राचीन साईं धाम मंदिर, शिव मंदिर, प्राचीन काली माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन शीतला माता मंदिर, ब्लाक एम में बना शिव मंदिर, ब्लॉक एक में हनुमान मंदिर, ब्लॉक बी में शिव मंदिर, शिव बाल मंदिर, ब्लॉक एच के साईं मंदिर, सेवा नगर चौक के पास हनुमान मंदिर, प्राचीन महाकाली मंदिर, बालाजी मंदिर, प्राचीन सनातन धर्म मंदिर, श्री शिव हनुमान मंदिर, श्रीनिवासपुरी में शिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, श्री मदेश्वर मंदिर महिला सत्संग, श्री देव सथानम मंदिर, श्री शनि मंदिर, साईं धाम मंदिर, नील कंठ महादेव मंदिर, श्री शक्ति हनुमान मंदिर, मोहम्मदपुर में विश्व व्यापी राम नाम जय योगी शिव मंदिर, नौरोजी नगर में आर्य समाज मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, गुरुद्वारा नौरोजी नगर, सरोजनी नगर में प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, साईं मंदिर बाबू मार्केट, पालिका आवास मंदिर, प्राचीन सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर, शनि मंदिर को तोड़ने की योजना है। इसी तरह, नेताजी नगर में माता मंदिर, सर्वोदय विद्यालय के पास बना माता मंदिर, शिव मंदिर, शनि मंदिर, हनुमान मंदिर, डी-304 के पास बना शिव मंदिर, सी 240 के पास बना शिव मंदिर और सी-996 के पास बनी एक मजार को तोड़ने की योजना बनाई गई है।

# 24 घंटों में मिले 12,249 नए कोरोना संक्रमित, हुई 13 नई मौतें

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



भारत में बीते 24 घंटों के दौरान 12,249 नए कोरोना संक्रमितों की पहचान की गई। वहीं इस अवधि में कोरोना संक्रमण के कारण 13 लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक दिन पहले 9,923 कोरोना संक्रमण के नए मरीज मिले थे। बता दें कि अब तक देश भर में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा 5,24,903 हो गया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को कोरोना संक्रमण के नए मरीजों का आंकड़ा 12 हजार से अधिक था लेकिन मंगलवार को यही आंकड़ा दस हजार से भी नीचे चला गया लेकिन आज फिर से 12 हजार से अधिक नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच सक्रिय मामलों का कुल आंकड़ा बढ़कर 81,687 पर पहुंच गया है जो कुल पाजिटिव मामलों का 0.19 फीसद है। वहीं अंतिम 24 घंटों में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों का आंकड़ा 9,862 हो गया। इसके साथ ही अब तक कुल 4,27,25,055 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। भारत का रिकवरी रेट 98.60 फीसद है और मृत्युदर 1.21 फीसद है। कोविन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार तक कोरोना रोधी वैक्सीन की कुल 196.31 करोड़ डोज लगाई गई हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार सुबह आठ बजे के आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में 9,923 मामले मिले। सोमवार को यह आंकड़ा 12,781 था। इस दौरान 17 मौतें भी हुई हैं, जिनमें सबसे अधिक छह मौतें दिल्ली से हैं। केरल में पांच, महाराष्ट्र में दो और हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, बंगाल और उत्तर प्रदेश में एक-एक मौतें हुई हैं। सक्रिय मामले 2,613 बढ़े और इनकी कुल संख्या 79,313 हो गई जो कुल मामलों का 0.18 फीसद रहा। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार दैनिक संक्रमण दर घटकर 2.55 फीसद आ गया था। वहीं साप्ताहिक संक्रमण दर 2.67 फीसद है।

### जल संचयन के लिए 1,500 गड्ढे तैयार किये जाएंगे

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि जलभराव की समस्या से निपटने और शहर को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 15 जुलाई तक वर्षा जल संचयन के लिए 1,500 से अधिक नए गड्ढे तैयार कर दिए जाएंगे। सिसोदिया ने बरसात से पहले वर्षा जल संचयन व जलभराव के लिए सभी नोडल एजेंसियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद यह जानकारी दी। बैठक के बाद उन्होंने ट्वीट किया, बरसात के पहले दिल्ली में बारिश के पानी को सहेजकर रखने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है।

## मकान में मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने मंगलवार देर रात बदमाश को पकड़ने के लिए मौजपुर के एक मकान में छापेमारी की। इस दौरान मकान में मौजूद दो महिलाएं और एक किन्नर ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। तभी बदमाश 30 वर्षीय अलमास खान उर्फ अल्लू ने पुलिस टीम पर गोली चला दी जो दीवार में जाकर लगी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली अलमास के पैर में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने अलमास के साथ उसके साथी जुनैद, दो महिलाओं और एक किन्नर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अलमास से पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए हैं। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती समेत 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि शास्त्री पार्क इलाके में बदमाशों ने एक युवक से बाइक लूटी थी। जांच में पता चला कि उस बाइक का इस्तेमाल प्रीत विहार से दूसरी बाइक लूटने में किया गया है। साथ ही प्रीत विहार से लूटी बाइक को दुगार्पुरी चौक के पास यातायात पुलिस ने जब्त कर लिया था।

## मनीष सिसोदिया ने आईटीओ से तिलक ब्रिज तक की सड़क का किया औचक निरीक्षण

### सड़क के रखरखाव में खामी पाने पर संबंधित अधिकारी को लगाई फटकार

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को बेहतर और यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है इस दिशा में बुधवार को उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों के साथ आईटीओ से लेकर तिलक ब्रिज तक के सड़क का औचक निरीक्षण किया और सड़कों के रखरखाव, फूटओवर ब्रिज, रोड मार्किंग आदि का ध्यान न रखने को लेकर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा सभी कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिऐ उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे अपना काम जिम्मेदारी से करें साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां की सड़कों को और यूजर फ्रेंडली बनाने और और इनके सौंदर्यीकरण से संबंधित प्लान सप्ताह भर के भीतर तैयार करें

अपने विजिट के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने वहां मौजूद छोटी से छोटी डिटेल्स का निरीक्षण किया और पाया कि रोड पर मार्किंग या तो गायब है या उनकी प्लेसमेंट ठीक नहीं है साथ ही कुछ स्थानों पर पैचवर्क के बाद वहां रोड मार्किंग नहीं की गई है तिलक ब्रिज के पास बने स्काईवाक के 1 लिफ्ट में खामी, फूटओवर ब्रिज की साफ सफाई में कमी पाई गई इन सबको लेकर उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी की इन व्यवस्थाओं के रखरखाव में किसी भी प्रकार का लचर रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगो उन्होंने कहा कि न केवल आईटीओ बल्कि दिल्ली के किसी भी हिस्से में सड़कों के रखरखाव में ऐसी कोताही बरती गई तो वहां संबंधित लोगों पर सख्त करवाई की जाएगी

श्री सिसोदिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य दिल्ली की सड़कों को शानदार बनाना और लोगों को सड़कों पर चलने का बेहतर अनुभव देना है ऐसे में इनके रखरखाव में कोई भी कोताही न बरती जाऐ उन्होंने कहा कि सड़कों को जनता के लिए साफ, सुंदर व सुरक्षित बनाना हमारी जिम्मेदारी है और जबावदेही है इसलिए इनके निर्माण व रखरखाव के लिए जो भी मानक निर्धारित किए गए है उसका अच्छे से पालन हो और साथ ही सभी बुनियादी बातों का भी ध्यान रखा जाऐ

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रोड स्ट्रेच पर मौजूद सभी खामियों को दूर करने, स्टैण्डर्ड का ध्यान रखते हुए रोड मार्किंग डिजाइन तैयार करने व रखरखाव से संबंधित प्लान तैयार कर उसे सप्ताह भर के भीतर सौंपने के आदेश दिऐ उल्लेखनीय है किइस बाबत आने वाले दिनों में दिल्ली के सड़कों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार सभी जेई स्तर के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई जा सकती है जिसमें उन्हें सड़कों के रखरखाव से संबंधित जरुरी निर्देश दिए जाएंगे।

### द्रौपदी: पति और बेटों की मौत के बाद खुद को टूटने नहीं दिया

नई दिल्ली। कुछ लोगों का पूरा जीवन संघर्ष करते हुए बीत जाता है। कभी अपने लिए, तो कभी अपनों के लिए। ऐसे लोग संघर्ष करते हुए भी परिवार और समाज की जिम्मेदारियां इस कदर शिद्दत और ईमानदारी से निभाते हैं कि लोग उनकी मिसाल देने लगते हैं। ऐसी ही एक शख्सियत हैं द्रौपदी मुर्मू। द्रौपदी को जिंदगी की झंझावातों से काफी कुछ सीखने को मिला। जरा सोचिए, जिस महिला के पति और दो बेटों की असमय मौत हो गई हो, उसने कितना दर्द सहा होगा। लेकिन हादसों के झंझावात ने इस महिला को और विनम्र बना दिया। उम्मीदों के दीये को कभी बुझने नहीं दिया। प्यारी सी बिटिया ही उनकी जिंदगी थी। विषम परिस्थितियों में खुद को संभालना कोई द्रौपदी मुर्मू से सीखे। उन्होंने खुद का दर्द भुलाने को दूसरे का दर्द अपना लिया। खुद को सामाजिक कार्य में झोंक दिया और आज नतीजा सामने है। वह एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी हैं। यूं ही द्रौपदी को रायरंगपुर के लोग सिर आंखों पर नहीं बिठाते। कुछ तो बात होगी। पति और दो बेटों की मौत के बाद द्रौपदी ने अपने ससुराल पहाड़पुर की सारी जमीन ट्रस्ट बनाकर स्कूल के नाम कर दी। ट्रस्ट का नाम पति और बेटों के नाम पर एसएलएस ट्रस्ट रखा। चार एकड़ में फैला यह स्कूल रेसिडेंसियल है और इसमें कक्षा छह से दसवीं तक की पढ़ाई होती है। फिलहाल इस स्कूल में 70 छात्र व छह शिक्षक हैं।

## भारत में 50 लाख जलवायु शरणार्थी दुनियाभर में विकराल हो रही समस्या

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त द्वारा जारी ग्लोबल अपील रिपोर्ट-2022 की मानें तो जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में जलवायु परिवर्तन और आपदा से जुड़ी घटनाओं के कारण विश्व में 2.37 करोड़, जबकि केवल भारत में 50 लाख लोगों को देश के भीतर ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर बसने को विवश होना पड़ा। जलवायु परिवर्तन के कारण आंतरिक विस्थापन के मामले में भारत, चीन (60 लाख) और फिलीपींस (57 लाख) के बाद तीसरा सबसे बड़ा देश है।

जलवायु परिवर्तन ऐसा मानवीय संकट है, जो लोगों के सामान्य जनजीवन को प्रभावित कर किसी स्थान पर लंबे समय तक रहना मुश्किल या असंभव बना देता है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, चक्रवात, सूखा, समुद्र जल के स्तर में वृद्धि, मरुस्थलीकरण, प्रदूषण की समस्या बढ़ती है, जिससे सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता ही प्रभावित नहीं होती, बल्कि इन आपदाओं के कारण मानव जीवन और संपत्ति दोनों की क्षति भी होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण उन्न उत्पादन घटता है और चारे की कमी के कारण पशुधन पर संकट गहराता है। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा और लोगों के समक्ष आजीविका का खतरा, भुखमरी, गरीबी के साथ-साथ विस्थापन का संकट भी गहराने लगता है।

जलवायु परिवर्तन और आपदाओं के कारण विस्थापित होने वाले लोगों को ह्यजलवायु शरणार्थीह्ण कहा जाता है, जो अपने ही देश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर बसने के लिए विवश होते हैं। आपदाओं की आवृत्ति और उससे होने वाले नुकसान के परिमाण में वृद्धि होने की संभावना के कारण भी विस्थापन की समस्या अधिक विकराल रूप धारण कर लेती है। जाहिर है, एक तरफ जलवायु परिवर्तन से विस्थापन में वृद्धि होती है तो दूसरी तरफ पहले से ही विस्थापितों के लिए वापसी की राह भी बाधित होती है। प्रभावित समुदायों में विस्थापन की समस्या गंभीर मुद्दा है, वहीं उनके मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न भी गंभीर हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि ऐसे मसलों पर संवेदनशीलता से विचार किया जाए।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पूरी दुनिया को सकारात्मक कोशिश करनी होगी। सरकारों को आपदा से संबंधित ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जो लोगों को सुरक्षित आश्रय देने के साथ-साथ आजीविका से जोड़ने में मदद करती हों। साथ ही भविष्य के समाधान के रूप में कार्बन उत्सर्जन को कम करना, सभी प्रकार के प्रदूषण में कमी, जल संरक्षण, पौधरोपण को बढ़ावा आदि प्रयास शामिल किए जा सकते हैं।

**मौसम** मानसून का दिखने लगा असर

# अगले चार दिनों तक कई राज्यों में होगी भारी बारिश

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



दक्षिण और पूर्वी भारत में मानसून के दस्तक देने के साथ ही कई राज्यों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में मानसून का अभी भी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, प्री मानसून के चलते देश के इन राज्यों पिछले दिनों बारिश दर्ज की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने बुधवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में अगले कई दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आइएमडी के अनुसार 22 जून को गंगीय पश्चिम बंगाल में 23 और 24 जून को विदर्भ में 23 से 26 जून को बिहार 24 और 25 जून को झारखंड में भारी बारिश होने का अनुमान है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 22 से 26 जून के दौरान ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून भारत के अधिकांश हिस्सों को कवर करता है। इसलिए अगले 4 दिनों के लिए कई राज्यों में बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। आइएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों के दौरान कोंकण, गोवा, तटीय कर्नाटक, केरल और माहे में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। 24 से 26 जून के दौरान मध्य महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 24 और 25 जून को कर्नाटक में बारिश का अनुमान है। 22 जून, 25 और 26 जून को गुजरात के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी भारी बारिस का आसार है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों के दौरान कोंकण, गोवा में और 22-24 जून के दौरान तटीय कर्नाटक में बहुत भारी बारिश की संभावना है। आइएमडी ने 25 और 26 जून को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भी बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। आइएमडी द्वारा अगले 5 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

अगले 5 दिनों के दौरान उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का दौर रहेगा। इसके साथ ही 23 से 26 जून के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि 25 और 26 जून को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भी बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

बिहार के मौसम की बात करें तो यहां मानसून सक्रिय हो गया है। राज्य में अगले 48 घंटों तक अलग-अलग जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार और गुरुवार को राजधानी पटना समेत कई जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया गया है। इस दौरान राज्य में मानसून संबंधी गतिविधियां जारी रहेंगी।

### थाने के भीतर पांच पुलिसकर्मियों, होम गार्ड को चाकू मारा

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शाहदरा में थाने के भीतर एक व्यक्ति ने पांच पुलिसकर्मियों और एक होम गार्ड को बुधवार को चाकू मार दिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना शाहदरा के साइबर पुलिस थाने की तीसरी मंजिल पर हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही थी। पुलिस के अनुसार, व्यक्ति थाने के भीतर घुसा और वीडियो बनाना शुरू कर दिया, एक पुलनिसकर्मी द्वारा रोके जाने और वीडियो बनाने का कारण पूछने पर उसने अचानक चाकू निकाला और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। सभी घायल पुलिसकर्मियों और होम गार्ड को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि एक पुलिसकर्मी को सीने में जख्म लगा है और उसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। इसबीच, आरोपी ने बाद में दावा किया कि वह शिकायतकर्ता है, लेकिन उसके पास से तहरीर की कोई प्रति बरामद नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना सिर दीवार पर दे मारा था जिससे उसको हल्की चोट आयी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, शुरूआती जांच के अनुसार, घटना में सिर्फ एक व्यक्ति के शामिल होने की आशंका है।

## अगस्त में नेपाल जाएंगे मनोज पांडे, मिलेगा सम्मान

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडेय अगस्त में नेपाल जाएंगे। वहां उन्हें नेपाल थल सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इसके मद्देनजर नेपाल में भारतीय राजदूत डा. शंकर प्रसाद शर्मा ने सोमवार को भारतीय आर्मी चीफ से बात भी की। इसकी जानकारी उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के जरिए दी। उन्होंने लिखा, ह्यचीफ आफ आर्मी स्टाफ (उङ्खअर) जनरल मनोज पांडे से बात करके अच्छा लगा ! हमने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पक्षों पर चर्चा की और नेपाल के लिए जारी सहयोग को लेकर भारतीय सेना को धन्यवाद अदा किया। साल 1950 में जब जनरल केएम करिअप्पा नेपाल दौरे पर गए थे उस समय से ही नेपाल और भारत के बीच यह परंपरा शुरू हो गई कि दोनों देश एक दूसरे के सेनाओं का सम्मान करेंगे। इससे पहले नेपाल के चीफ आफ आर्मी स्टाफ (उङ्खअर) प्रभुराम शर्मा (ढ१ुँ४ फेंर१ें) पिछले साल नवंबर में भारत आए थे। उनका यह भारत दौरा भारतीय समकक्ष के आमंत्रण पर था। उन्हें भी भारतीय सेना प्रमुख ने मानद सम्मान दिया था। इस दौरान शर्मा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट कर बताया था, ह्यनेपाल आर्मी प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा का भारत में स्वागत कर खुशी हुई। पिछले सप्ताह ही भारतीय थल सेना के अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने चीन से सटे हिमाचल और उत्तराखंड के सीमांत इलाकों का दौरा किया। सेना प्रमुख ने हिमाचल के चीन से सटे बार्डर समदो का दौरा किया। यहां उन्होंने बार्डर पर तैनात भारतीय सेना सहित आईटीबीपी जवानों के साथ मुलाकात की।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 23 जून 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम के अर्शप्रीत सिंह बने चैस चैंपियन



गुरुग्राम। हरियाणा शतरंज संघ द्वारा अलग अलग आयु वर्ग में गुरुग्राम में आयोजित की गई शतरंज प्रतियोगिता के अंडर 13 वर्ग में गुरुग्राम के अर्शप्रीत सिंह जीत हासिल कर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। अर्शप्रीत सिंह ने अपराजित रहते हुए 7/7 अंकों से चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता 7 चक्रों में राउण्ड स्विस लीग आधार में खेली गई। प्रतियोगिता के आधार पर पुण्डुचेरी में होने वाली अंडर-13 नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी अपने आयु वर्ग में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा राज्य के विजेता थे और इसी वर्ष मई के महीने में आयोजित हुई गुरुग्राम अंडर-13 ओपन चेस चैम्पियनशिप के विजेता भी अर्शप्रीत सिंह ही थे।

# सोहना नगर परिषद् चुनाव: भाजपा की अंजू ने चेयरमैन पद पर लहराया जीत का परचम

सुभाष पुलानी, प्रात: किरण संवाददाता



**नगर परिषद चुनाव**
- नगर परिषद के 21 वार्डों में से 20 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार व एक वार्ड में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जीते

सोहना नगर परिषद चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अंजू ने अध्यक्ष पद पर दावेदारी सुनिश्चित करते हुए आम आदमी पार्टी की विरोधी उम्मीदवार ललिता को 1864 मतों के अंतर से हराया। इसी प्रकार, सोहना नगर परिषद के 21 वार्डों में से 20 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया जबकि एक वार्ड में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ने जीत हासिल करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

अधिकारियों की निगरानी में बुधवार की सुबह राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में मतों की गिनती की गई। जिला प्रशासन की ओर से मतगणना को लेकर पुख्ता प्रबंध किए थे।इस बारे में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने अध्यक्ष पद को लेकर आए नतीजों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अंजू को 12185 वोट मिले जबकि दूसरे स्थान पर आम आदमी पार्टी की ललिता रही। ललिता को 10321 वोट प्राप्त हुए और वे इस चुनाव में दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार, इस चुनाव में नोटा के 209 वोट डाले गए। इन चुनावों के लिए मतगणना के 15 राउंड आयोजित किए गए थे। अंतिम राउंड तक आते आते अंजू ने 1864 वोटों से अंतर बढ़त बनाते हुए अध्यक्ष पद की कुर्सी पर अपनी जीत का परचम लहराया। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार माला को 1118 वोट, आईएनएलडी की उम्मीदवार कविता को 757 वोट मिले। इसी प्रकार , निर्दलीय उम्मीदवार प्रीति को 4137, राकेश कुमारी को 1248, सीमा रानी को 844 ,पुष्पा रानी को 532, उषा रानी को 355, गीता को 246 तथा अंकिता को 183 वोट मिले।

इसी प्रकार जिला परिषद के सदस्य पद के लिए सोहना नगर परिषद के 21 वार्डों में से 20 वार्डों में निर्दलीय ने अपनी जीत का परचम फहराया। वहीं एक वार्ड में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी विजयी घोषित हुई। वार्ड नंबर-1 में आम आदमी पार्टी की अंजू बाला ने 315 वोटों से , वार्ड नंबर -2 की निर्दलीय उम्मीदवार रीना देवी ने 118 मतों के अंतर से, वार्ड नंबर-3 के उम्मीदवार मनोज कुमार ने 223 , वार्ड नंबर-4 में नितिन यादव ने 210 मतों से, वार्ड नंबर-5 में बेदकलां ने 83 मतों से , वार्ड नंबर-6 में राकेश कुमार ने 256 मतों से जीत हासिल की। इसी प्रकार, वार्ड नंबर-7 से परमिंदर सिंह ने 22 वोटों से, वार्ड नंबर-8 से विजेन्द्र सिंह ने 115 मतों से , वार्ड नंबर-9 से मुकेश ने 147 वोटो, वार्ड नंबर -10 से ललिता ने 154 मतों से, वार्ड नंबर-11 से साहिल ने 276 मतो से , 12 से ताहिरा ने 35 मतो से , 13 से आशा देवी ने 57 मतों से, 14 से नीरज ने 467, 15 से राजकुमार ने 147 मतों से, 16 से हरीश ने 203 मतों से , 17 से ओमप्रकाश ने 143 मतों से, 18 में सुनीता ने 141 मतों से, 19 में राखी ने 179 मतों से, 20 में सतेन्द्र ने 257 मतों से तथा वार्ड नंबर -21 से निर्मला ने 39 मतों के अंतर से जीत हासिल की। इन सभी वार्डों में नोटा के वोटों की संख्या 183 रही।

# वार्ड-15 में विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम आज

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



**जनता चौपाल**
- विधायक सुधीर सिंगला सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सुनेंगे जनसमस्याएं

विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम 23 जून गुरुवार को वार्ड-15 स्थित सेक्टर-4 के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया जाएगा। इसमें गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला जनसमस्याएं सुनेंगे।

सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लगने वाले इस जनता चौपाल कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति पहुंचकर समस्याएं विधायक के समक्ष रख सकते हैं। उनका मौके पर या कम समय में समाधान करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। विधायक सुधीर सिंगला के मीडिया कोर्डिनेटर अमित गोयल ने बताया कि जनता की बहुत सी समस्याएं होती हैं, जो कि अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती। जो पहुंच जाती हैं उनका समाधान करने में लापरवाही बरती जाती है। ऐसे में लोग परेशान होते रहते हैं। लोगों की इस तरह की परेशानियों को दूर करने के लिए ही विधायक सुधीर सिंगला की ओर से विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

अलग-अलग स्थानों पर गुरुग्राम विधानसभा में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री गोयल ने गुरुग्राम विस के लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंचे, ताकि उनकी समस्याएं बिना देरी के दूर हो सके।

# सोहना नगर परिषद चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय: गार्गी कक्कड

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



**आभार**
- ट्रिपल इंजन की सरकार आने वाले समय में सोहना के विकास के लिए किए हुए वादों को पूरा करेगी

जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि सोहना नगर परिषद चुनाव में भाजपा की विजय हुई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि यह जीत सोहना की जनता की जीत है भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी को भारी मतों से विजई बनाने के लिए सोहना की देव तुल्य जनता का आभार और धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही भाजपा के सभी शीर्ष नेतृत्व और पार्टी कार्यकताओं पूरी निष्ठा और लगन से दिन रात पार्टी प्रत्याशी को जिताने में पूरी मेहनत और शिद्दत से लगे रहे उन सभी का आभार और धन्यवाद किया।

सोहना में ट्रिपल इंजन की सरकार आने वाले समय में सोहना के विकास के लिए किए हुए वादों को पूरा करेगी। सोहना के साथ-साथ अन्य जिलों में विजय हुए बीजेपी जेजेपी प्रत्याशियों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। यह चुनाव आम आदमी पार्टी के मुंह पर एक करारा तमाचा है जिन्होंने चुनाव के लिए दूसरी पार्टियों के नेताओं को इंपोर्ट करना पड़ा परंतु जनता जनार्दन ने आम आदमी पार्टी को आईना दिखाने का काम किया है जनता ने दर्शा दिया कि झूठ की दुकान नहीं चल सकती जो पार्टी देश और समाज के लिए काम करेगी जनता उसी को ही समर्थन करेगी। गुरुग्राम कार्यालय ‚गुरु कमल‚ में बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। जीत के पश्चात नवनिर्वाचित चेयर पर्सन अंजू देवी ने सभी शीर्ष नेतृत्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, विधायक कुंवर संजय सिंह, सभी प्रदेश पदाधिकारी ,जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी कार्यकताओं एवं सोहना के स्थानीय निवासियों का आभार और धन्यवाद प्रकट किया।

# झाड़सा में वर्षों पुराने कब्जे पर चला निगम का पीला पंजा

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



नगर निगम गुरूग्राम द्वारा गांव झाड़सा में वर्षों पुराने कब्जे को आज पीले पंजे की सहायता से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई जोन-3 क्षेत्र की इनफोर्समैंट टीम द्वारा की गई है।बुधवार को सहायक अभियंता (अतिक्रमण) राजकिशन मोंगिया के नेतृत्व में जूनियर इंजीनियर सचिन शर्मा व इनफोर्समैंट टीम के अन्य सदस्य पुलिस बल लेकर गांव झाड़सा पहुंचे।

यहां पर एक व्यक्ति द्वारा निगम की जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ था। इस बारे में नगर निगम सदन की सामान्य बैठक में भी मामला रखा गया था। सदन के आदेशों की पालना में बुधवार को हल्के विरोध के बीच इस अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरूग्राम की सीमा में अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण एवं निगम जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा चारों जोनों में अलग-अलग टीमों का गठन किया हुआ है।

इन टीमों का नेतृत्व सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों को दिया गया है तथा मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्हें ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भी जिम्मेदारी दी गई है। चारों जोनों में गठित इनफोर्समैंट टीमें अपने-अपने क्षेत्र में समय-समय पर कार्रवाई कर रही हैं।

# ब्रह्माकुमारीज का तीन दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर संपन्न

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



धार्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज के बिलासपुर स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आओ छू लें आसमान विषय पर आयोजित 3 दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन बुधवार को हो गया। आयोजन में व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के लिए आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश विधान सभा उपाध्यक्ष रणबीर सिंह गंगवा मुख्यअतिथि के रुप में शामिल हुए।

उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस आध्यात्मिक वातावरण में आना ही बहुत श्रेष्ठ भाग्य है। यहाँ सिखाए जा रहे आध्यात्मिक और नैतिक मूल्य आदर्श जीवन का निर्माण करते हैं। योग से कर्मों में कुशलता आती है। योग से हमारे मन की शक्ति बढ़ती है। योग जीवन में अनुशासन और श्रेष्ठ आचरण की आधारशिला रखता है। छोटी आयु में संस्कारों में सहजता से परिवर्तन होता है। संस्था के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन ने कहा कि पवित्र विचारों से ओंठो पर मधुर मुस्कान कायम रहती है। चेहरे की सुंदरता ही वास्तव में मुस्कुराहट है। बच्चे फूल की तरह होते हैं।

बच्चों का स्वभाव सदा निर्मल होता है। इसलिए यहाँ से सदा खुश रहने का संकल्प लेकर जाना। संस्था की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि जितनी सत्यता होगी उतनी ही जीवन में निर्भयता होगी। गुणों का बहुत महत्व है। जिस प्रकार अधिक फलों वाला वृक्ष झुकता है, ठीक वैसे ही गुणवान व्यक्ति बहुत नम्रचित वाला होता है। आयोजन में डॉ. रूप सिंह, सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट विनेश कुमार त्यागी, मानेसर इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पवन यादव, बीके विजय, सतीश अनेजा ने भी बच्चों को मूल्यनिष्ठ जीवन जीने की गहरी जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों के लिए खेलकूद सहित अनेक सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं भाषण, संगीत, नृत्य एवं नाटक तथा खेलकूद में लेमन रेस, बलून रेस, बकेट बॉल एवं व्हील बैरो रेस आदि शामिल रही। आयोजन को सफल बनाने में बीके रेखा, बीके श्वेता एवं बीके पारुल आदि का सहयोग रहा।

# प्रत्येक मंदिर में किया जाए हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ : महावीर

गुरूग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति के आह्वान पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन सदर बाजार क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें संस्था के सदस्य, समुदाय के लोगों व सदर बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। हिंदू समुदाय से जुड़ी विभिन्न संस्थाएं भी हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित करने के लिए पुरजोर से जुटी हुई हैं।

श्रीराम भक्त हनुमान का गुणगान करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। समिति के प्रदेशाध्यक्ष महावीर भारद्वाज एवं अर्चक पुरोहित संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आचार्य जयभगवान ने समुदाय से आग्रह किया कि शहर के प्रत्येक मंदिर में मंगलवार के दिन सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए गुडगांव की मंदिर कमेटियों से संपर्क स्थापित किया जाएगा। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों को शामिल होने का आग्रह भी संस्था द्वारा किया गया। महावीर भारद्वाज का कहना है कि हनुमान चालीसा के पाठ से हिंदू शक्ति का जागरण होगा। हिंदू शक्ति संगठित होकर अपने गौरवशाली इतिहास एवं परंपरा के आधार पर खड़ी होगी तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। इस आयोजन में समुदाय से जुड़े ब्रह्मप्रकाश कौशिक, राजीव मित्तल, कुलभूषण भारद्वाज, अनुराग कुलश्रेष्ठ, राजेश अवस्थी, मंजीत कटारिया सहित क्षेत्र के कारोबारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# गुरुग्राम: पंचायत भवन परिसर भी जलभराव की समस्या से नहीं अछूता

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- अर्जी नवीश व वैंडर्स ने जिला प्रशासन से समस्या के समाधान कराने की मांग की

नगर निगम व जीएमडीए प्रशासन दावे करता रहा है कि बारिश में शहर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव की समस्या का सामना शहरवासियों को नहीं करना पड़ेगा। लेकिन इस सबके बावजूद और करोड़ों रुपए नाले-नालियों की सफाई पर खर्च करने के बाद भी शहर का अधिकांश क्षेत्र जलभराव की चपेट में आ जाता है और शहरवासियों को बड़ी समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।

शहर के आवासीय क्षेत्र ही नहीं, अपितु राजकीय कार्यालय परिसरों में भी जलभराव की समस्या का सामना कर्मचारियों व कार्यालयों में आने वाले लोगों को करना पड़ता है। गुडगांव के पंचायत भवन परिसर की हालत भी ऐसी ही है। गत दिनों थोड़ी सी बारिश हुई। परिसर में बारिश का पानी आज भी भरा दिखाई देता है। पंचायत भवन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, अर्जी नवीश, स्टांप पेपर वैंडर्स, टाईपिस्ट आदि भी कार्य करते हैं।

अधिवक्ताओं के इस क्षेत्र में चैंबर भी स्थित हैं। इस जलभराव की समस्या का सामना इन लोगों को तो करना ही पड़ता है तथा साथ ही अपना काम कराने के लिए आने वाले शहरवासियों को भी इस समस्या से दो-चार होना पड़ता है। पंचायत भवन में कार्यरत स्टांप वैंडर्स व अर्जी नवीशों का कहना है कि यह जलभराव तो थोड़ी सी बारिश का है। जब मानसून की बारिश आती है तो परिसर की हालत और भी अधिक खराब हो जाती है और बड़ी मात्रा में परिसर में जलभराव हो जाता है। बारिश के पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। इन लोगों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि मानसून की बारिश आने से पूर्व परिसर में जलभराव की समस्या का समाधान कराया जाए ताकि वे अपना कार्य निर्बाध रुप से कर सकें और अपने कार्य कराने के लिए आने वाले शहरवासियों को भी किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# स्वतंत्रता सेनानी गणेश घोष को उनकी जयंती पर किया याद

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

देशवासी आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहे हैं, जिसके तहत स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले क्रांतिकारियों, शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया जा रहा है। स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी व राजनीतिज्ञ गणेश घोष की जयंती पर उन्हें याद करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता कुलदीप जांघू ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन के लगभग 27 वर्ष जेलों में बिताए। उनका जन्म 22 जून 1900 को बंगाल में हुआ था। देश को आजाद कराने में उनका बड़ा योगदान रहा था। उन्होंने कलकता में उच्च शिक्षा ग्रहण की थी। इसी दौरान देश की आजादी में युवाओं को बढ़-चढकर भाग लेने के लिए भी उन्होंने प्रयास किए थे। वह प्रसिद्ध क्रांतिकारी सूर्यसेन के काफी नजदीक रहे थे और शस्त्र बल से अंग्रेजों की सत्ता समाप्त करना चाहते थे। उन्होंने क्रातिकारियों के साथ मिलकर चटगांव के शास्त्रगार और टेलिफोन, तार आदि अन्य महत्त्व के स्थानों पर मिलकर एकसाथ आक्रमण कर दिया। उनके इस आक्रमण से तत्कालीन अंग्रेजी सरकार भी आश्चर्यचकित रह गई थी। इन क्रांतिकारियों को शस्त्रागार से शस्त्र तो मिले, लेकिन गोला-बारुद नहीं मिल सका था और उन्हें सूर्य सेन के साथ पहाडियों में जीवन व्यतीत करना पड़ा था। इस मामले में उन्हें आजन्म कारावास की सजा देकर अंडमान भेज दिया गया था। स्वतंत्रता के बाद में भी उन्होंने आंदोलनों में भाग लिया था। वह कम्युनिस्ट विचारधारा से प्रभावित होकर कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य भी बन गए थे। श्रमिक नेता ने बताया कि गणेश घोष 1952 में बंगाल विधान सभा और 1967 में लोकसभा के सदस्य चुने गए थे। उनका निधन 16 अक्टूबर, 1994 को कलकता में हुआ था।

### संस्कृत विद्वान डॉ. सत्येन्द्र सत्यम शास्त्री का निधन बड़ी क्षतिः डा. दिनेश शास्त्री

**गुरुग्राम।** हरियाणा संस्कृत अकादमी द्वारा वर्ष 2020 के महर्षि वाल्मीकि सम्मान से पुरस्कृत संस्कृत विद्वान तथा विश्व हिंदू परिषद् के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सत्यम शास्त्री गुरुग्राम के निधन से संस्कृत जगत में अत्यधिक क्षति हुई है। सत्येंद्र सत्यम शास्त्री पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डा. दिनेश शास्त्री ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है। गंभीर दुःख को प्रकट करते हुए डॉ. दिनेश शास्त्री ने बताया कि सत्येंद्र सत्यम शास्त्री ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए जो कार्य किए हैं, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। निदेशक ने कहा कि स्वर्गीय शास्त्री जी भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व और सामाजिक हित के लिए बड़े ही प्रभावी कार्य किए हैं। अकादमी के निदेशक ने सत्येंद्र सत्यम शास्त्री के परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए उन्हें धैर्य और संयम बनाए रखने के लिए अभिप्रेरित किया।

# एल एंड टी कंपनी द्वारा बरती जा रही लापरवाहियों का खामियाजा भुगत रही क्षेत्र की जनता : सीमा पाहूजा

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खोदे गए गड्ढों की चर्चा को लेकर की बैठक

नगर निगम वार्ड 15 की पार्षद सीमा पाहूजा ने बुधवार को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम, जीएमडीए, दक्षिण हरियाणा विद्युत वितरण निगम (डीएचबीवीएन), एल एंड टी कंपनी व स्मार्ट सिटी प्रौजेक्ट से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा एल एंड टी कंपनी द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खोदे गए गड्ढों को लेकर चर्चा की। इस मौके पर वार्ड 15 की विभिन्न आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। नगर निगम पार्षद सीमा पाहूजा ने बताया कि स्मार्ट सिटी प्रौजेक्ट के तहत एल एंड टी कंपनी द्वारा तारों को भूमिगत करने के लिए सैक्टर 4 व अन्य क्षेत्रों में गड्ढे खोदे हुए हैं। ये गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहे हैं। गड्ढों के कारण क्षेत्र में कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। दोपहिया वाहन हो या चौपहिया वाहन आए दिन गड्ढों में फंसा दिखाई देता है। क्षेत्रवासी इस समस्या के संदर्भ में उनसे कई बार शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कार्य इतनी धीमी गति से चल रहा है कि कई माह से ये गड्ढे खुदे पड़े हैं। गत दिवस आई बारिश के दौरान भी इन गड्ढों में पानी भर गया था। कई-कई दिन पानी भरा होने से न केवल मच्छर पनप जाते हैं, बल्कि सक्रामक बीमारियां फैलने का भय बना रहता है। जब इन गड्ढों में पानी भरा रहता है तो गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहन चालकों के वाहन इनमें फंस जाते हैं।

काफी मशक्कत करने के बाद उन्हें निकालना पड़ता है। उन्होंने क्षेत्र में सीवर सफाई, स्वच्छता संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए प्रधान सैक्टर 7 प्यारेलाल वर्मा, आरडब्ल्यूए प्रधान सैक्टर 7 एक्सटेंशन बीडी छाबड़ा, आरडब्ल्यूए प्रधान न्यू कालोनी पंकज कुमार, आरडब्ल्यूए प्रधान कृष्णा कालोनी राजेश शर्मा, देवी सिंह, बंटी पाहूजा, प्रवीण मिश्रा, राकेश पाठक, अंशु, सुनीता गाबा, अरविंद बजाज, गंगाधर, ओपी टंडन, होशियार सिंह, जेपीएस भडाना, केएल सपरा, राकेश कालरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### नींबू व अमरूद का बाग लगाने पर मिलेगा 50 प्रतिशत का अनुदान

**गुरुग्राम।** प्रदेश में परंपरागत खेती के जोखिमों को कम करने व फसल विविधिकरण के तहत खेती कर रहे किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के बाग लगाने के लिए किसानों को अनुदान राशि दी जा रही है। अनुदान योजना के तहत जिला में नींबू, वर्गीय फल व अमरूद का बाग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान राशि दी जा रही है। इनके जुलाई व अगस्त माह में बाग लगाए जाते हैं। ऐसे में सभी किसान सरकारी नर्सरी, बागवानी विश्वविद्यालय एवं एनएचबी द्वारा एक्रीडेटेड नर्सरी से ही पौधे लेना सुनिश्चित करें। एनएचबी एक्रीडेटेड नर्सरी की सूची कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अनुदान योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि बागवानी स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक किसान हॉर्टनेट पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

एफईटी, एमआरआईआईआरएस और इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू करने के लिए साझेदारी की है। मानव रचना संस्थान छात्रों में तकनीकी भावना पैदा करने और वैज्ञानिक सोच बनाने के लिए ज्ञान प्रदान करने में विश्वास करते हैं।

डॉ. प्रशांत भल्ला- अध्यक्ष, ने अमित दास- संस्थापक और सीईओ, इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के साथ इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। डॉ. संजय श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक रूक्रश्वद्ध और कुलपति, डॉ. आई. के. भट - कुलपति, रूक्र; डॉ प्रदीप कुमार - पीवीसी और डीन एफईटी, डॉ. एन. सी. वाधवा - महानिदेशक, और डॉ नरेश ग्रोवर - पीवीसी और डीन एकेडेमिक्स, भी भव्य लॉन्च के लिए उपस्थित थे। इलैक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) एकल उद्देश्य के साथ शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए शिक्षित, संलग्न और उन्नत करना है। पेशेवरों की भारी संभावित मांग को देखते हुए, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज ने इलेक्ट्रिक वाहन में विशेषज्ञता के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में एक ऑनर्स प्रोग्राम शामिल किया है। कार्यक्रम की शुरूआत इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के शुभारंभ के द्वारा की गई थी, जहां डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 25 वर्षों के हमारे अस्तित्व में, मानव रचना ने हमेशा नई तकनीकों को अपनाने का बीड़ा उठाया है, और अब हम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ के साथ एक नए आयाम में प्रवेश कर रहे हैं। उद्घाटन में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री धीरज त्रिपाठी - सह-संस्थापक और सीओओ, इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड; श्रीमती सुषमा त्रिपाठी - प्रोग्राम हेड, स्किल नेक्स्ट इंडिया; श्री सत्येंद्र पाल - संस्थापक और प्रबंध निदेशक, जीतसन इलेक्ट्रिक वाहन प्राइवेट लिमिटेड और हरीश शर्मा - सह-संस्थापक और निदेशक, जीतसन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रमाणन और पाठ्यक्रम-आधारित अनुभवात्मक कार्यक्रम इलेक्ट्रिक वाहनों के भविष्य के बढ़ते उद्योग खंड के लिए छात्रों के बीच बहुत आवश्यक कौशल को पूरा करेगा।

# विचार मंथन



## अमेरिका-नेपाल की दाल

सिद्धार्थ शंकर

अमेरिका के एमसीसी प्रोग्राम के बाद अब नेपाल में एक और अमेरिकी प्रोग्राम को लेकर बहस तेज हो गई है। इस प्रोग्राम का नाम स्टेट पार्टनरशिप प्रोग्राम है और यह नेपाली सेना तथा अमेरिका के नेशनल गार्ड के बीच होना है। अमेरिका इस पर साइन करने के लिए नेपाल पर दबाव डाल रहा है। इससे नेपाल में एक नई बहस छिड़ गई है और राजनीतिक दल तथा बौद्धिक वर्ग पूरी तरह से बंट गया है। यह पूरा मुद्दा तब चर्चा में आया है जब नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और नेपाली सेना प्रमुख अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं। नेपाली सेना प्रमुख जनरल प्रभु राम शर्मा अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के निमंत्रण पर 27 से 1 जुलाई तक के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री देउबा मध्य जुलाई में वॉशिंगटन जाएंगे। नेपाल के एसपीपी प्रोग्राम में शामिल होने के लिए ताजा दबाव पिछले सप्ताह अमेरिकी सेना के प्रशांत बेड़े के कमांडिंग जनरल चार्ल्स फ्लीन की काठमांडू यात्रा के दौरान आया। पीएम देउबा के साथ बैठक के दौरान अमेरिकी जनरल ने यह मुद्दा उठाया और साइन करने के लिए कहा। नेपाली मीडिया ने अमेरिकी प्रस्ताव के मसौदा कॉपी को प्रकाशित कर दिया है जिससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग पर बहस छिड़ गई है। एमसीसी का विरोध कर रहे चीन समर्थक लोगों का कहना है कि यह अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति का हिस्सा है और इसी वजह से इसमें एक सुरक्षा का पहलू भी जुड़ा है। उधर, अमेरिका ने इसका खंडन किया है और कहा है कि एमसीसी पूरी तरह से विकास से जुड़ा हुआ है। अब नेपाल में कई लोग एसपीपी पर हस्ताक्षर करने के औचित्य पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि इससे कहीं नेपाली सेना एक सैन्य गठबंधन का हिस्सा न बन जाए। इस पूरे मामले को लेकर भारत भी असहज है। उसके असहज होने के तीन कारण हैं। एक तो जो बाइडेन के राष्ट्रपति चुने जाने से पहले भारत ने डोनाल्ड ट्रम्प की जिस तरह प्रचार के जरिए सहायता की, उसने बाइडेन को जीत के बाद भारत का स्वाभाविक आलोचक बना दिया। इससे पहले भारत कभी भी अमेरिकी चुनाव में एक पार्टी नहीं बना था। इस मामले में विदेश नीति से विचलन उसे महंगा पड़ा है। दूसरा कारण राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का भारत की कश्मीर नीति के विरोध में होना है। तीसरा कारण रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत का तटस्थ रहते हुए उसके विरुद्ध निंदा से अपने को अलग करना था। अमेरिका ने बड़े जोर लगाए, उसके राजनयिक भारत में आकर धमका गए पर भारत ने वही किया, जो उसके हित में था। इस वजह से भी अमेरिका ने दूरी तो बनाई ही, नेपाल से सीधे पींगें बढ़ानी शुरू कर दीं। एक तीर से दो निशाने लगाते हुए वह चीन और भारत दोनों पर निगरानी का संदेश दे रहा है। बीस साल बाद नेपाल का कोई प्रधानमंत्री अमेरिका जा रहा है। प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा जुलाई में वॉशिंगटन यात्रा के दौरान राजनीतिक और सैनिक समझौते करेंगे। खास बात है कि यात्रा के बारे में दोनों पक्ष चुप हैं।

## नफरत की इंतेहा और विश्वगुरु बनने का भरम?

घिनौनी जातिवादी मानसिकता रखने वाले तथाकथित उच्च जाति के लोगों की अभद्रता व गुंडागर्दी का पिछले दिनों एक और मामला सामने आया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बार फिर जोमैटो के दलित समाज से संबंध रखने वाले एक डिलीवरी ब्वॉय के हाथों से तथाकथित उच्च जाति के एक ग्राहक ने खाना लेने से इंकार कर दिया। आरोप है कि ग्राहक को जैसे ही डिलीवरी ब्वॉय के दलित होने का पता चला। उसने खाना लेने से इंकार कर दिया।

खबरों के अनुसार लखनऊ शहर के आशियाना इलाके का रहने वाला विनीत रावत नामक एक युवक जोमैटो फूड सप्लाई सर्विस में डिलीवरी बॉय के रूप में अपनी सेवाएं देकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गत 18 जून (शनिवार) की रात विनीत रावत आशियाना क्षेत्र में ही अजय सिंह नाम के किसी ग्राहक के घर खाने की डिलीवरी लेकर पहुंचा। अजय सिंह ने डिलीवरी ब्वॉय से उसका नाम पूछा। जैसे ही उसने अपना नाम विनीत रावत बताया, ग्राहक अजय सिंह उसका नाम सुनते ही आग बबूला हो गया। पहले तो उसने खाने का पैकेट यह कहते हुए फेंक दिया कि हम दलित का छुआ हुआ खाना नहीं खाएंगे। इसके बाद उस तथाकथित उच्च जाति के दुष्ट व्यक्ति ने उस मेहनतकश डिलीवरी बॉय के मुंह पर थूक दिया। जब विनीत रावत ने उसकी इन हरकतों का विरोध किया और ग्राहक से आर्डर कैंसिल करने का निवेदन किया तो आरोपी अजय और उसके परिवार के अनेक सदस्यों ने मिलकर उसकी काफी देर तक पिटाई भी की।

किसी फूड डिलीवरी ब्वॉय को उसकी जाति के आधार पर अपमानित करने की देश की यह कोई पहली घटना नहीं है। अब तक देश में ऐसी दर्जनों घटनाएँ हो चुकी हैं जिसमें कभी किसी जातिवादी ग्राहक ने किसी दलित युवक के हाथों से खाना लेने को मन किया तो कभी किसी साम्प्रदायिकतावादी ग्राहक ने किसी मुसलमान डिलीवरी ब्वॉय के हाथों से खाना लेने से इनकार किया व इन्हें अपमानित भी किया। ऐसे ही जातिवादी संस्कारों में पोषित स्कूलों के उच्च जाति के बच्चे कई बार उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार व मध्य प्रदेश जैसे अनेक राज्यों में आंगनवाड़ी व अपने स्कूलों की दलित समाज से सम्बन्ध रखने वाली मेड के हाथों का बना भोजन खाने से इंकार कर चुके हैं। दलित समाज के किसी दूल्हे को तथाकथित उच्च जाति के दबंगों द्वारा घोड़ी से उतारे जाने की घटनाएं भी हमारे विश्व गुरु बनने की दिशा में कथित तौर पर सरपट भाग रहे भारतवर्ष में अक्सर होती रहती हैं। जातिवादी उत्पीड़न की घटनायें केवल किसी डिलीवरी ब्वॉय, मेड या दलित दूल्हे की घुड़चढ़ी तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि दलित समाज से सम्बन्ध रखने वाले देश के दर्जनों उच्चाधिकारी यहाँ तक कि आईएएस रैंक तक के कई अधिकारी इस विषय पर अपने व्यक्तिगत कटु अनुभव सार्वजनिक रूप से सांझा करते रहे हैं।

आखिर कोई वजह तो थी कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जैसे महान कानूनविद व संविधान विशेषज्ञ को 1935 में यह कहना पड़ा था कि मैं हिंदू धर्म में पैदा जरूर हुआ, लेकिन हिंदू रहते हुए मरूंगा नहीं? बाबा साहब को दलित समाज को संबोधित करते हुए यह क्यों कहना पड़ा था कि -यदि आप एक सम्मानजनक जीवन चाहते हैं तो आपको अपनी मदद स्वयं करनी होगी और यही सबसे सही मदद होगी... अगर आप आत्मसम्मान चाहते हैं, तो धर्म बदलिए, अगर एक सहयोगी समाज चाहते हैं, तो धर्म बदलिए, अगर ताकत और सत्ता चाहते हैं तो धर्म बदलिए, समानता, स्वराज और एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते हैं जिसमें खुशी खुशी से जी सकें तो धर्म बदलिए? आखिर कुछ तो वजह रही होगी जिसके चलते 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर स्थित दीक्षाभूमि में अंबेडकर ने लाखों दलितों वंचितों के साथ हिन्दू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म स्वीकार किया? इसी दिन अंबेडकर ने सामूहिक धर्म परिवर्तन का एक कार्यक्रम भी किया और अपने अनुयायियों को शपथ दिलवाईं कि बौद्ध धर्म अपनाने के बाद किसी हिंदू देवी देवता और उनकी पूजा में विश्वास नहीं किया जाएगा। हिंदू धर्म के कर्मकांड नहीं होंगे और ब्राह्मणों से किसी किस्म की कोई पूजा अर्चना नहीं करवाई जाएगी।

परन्तु हमारे देश की सत्ता और सत्ता समर्थित नेता व मीडिया हिन्दू धर्म में व्याप्त जमीनी हकीकत बन चुकी इन जातिवादी सच्चाइयों से निपटना व इन्हें दूर करना तो दूर उल्टे न केवल इनसे आँखें मूंदे हुए है बल्कि प्रायः इस व्यवस्था को समर्थन देते भी दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं बल्कि इस अतिआवश्यक विमर्श से मुंह मोड़कर दूसरे गैर जरूरी विषयों की ओर समाज का ध्यान भटकाकर इस जातिवादी व्यवस्था को यथावत रखने में दिलचस्पी रखते हैं। इसी जातिवादी व्यवस्था वाले धर्म में घर वापसी कराकर अपनी ह्यविजय पताकाह्ल लहराते रहते हैं। जबकि इसी दुर्भाग्य पूर्ण व्यवस्था से दुखी दलित समाज के लोग आये दिन कहीं ईसाई धर्म तो कहीं बौद्ध धर्म स्वीकार करते रहते हैं। परन्तु इन सांस्कारिक जातिवादी विडंबनाओं से लड़ने के बजाये इसी व्यवस्था के पोषक कुछ लोग लाठी डंडों से लैस होकर कभी धर्म परिवर्तन करने वालों पर तो कभी करवाने वालों पर हमलावर हो जाते हैं। हास्यास्पद तो यह है कि अब कुछ शातिर शातिर जातिवाद पोषकों द्वारा भारत में इस जातिवादी वैमनस्य का कारण भी मुगल शासकों को बताया जाने लगा है। जबकि हिन्दू धर्म में वर्ण व्यवस्था का इतिहास इस्लाम धर्म के उदय से शताब्दियों पुराना है। हिन्दू धर्म में चार वर्णों की व्यवस्था इस्लाम,मुसलमान या मुगलों द्वारा नहीं की गयी थी।

## न्याय प्रणाली में हो रहा सतत् सुधार

2019 में, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक आह्वान किया। भारतीय न्यायालयों में 3.30 करोड़ से अधिक मामलों के लंबित होने को ध्यान में रखते हुए मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय को देश की न्याय प्रणाली में देरी और लंबित मामलों की संख्या को कम करने का एक तरीका ढूंढने का निर्देश दिया। मैं विश्वास के साथ यह कह सकता हूं कि हमने न केवल इनका समाधान करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास किये हैं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए सफलता की आधारशिला भी रखी है।





किरेन रिजिजू
विधि और न्याय मंत्री, भारत सरकार

16 मई, 2014 भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। भारत के मतदाताओं ने श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सरकार के पक्ष में बहुत उम्मीदों के साथ वोट दिया। हालांकि, अलग-अलग विचार और मतभेद भारत के अविभाज्य अंग हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों में सच्ची आस्था रखनेवाले व्यक्ति के रूप में, मैं आलोचनाओं को खारिज भी नहीं करूंगा। लेकिन आलोचना रचनात्मक और तथ्यात्मक होनी चाहिए। इस लेख में, मैं, किरेन रिजिजू, विधि और न्याय मंत्री, दुनिया के सामने विधि और न्याय मंत्रालय की शानदार प्रगति का विवरण पेश करूंगा तथा ये सभी बातें तथ्यात्मक रूप से सही होंगी ।

क्या हमने पर्याप्त कार्य पूरे कर लिए हैं? बिल्कुल नहीं। क्या हम सही रास्ते पर हैं? बिल्कुल।

2019 में, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक आह्वान किया। भारतीय न्यायालयों में 3.30 करोड़ से अधिक मामलों के लंबित होने को ध्यान में रखते हुए मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय को देश की न्याय प्रणाली में देरी और लंबित मामलों की संख्या को कम करने का एक तरीका ढूंढने का निर्देश दिया। मैं विश्वास के साथ यह कह सकता हूं कि हमने न केवल इनका समाधान करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास किये हैं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए सफलता की आधारशिला भी रखी है। शुरूआत विधायी विभाग की उपलब्धियों से- प्रणालीगत कानूनी सुधार के लिए पिछले आठ वर्षों के दौरान सरकार द्वारा कुल 1,486 पुराने और निरर्थक कानूनों को निरस्त किया गया है। निर्वाचक पंजीकरण नियम और चुनाव संचालन नियम, 1961 में संशोधन के द्वारा विभिन्न फॉर्म को सरल बनाया गया है, ताकि ये उपयोगकर्ता-अनुकूल हो सकें। एक मतदाता के रूप में पंजीकरण की सुविधाजनक प्रक्रिया के लिए, हमने चुनाव संचालन नियम, 1961 में भी संशोधन किया है, ताकि 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और सशस्त्र बलों के मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की जा सके। तलाक-ए-बिद्दत के माध्यम से तलाक की रोकथाम के लिए मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन के दूरगामी प्रभाव होंगे और यह फिर से इस बात को रेखांकित करता है कि जब हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास कहती है, तो हम इसके लिए वास्तव में प्रतिबद्ध होते हैं। न्याय विभाग (डीओजे) ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के साथ दो चरणों में हाशिए के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच नामक एक परियोजना में भागीदारी की। दोनों चरणों के तहत, कार्यक्रम ने प्रमुख न्याय सेवा प्रदाताओं की संस्थागत क्षमताओं में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिनसे वे गरीबों और वंचितों की प्रभावी रूप से सेवा कर सकें। डीओजे ने राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, सरकारी विभागों, सीएसओ, शैक्षणिक संस्थानों आदि के साथ साझेदारी सहित अभिनव मॉडल और प्रथाओं के माध्यम से 38 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया। 2020 में, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के एक मूल्यांकन के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर इन कार्यक्रमों का विस्तार करने की सिफारिश की गयी। इसके परिणामस्वरूप भारत में न्याय तक समग्र पहुंच के लिए अभिनव समाधान का डिजाइन तैयार करना (दिशा) नामक न्याय योजना तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित समाधान सामने आया। यह योजना सभी के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के माध्यम से एसडीजी-16 के कार्यान्वयन को गति प्रदान करती है। दिशा के महत्वपूर्ण उद्देश्य थे-टेली-लॉ के माध्यम से मुकदमा-पूर्व तंत्र को मजबूत करना, न्याय बंधु कार्यक्रम के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सेवाओं की प्रभावी व्यवस्था विकसित करना और न्याय मित्र कहे जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के कैडर के माध्यम से अदालतों में लंबित मामलों को निपटाने की सुविधा प्रदान करना।

टेली-लॉ सबसे महत्वाकांक्षी प्लेटफार्मों में से एक है, जिनके सुखद परिणाम सामने आये हैं। 2017 में लॉन्च किया गया, टेली-लॉ एक ई-इंटरफेस प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य मुकदमा-पूर्व सलाह के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना है। इसके लिए पैनल वकीलों की एक समर्पित टीम, साझा सेवा केंद्र (सीएससी) पर उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/टेलीफोन सुविधाओं के जरिये उन्हें सलाह देती है। कानूनी सेवा प्राधिकरणों ने न्याय देने के पारंपरिक तरीकों में डिजिटल तकनीक को सरलता से एकीकृत किया है और लोक अदालत को वर्चुअल प्लेटफार्म पर आयोजित किया जा रहा है। यह न्याय तक लोगों की पहुंच में वृद्धि और सुधार करता है तथा मुकदमा-पूर्व तथा लंबित मामलों का निपटारा करके अदालतों पर बोझ कम करता है। 2016 से अब तक, राज्य लोक अदालतों के माध्यम से 65.22 लाख मामलों, राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से 502.11 लाख मामलों और स्थायी लोक अदालतों के माध्यम से 5.89 लाख मामलों को निपटाया गया है। कोविड-19 के दौरान, जिला और उच्च न्यायालयों ने लगभग 1.90 करोड़ मामलों (31 मार्च 2022 तक) की सुनवाई की और सर्वोच्च न्यायालय ने 2,18,891 से अधिक वर्चुअल सुनवाई (14 मार्च 2022 तक) की, जिनसे यह वर्चुअल सुनवाई के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बन गया। 2019 में यौन अपराधों से सम्बंधित मामलों के समयबद्ध अंतिम फैसले के लिए देश भर में 389 विशेष पॉक्सो कोर्ट समेत 1,023 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएससी) की स्थापना की गई। 406 विशेष पोक्सो न्यायालयों सहित 722 एफटीएससी पहले से ही परिचालन में हैं। नवंबर 2021 में, मैंने संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया था, जिसे नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च (एनएएलएसएआर), यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद के सहयोग से कानूनी मामलों के विभाग द्वारा शुरू किया गया था। पाठ्यक्रम संविधान से परिचित कराता है और 15 संकल्पना आधारित वीडियो की एक श्रृंखला के माध्यम से ऐतिहासिक विकास का परीक्षण करता है। मुझे खुशी है कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में कानून और न्याय मंत्रालय ने इस लक्ष्य की दिशा में काफी प्रगति की है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि मैं इस प्रक्रिया का हिस्सा रहा हूं। जय हिन्द।

## अग्निपथ क्यों बना कीचड़पथ?

अग्निपथ योजना के खिलाफ जो जबर्दस्त तोड़-फोड़ देश में हुई है, उसकी पहल स्वतः स्फूर्त थी। उसके पीछे किसी विपक्षी नेता या दल का हाथ नहीं था लेकिन अब आप टीवी चैनलों पर देख सकते हैं कि विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता और नेता हाथ में अपने झंडे लिए हुए नारे लगाते घूम रहे हैं। ये वे लोग हैं, जिन्हें न तो खुद फौज में भर्ती होना है और न ही इनके बच्चों को फौजी नौकरी पाना है। जिन नौजवानों को फौजी नौकरी पाना है, उनका गुस्सा स्वाभाविक था। हर आदमी अपने जीवन में स्थायी सुरक्षा और सुविधा की कामना करता है। कोई भी नौजवान चार साल फौज में बिताने के बाद क्या करेगा, यह प्रश्न उसे विचलित किए बिना नहीं रहेगा।





डॉ. वेदप्रताप वैदिक
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

अग्निपथ को हमारे नेताओं ने कीचड़पथ बना दिया है। सरकार की अग्निपथ योजना पर पक्ष-विपक्ष के नेता कोई गंभीर बहस चलाते, उसमें सुधार के सुझाव देते और उसकी कमजोरियों को दूर करने के उपाय बताते तो माना जाता कि वे अपने नेता होने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं लेकिन सत्तारुढ़ भाजपा के नेता आंख मींचकर अग्निपथ का समर्थन कर रहे हैं और सारे विपक्षी नेता उस पर कीचड़ उछाल रहे हैं। सरकार और फौज अपनी मूल योजना पर रोज ही कुछ न कुछ रियायतों की घोषणा कर रही है ताकि हमारे भावी फौजियों की निराशा दूर हो और उनमें थोड़े उत्साह का संचार हो लेकिन लगभग सभी विपक्षी दलों को यह एक ऐसा मुद्दा मिल गया है, जिसे भुनाने में वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

यह तथ्य है कि अग्निपथ योजना के खिलाफ जो जबर्दस्त तोड़-फोड़ देश में हुई है, उसकी पहल स्वतः स्फूर्त थी। उसके पीछे किसी विपक्षी नेता या दल का हाथ नहीं था लेकिन अब आप टीवी चैनलों पर देख सकते हैं कि विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्त्ता और नेता हाथ में अपने झंडे लिए हुए नारे लगाते घूम रहे हैं। ये वे लोग हैं, जिन्हें न तो खुद फौज में भर्ती होना है और न ही इनके बच्चों को फौजी नौकरी पाना है। जिन नौजवानों को फौजी नौकरी पाना है, उनका गुस्सा स्वाभाविक था। हर आदमी अपने जीवन में स्थायी सुरक्षा और सुविधा की कामना करता है। कोई भी नौजवान चार साल फौज में बिताने के बाद क्या करेगा, यह प्रश्न उसे विचलित किए बिना नहीं रहेगा। फौज में जाने को ग्रामीण, गरीब और अल्पशिक्षित नौजवान इसलिए भी प्राथमिकता देते हैं कि उन्हें युद्ध तो यदा-कदा लड़ना पड़ता है लेकिन उनका शेष समय पूरी सुविधाओं और सुरक्षा में बीतता है और सेवा-निवृत्त होने पर 30-40 साल तक पेंशन और मुफ्त इलाज आदि की सुविधाएं भी मिलती रहती हैं और वे चाहें तो दूसरी नौकरी भी कर सकते हैं।

लेकिन यह परंपरागत व्यवस्था दुनिया के सभी प्रमुख देशों में बदल रही है, क्योंकि फौज में कम उम्र के नौजवानों की ज्यादा जरुरत है। सारी फौज के शस्त्रास्त्रों की खरीद पर जितना पैसा खर्च होता है, उससे ज्यादा पेंशन पर हो जाता है। फौज का आधुनिकीकरण बेहद जरुरी है।

सरकार के ये तर्क तो समझ में आते हैं लेकिन कितना अच्छा होता कि अग्निपथ की ज्वाला अचानक भड़काने की बजाय वह इस मुद्दे पर संसद और खबरपालिका में पहले सर्वांगीण बहस करवा देती। अब उसकी इस घोषणा का असर जरुर पड़ेगा कि इस आंदोलन में भाग लेनेवाले जवानों को अग्निपथ की नौकरी नहीं मिलेगी। यह आंदोलन ठप्प भी हो सकता है।

लेकिर बेहतर तो यह होता कि फौजी अफसर इस योजना को तुरंत लागू करने की घोषणा करने की बजाय इस पर सांगोपांग बहस होने देते और जो भी उत्तम सुझाव आते, उन्हें स्वीकार कर लिया जाता। अग्निपथ को कीचड़पथ होने से बचाना बहुत जरुरी है

## कहीं आप मानसिक बीमार तो नहीं?

डा. वरिंदर भाटिया

विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक नया विश्लेषण दशार्ता है कि दुनिया भर में करीब एक अरब लोग मानसिक विकार के किसी न किसी रूप से पीड़ित हैं। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी ने चिंता व्यक्त करते हुए आगाह किया है कि हर सात पीड़ितों में से एक किशोर है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के पहले वर्ष में मानसिक अवसाद और व्यग्रता (एंग्जायटी) में 25 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने नए विश्लेषण को इस सदी के आरंभ से अब तक, मानसिक स्वास्थ्य के विषय में अब तक की सबसे बड़ी समीक्षा बताया है, और सदस्य देशों से बदतर होते हालात से निपटने के लिए जरूरी उपाय करने का आग्रह किया है। भारत में भी समस्या बढ़ रही है। मानसिक विकार या मानसिक बीमारी ऐसे विषय हैं जिनके बारे में बहुत ही कम लोग बात करते हैं। अक्सर इस स्थिति के शिकार को खुद ही इसका अंदाजा नहीं लग पाता है। लेकिन इसका असर हमारी पर्सनल लाइफ और वर्क लाइफ पर पड़ता है। इसमें इनसान की कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है। महिलाओं पर इसका असर भयानक होता है। मानसिक बीमारी और व्यक्तित्व विकार जैसी स्थितियों के कुछ खास लक्षण और कारण हैं। मानसिक बीमारी जिसे मानसिक स्वास्थ्य विकार भी कहा जाता है, इसमें ऐसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां शामिल हैं जिससे व्यक्ति की मनोदशा, सोच और व्यवहार प्रभावित होता है। जैसे डिप्रेशन, चिंता विकार, सिजोफ्रेनिया, ईटिंग डिसऑर्डर, पर्सनैलिटी डिसऑर्डर आदि। कई लोगों को समय-समय पर घर, ऑफिस या पैसे से संबंधित मानसिक चिंताएं होती हैं, लेकिन यही मानसिक चिंताएं जब काफी समय तक चलती रहती हैं तो ये मानसिक विकार में बदल जाती हैं। मेंटल डिसऑर्डर से ग्रसित इनसान को उपचार के लिए मनोरोग चिकित्सा के साथ-साथ परिवार और दोस्तों के साथ की भी आवश्यकता होती है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के आनुवांशिक, वातावरण, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक आदि कारण हो सकते हैं। मानसिक बीमारी होने की शंका उन लोगों में बढ़ जाती है जिनके परिवार में किसी को पहले मानसिक बीमारी रही हो। जैसे पर्सनैलिटी डिसऑर्डर्स, मंदबुद्धि होना, सिजोफ्रेनिया आदि रोग उन लोगों में ज्यादा मिलते हैं जिनके परिवार में पहले कोई इन बीमारियों से पीड़ित हुआ हो। गर्भ के दौरान लिया गया ज्यादा स्ट्रेस, विषाक्त पदार्थों का सेवन, शराब या ड्रग्स कभी-कभी बच्चे में मानसिक बीमारी का कारण बनते हैं। आपसी संबंधों में तनाव की स्थिति, किसी प्रिय व्यक्ति की मौत, शादी/प्यार में असफलता आदि मनोरोगों के कारण बन सकते हैं। मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर का एक कारण न्यूरोट्रांसमीटर में आया हुआ परिवर्तन भी हो सकता है। दरअसल न्यूरोट्रांसमीटर मस्तिष्क रसायन हैं जो संकेतों को आपके मस्तिष्क और शरीर के अन्य भागों तक ले जाते हैं। जब इन रसायनों से जुड़ा नर्वस सिस्टम ठीक से काम नहीं करता है तो मानसिक विकार जन्म लेते हैं।

मानसिक विकार के सामान्य लक्षण क्या हैं? आइए, जानें। अधिकतर मानसिक रोगों से ग्रसित लोगों के लक्षण लगभग समान ही होते हैं। इनमें प्रमुख हैं सामाजिक लोगों से कटाव और अकेले रहना, याददाश्त कमजोर होना, उदास महसूस करना, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी, किसी भी गतिविधि में भाग लेने के लिए इच्छा की कमी, अपने आप से ही कटा-कटा महसूस करना, कामकाज में असामान्यता, खेल आदि में अरुचि, एकाग्रता में समस्या, अत्यधिक क्रोध आना, डर या दूसरों के प्रति शक, मनोदशा में अत्यधिक परिवर्तन, हिंसक व्यवहार, हमेशा नर्वस महसूस करना, शराब या नशीली दवाओं का सेवन करना, अजीब व्यवहार करना आदि हैं। ऐसे में खुद को पता ही नहीं लगता कि कहीं हम मानसिक बीमार तो नहीं हैं? फिर भी कुछ लक्षणों से भी मानसिक रोग के शिकार होने का पता लग जाता है, जैसे खुद से नफरत करने लगना, खुद को खत्म करने की भावना आना, ये याद न रहना कि आप आखिरी बार कब खुश थे, बिस्तर से उठाना या नहाने जैसे कार्यों को करना बहुत बड़ा काम लगने लगना, पर्सनैलिटी डिसऑर्डर (व्यक्तित्व विकार) के शिकार या फिर मानसिक रूप से अस्वस्थ इनसान के सोचने, भावनाओं को महसूस करने और व्यवहार करने का तरीका आम व्यक्ति से बिल्कुल अलग होता है। आमतौर पर ऐसा इनसान हर समय एक जैसा ही व्यवहार करता है। पर्सनैलिटी डिसऑर्डर भी ऐसा ही एक मानसिक विकार है, जिसमें व्यक्ति के व्यवहार में बहुत ज्यादा बदलाव आ जाते हैं। इन बदलावों की वजह से रोगी की दिनचर्या बहुत बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है।

इस तरह के मानसिक विकारों की खास बात यह होती है कि खुद पीड़ित व्यक्ति को एहसास नहीं होता कि वह किसी मानसिक समस्या का शिकार हुआ है। किसी व्यक्ति में पर्सनैलिटी डिसऑर्डर तो नहीं है, यह जांचने के लिए व्यक्ति में दिखने वाले कुछ सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं जैसे कि किसी के व्यवहार में अचानक से बहुत ज्यादा बदलाव आ जाना, दूसरे लोगों पर बहुत अधिक निर्भर रहने लग जाना, सामाजिक रूप से अलग-थलग रहना, हर किसी से घुलना-मिलना बंद कर देना, अचानक बहुत अधिक गुस्सा करना, अचानक बहुत शांत हो जाना, हमेशा डरे-डरे रहना, अपने ऊपर नियंत्रण न रख पाना, अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते न बना पाना, अपने आसपास लोगों को शक की नजरों से देखना, बात करने में कतराना, भीड़ में जाने से डरना आदि। एक अध्ययन के मुताबिक करीब 20 करोड़ लोग या हर सातवां भारतीय किसी न किसी तरह की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। भारतीय चिकित्सा शोध परिषद (आईसीएमआर) के अध्ययन में पता चला है कि 5 करोड़ लोग आम मानसिक विकार, अवसाद और 4.50 करोड़ लोग बेचैनी से पीड़ित हैं। जबकि 10 करोड़ लोग अन्य मनोरोग से पीड़ित हैं। जबकि मानसिक विकार से संबंधित प्रोफेशनल्स की भारी कमी है। मानसिक विकारों के चलते देश में लगभग 700 लोग रोजाना मौत को गले लगा लेते हैं। 15-39 साल के लोग अवसादग्रस्त होकर सबसे ज्यादा खुदकुशी करते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य में समस्या के कारण भारत को 2012 और 2030 के बीच 1.03 ट्रिलियन अमरीकी डालर का आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है। सामाजिक भय के कारण भी लोग इस बारे में खुलकर बात नहीं कर पाते हैं। देश में उपचार का अंतर 70 फीसदी है। अर्थात इतने फीसदी लोग बीच में ही इलाज छोड़ देते हैं। केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मणिपुर और पश्चिम बंगाल में चिंता विकारों की समस्या अधिक है। पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा पीड़ित हैं। 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में विकारों का खतरा अधिक है।

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सामान्य चिकित्सा सेवाओं में शामिल करना चाहिए। अगर किसी को लगातार चिंता-तनाव है, अवसाद का अनुभव करता है, तो उसे तुरंत मनोचिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। मानसिक विकार का होना हेल्थ के लिए नुकसानदेह है। इसे कभी भी हलके से न लिया जाए तो बेहतर है। योग, म्यूजिक थेरेपी, मोबाइल का कम इस्तेमाल, छोटी-छोटी बातों को दिल पर न लगाना, लाइफ स्टाइल में बदलाव, काउंसिलिंग, अकेले न रहना, पूर्वाग्रहों से ग्रस्त न होना, दूसरे की तरक्की में ईर्ष्यालू न होना, संतुष्ट रहना, थोड़ा आध्यात्मिक रहना, ईश्वर के साथ जुड़े रहना, गीता सार समझ लेना और अपनाना, लालच त्यागना, पैसे इकट्ठे करने की दौड़ में न पड़ना, षड्यंत्र करने की प्रवृत्ति को त्यागना, लाइफ स्टाइल को ठीक बनाना, काम को टालने की आदत न डालना जैसे अनेक बिंदु हमें मानसिक विकारों के बुरे प्रभाव से बचा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



मंडावर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाभिमान के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबंध में जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान सड़कों पर तथा स्कूल कालेजों के आसपास बेवजह घूम रहे मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### पुलिस ने दबोचा बदमाश



हल्दौर। थाना हल्दौर पुलिस द्वारा पर 01 नफर वारंटी अभियुक्त इकबाल उर्फ पप्पू पुत्र इतने हसन निवासी ग्राम नागलंजट थाना हल्दौर को वाद स0-300/18 धारा 60/62 आकबारी में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### पुलिस मुठभेड़ के बाद छह गोकश गिरफ्तार

सहारनपुर। सहारनपुर जिले के देवबंद क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गोकशी करने वाले छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) राजेश कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस निरीक्षण अभियान संचालित कर रही थी, तभी उसे सूचना मिली कि कोटला चौराहे के पास सुफियान के मकान में गोकशी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने उन पर गोलियां चलायीं। इस घटना में एक पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गया। कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोकशी करने वालों को चारों ओर से घेर लिया और छह बदमाशों इसरार, अकरम, शहजाद, इमरान, अकबर और अरशद को गिरफ्तार कर लिया। उनके दो साथी भागने में सफल रहे। उनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पशुओं के अवशेष, चार चाकू, एक तमंचा और कारतूस बरामद किये हैं।

### आजमगढ़ चुनाव से परे हिट हो रहे भाजपा के प्रचार के तरीके

आजमगढ़। आजमगढ़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन चुनाव की गूंज सुनाई देती रहती है। उप-चुनावों में भाजपा के जिंगल्स लोग गुनगुना रहे हैं। अखिलेश हुए फरार, निरहुआ डटल रहे, इसका मतलब है कि अखिलेश भाग गए, निरहुआ मजबूती से यहां हैं। यह भाजपा के सबसे लोकप्रिय जिंगल्स में से एक है। इस जिंगल्स को एक सपा नेता गुनगुनाता हुआ पकड़ा गया। पकड़े जाने के बाद नेता ने सफाई देते हुए कहा, यह धुन इतनी आकर्षक है और मैंने अनजाने में इसे गुनगुनाना शुरू कर दिया था। बीजेपी प्रत्याशी भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ भी सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के आजमगढ़ से चुनाव लड़ने को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

# मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल: डीएम

## शासन द्वारा लाभार्थियों को निर्धारित नकद धनराशि बैंक के माध्यम से तथा घरेलू सामग्री उपलब्ध कराई जाती है

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि उक्त योजना का लाभ पात्रता के आधार पर उपलब्ध कराएं और जो लाभार्थी पहले आवेदन करता है उसे प्राथमिकता दें। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके कार्यालय में शादी अनुदान से संबंधित जो भी आवेदन जांच के लिए भेजे गए हैं, उनको जांच के उपरांत आख्या सहित संबंधित विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उनको लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने से वंचित न रहे और न ही कोई आपात्र व्यक्ति अवैध रूप से लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल है, जिसका उद्देश्य समाज के गरीब और असहाय लोगों को दाम्पत्य जीवन का लाभ पहुंचाना है जो अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अपने दामपत्य जीवन का सपना साकार करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ऐसे पात्र लोगों को मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जाता है ताकि वे समाज में अपना दामपत्य जीवन गुजार सकें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लाभार्थियों को निर्धारित नकद धनराशि बैंक के माध्यम से तथा घरेलू सामग्री उपलब्ध कराई जाती है तथा इसके अलावा वे अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष मा0 मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना का पात्र लाभार्थियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बैठक के उपरांत कलेक्टेट सभागार में ही एनजीओ के पदाधिकारियों का आहवान करते हुए कहा कि जिले को सुन्दर, आकर्षक और पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए स्वयं सेवी संस्था को निर्देश दिए कि उक्त कार्यों के लिए आगे आएं, जिला प्रशासन द्वारा उनको आवश्यक सहयोग और सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे अथवा खाली सार्वजनिक भूमि, तालाबों के तटों तथा पार्कों में पौधे रोपित कराएं जिसके लिए उन्हें आवश्यकता के अनुसार पौध तथा उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराएं जाएंगें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तालाबों और पार्कों के सौंदर्यकरण के क्षेत्र में कार्य करें। जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने ह्रनमो फाउण्डेशनह नामक स्वयंसेवी संस्था के सेक्रेट्री सुशील कुमार राजपूत को निर्देशित करते हुए कहा कि सौंदर्यकरण के साथ ही जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने में भी संस्था को सहयोग उपलब्ध कराने के लिए आगे लाएं। इस पर अवसर विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश, मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा कल्याण विभाग के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत वन विभाग बेखबर

मंडी धनौरा। क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से ग्रामीण दहशत में हैं। तेंदुए की दहशत से बच्चे स्कूल भी नहीं जा रहे हैं। लेकिन वन विभाग मामले में अंजान बना हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण घरों में कैद होने पर मजबूर हैं। तेंदुए के खौफ से बच्चे स्कूल भी नही जा रहे। गांव के प्राइमरी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्पना यादव ने बताया कि तेंदुए के डर से छोटे बच्चे स्कूल नही आ पा रहे हैं। बच्चों में तेंदुए को लेकर भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में काफी बार तेंदुआ देखा गया है। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए ने एक बकरी और एक कुत्ते को भी अपना निशाना बनाया है। तेंदुए की दहशत से ग्रामीण खेत पर जाने से भी कतरा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तेंदुआ घूम रहा है। लेकिन वन विभाग की टीम मामले में अंजान बनी हुई है। वन विभाग की ओर से अभी तक भी गांव में पिंजरा नही लगाया गया है। उधर मामले में रेंजर करण सिंह का कहना है कि गांव में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाएगा। सैदपुर निवासी ग्रामीण चंद्रपाल सिंह ने कहा कि गांव में तेंदुए की दहशत से ग्रामीण घरों से बाहर नही निकल पा रहे हैं।

# वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी के वाहन और पार्ट्स भी बरामद



नौगावां सादात, प्रात: किरण संवाददाता

नौगावां पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने चोरी हुए ट्रैक्टरों का कटान कर उनके पार्ट्स को अलग-अलग कर बेचने वाले आरोपी ( कबाड़ी ) को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आरोपी ने अन्य साथियों के सहयोग से इस कार्य को किए जाने की बात कही है। जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। फिलहाल पुलिस ने मौके पर मिले आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इसको जेल भेज दिया है।सीओ सिटी विजय राणा ने बताया कि शातिर अभियुक जाहिद को चोरी के ट्रैक्टरों का कटान कर उनके पाट्र्स को अलग अलग कर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। साथ ही इसके पास से पुलिस ने दो ट्रैक्टर और भारी मात्रा में ट्रैक्टरों के अलग अलग किए हुए पार्ट्स बरामद किए हैं। साथ ही बताया कि आरोपी कबाड़ी की दुकान चलाकर इस धंधे को चला रहा था इस धंधे में इसके अन्य साथी भी शामिल हैं। जिनकी तलाश में टीम लगा दी गई। फिलहाल आरोपी जाहिद निवासी गांव पृथ्वीपुर खुर्द थाना नौगावां सादात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। अग्रिम कार्रवाई जारी है। उधर थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि थाना इलाके में अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। किसी भी कीमत पर अपराधियों को पनाह नहीं दी जाएगी। साथ ही शातिर कबाड़ी को जेल भेज दिया है। इसके अन्य साथियों की तलाश जारी है। उनको भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## हाशमी को फंडिंग करने वाला मुख्तार बाबा गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर हिंसा मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) को मुख्य आरोपित को फंड उपलब्ध कराने वालों के बारे में अहम सबूत मिले हैं। हिंसा भड़काने में आर्थिक सहयोग करने वाले बिरयानी कारोबारी मुख्तार बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत 03 जून को कानपुर कमिश्नरेट के बेकनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परेड, नई सड़क पर सैकड़ों उपद्रवियों ने पथराव किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और उपद्रव एवं हिंसा करने वालों पर कार्यवाही शुरू कर दी। प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की जांच में मुख्य आरोपित हयात जफर हाशमी को फंडिंग करने वालों के विषय में अहम सबूत मिले। जांच में पाया गया कि मुख्तार बाबा ने हिंसा के लिए फंडिंग की थी। मुख्य आरोपित हाशमी, मुख्तार बाबा से फंड जुटाता था। वहीं पुलिस रिकार्ड में मुख्तार बाबा पर कई क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं एसआईटी की रडार पर कई और संदिग्ध हैं और कुछ लोगों की जल्द गिरफ्तारी हो सकती है। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने बुधवार को बताया कि हिंसा में मुख्य आरोपित हयात जफर हाशमी को फंडिंग करने वालों की जांच जारी है।

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, धड़ल्ले से चल रही जेसीबी, पूरी रात दौड़ रहे डंपर




डिडौली , प्रात: किरण संवाददाता

खनन माफिया अधिकारियों की मिलीभगत से रात के अंधेरे में मिट्टी के खनन का अवैध कारोबार जोरों पर चल रहा हैं। रातभर जेसीबी से खनन कर डंपरों से आसपास हो रही प्लॉटिंग को पाटा जा रहा है। दर्जन भर से अधिक मिट्टी से लदे डंपरों का पूरी रात आवागमन जारी रहता है। जो सुबह होते ही बंद हो जाता हैं। इलाके में रोजाना मिट्टी का अवैध खनन जारी है।गौरतलब है कि डिडौली कोतवाली इलाके के गांव रसूलपुर गुर्जर और सिवोरा के जंगल में कई दिनों से जेसीबी द्वारा रात के अंधेरे में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। पूरी रात मिट्टी से लदे डंपरों का आवागमन जारी रहता है। लेकिन सुबह होते ही यह अवैध खनन बंद हो जाता है। हालंकि पूरी रात पुलिस की गश्त भी इस रोड पर होती है। लेकिन पुलिस भी इन खनन माफियाओं को टोकना भी गवारा नहीं समझती। यही वजह है कि खनन माफिया इस अवैध धंधे को चला रहे है। डिडौली थाना प्रभारी सुनील कुमार मलिक ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर मिट्टी का थाना इलाके में कही अवैध खनन चल रहा है तो संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही जब जिला खनन अधिकारी अशोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रसूलपुर गुर्जर के जंगल में आईआरबी द्वारा डंपरों से मिट्टी हाइवे के चौड़ीकरण में डाली जा रही है। मिट्टी प्लाटिंग पर नहीं डाली जा सकती। अगर ऐसा है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

बछरायूं। खेत पर गए किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किसान का शव खेत पर पड़ा हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौत के कारण जानने के लिए लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। ग्रामीणों द्वारा जहरीले कीड़े द्वारा काटे जाने से मौत की चर्चा हैं। जानकारी के अनुसार घटना थाना क्षेत्र के गांव लालापुरी खाबड़ी की है। यहां मदन पाल(40) पुत्र हेम सिंह का परिवार रहता है। बताते हैं कि मदन पाल बुधवार की सुबह खेत पर सिंचाई करने के लिए गया हुआ था। यहां उस की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर नहीं पहुंचने पर स्वजनों को चिंता हुई। जब स्वजन खेत पर पहुंचे यहां मदन का शव देखकर चीख निकल गई। चीख पुकार मचने पर आस पड़ोस में काम कर रहे किसान भी मौके पर आ गए। जिसके बाद शव को लेकर सरकारी अस्पताल भी पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया। उधर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर मौत के कारण जानने को शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि किसान मदन पाल का शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

# तीन लोगों को अनियंत्रित कार ने कुचला

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता




ब्लाक क्षेत्र के रेहड़ बादीगढ़ पर बस की प्रतीक्षा में बस स्टैंड पर खड़ी तीन सवारियों को अनियंत्रित कार ने कुचल दिया। जिसमें एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गयीं। जबकि दो अन्य घायलों की हालत नाजुक बनी हुई हैं। पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। बुधवार की सुबह बादीगढ़ चैराहे पर स्थित पुलिस चैकी के सामने कृष्णा देवी अपने परिजनों के साथ एक शोक सभा में शामिल होने अपनी रिश्तेदारी में कुछ सवारियों के साथ बस की इंतजार में खड़ी थी। इसी दौरान गांव सुआवाला की ओर से तेज गति से आ रही एक कार अफजलगढ़ की ओर से आ रही कार जा टकराए जिसमें कार अनियंत्रित होकर पुलिस चैकी में जा घुसी। इस हादसे में वहां खड़ी सवारी कृष्णा देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी मनोहर सिंह व उसका पति मनोहर सिंह तथा बेटा धर्मेन्द्र निवासी गांव गोवर्धनपुर उर्फ नाबका, मुबारिक हुसैन 56 उम्र वर्ष पुत्र कमालुद्दीन निवासी गांव कासमपुरगढ़ी कोतवाली अफजलगढ़ व सत्यम कुमार उम्र 10 वर्ष पुत्र सोनू निवासी गांव चतरपुर थाना अफजलगढ़ घायल हो गयें। घायल को स्थानीय पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सको ने कृष्णा देवी को मृत घोषित कर दिया और घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतका के पति ने बताया कि वह कृष्णा देवी अपने नाती सत्यम के व पुत्र धर्मेन्द्र के साथ भायपुर (ठाकुरद्वारा) एक शोक सभा मे जा रहे थें। उधर थानाध्यक्ष सुदेशपाल सिंह का कहना हैं कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया हैं। कार को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रहीं हैं।

## शादी के दौरान हर्ष फायरिंग में सेना के जवान की मौत

सोनभद्र। सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर में मंगलवार की रात एक विवाह समारोह में खुशी में चलायी गयी गोली लगने से सेना के एक जवान की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के महुआरी तेंदू निवासी 35 वर्षीय बाबूलाल यादव जम्मू में सेना के हवलदार पद पर तैनात था, वह कुछ दिन पूर्व छुट्टी पर अपने घर आया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए राबर्ट्सगंज के ब्रह्मनगर मोहल्ले में गया था और समारोह के दौरान खुशी में चलायी गयी गोली से यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद कुछ लोग उसे लेकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। जवान को गोली कैसे लगी और उसकी लाइसेंसी पिस्तौल कहां है, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना की जाँच की जा रही है।

## देवता बनकर पारब्रह्म परमेश्वर की आराधना पशु बनकर संसार में ना भटकते रहो: बाबा फुलसन्दे वाले

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा ईश्वरीय मंत्र के द्वारा सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने कहा कि देवों भूत्वा देवम यजेत- देवता बनकर पारब्रह्म परमेश्वर की आराधना करो पशु भुत्वा ना विचारेत पशु बनकर संसार में ना भटकते रहो। परमेश्वर के अलावा कोई दूसरा पूजा व आराधना के योग्य नहीं है। पूजा के योग्य वहीं हैं जिसकी आराधना सभी देवी-देवता, पितृ गण आत्मा के उजाले में कर रहे हैं। इस बात को गहराई से समझना पड़ेगा। सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वाले यहाँ बिजनौर की आरटीओ ऑफिस रोड़ स्तिथ ऋषभ विहार कॉलोनी मे आयोजित दिव्य सत्संग मे उपस्थित श्रधालुओं को धर्म प्रवचन कर रहे थे। बाबा ने कहा कि सारे जहान मे हिंदुस्तान ही देवताओं की पुण्य भूमि है। वेदों की उदगम स्थली है। हिन्दू ही देवताओं की अमृत संतानें है। सभी भक्तों को देवताओं का निरन्तर उद्धव करना चाहिए। तथा साथ ही वेंदो का जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सभी देशभक्तो मे धार्मिकों के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। राष्ट्रहित व राष्ट्ररक्षा मे ही देश, धर्म, तथा संस्कृति व मानवता का स्थान निहित है। दिव्य सत्संग मे सभी श्रद्धालुओं ने सत्पुरुष बाबा का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर देवपुत्र रवि राजपूत, राकेश राजपूत, रेसराम सिंह, नरेश राजपूत, प्रीतम सिंह, धनपति देवता, राहुल देवता, आकाश, अमर सिंह, आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय स्तर पर टॉप 10 एवं विषय अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज अफजलगढ़ में 2022 की बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल एवं इंटर के परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय स्तर पर टॉप 10 एवं विषय अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेन्द्र कुमार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के व्यवस्थापक मुनीष कुमार जैन, अध्यक्ष अनिल कुमार रस्तौगी, सेवा भारती प्रमुख मोहन सिंह सहित नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत किये जाने वाले छात्र छात्राओं में हाई स्कूल में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वालों में अतुल कुमार ने 93.33 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद स्तर पर तृतीय व विद्यालय में स्थान प्राप्त किया। वही हाई स्कूल में जतिन कुमार ने-90प्रतिशत द्वितीय, निलक्षी चैहान ने 89.83 प्रतिशत तृतीय कनिष्का सिंह और 88.50 प्रतिशत चतुर्थ सिल्की सैनी 86.83 प्रतिशत पंचम वृंदा भारद्वाज ने 85.5 प्रतिशत, मुनज्जा व पर्व विश्नोई ने 85 प्रतिशत सप्तम रचना सिंह ने 84.33 प्रतिशत अष्टम नितिक्षा ने 83.33 प्रतिशत नवम एवं हिमांशु कुमार ने 82.83 प्रतिशत दशम् स्थान प्राप्त किया इंटरमीडिएट में अभय कुमार शर्मा ने 82.22 प्रतिशत प्रथम तथा अरीबा परवीन एवं उपासना ने 80.8 प्रतिशत द्वितीय ,मयंक कुमार ने 79.4 प्रतिशत तृतीय, अनुज कुमार ने 79.2 प्रतिशत चतुर्थ ,शगुफा परवीन ने 78.8 प्रतिशत पंचम ,निखिल कुमार ने 77.81 प्रतिशत षष्ठ, विशाखा कौशिक ने 77.6 प्रतिशत सप्तम ,मोहम्मद समीर ने 77.4 प्रतिशत अष्टम, प्रियदर्शी ने 77.2 प्रतिशत नवम ,लक्ष्य चैहान एवं मिष्टी अग्रवाल ने 77 प्रतिशत दशम स्थान पर रहे। हाई स्कूल में विषय से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में अतुल कुमार मुनज्जा ने हिंदी 97 एवं सा. विज्ञान में 94,वृंदा भारद्वाज ने अंग्रेजी में 96 ,सिल्की सैनी ने गणित में 96 ,अतुल कुमार ने विज्ञान में 90, प्रिंस ,पर्व विश्नोई ,मुकुल कुमार सैनी ,अतुल कुमार जतिन कुमार ,कार्तिकेय मोहित कुमार ,निखिल कुमार ने चित्रकला में 96 अंक प्राप्त किये इंटरमीडिएट में विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में अनुज कुमार ने हिंदी में 90,अभय कुमार शर्मा ने अंग्रेजी में 89 एवं गणित में 92,रोहित कुमार ने जीव विज्ञान 83 ,अरीबा परवीन ने रसायन विज्ञान में 85, शगुफ्ता परवीन एवं मोहम्मद समीर ने भौतिक विज्ञान में 82 अंक प्राप्त किए सेवा भारती प्रमुख मोहन सिंह ने छात्र-छात्राओं को ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी अध्यक्ष अनिल कुमार ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नवागत एसडीएम धामपुर को एमआर पाशा ने दी बधाई



धामपुर , प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बुधवार को एसडीएम धामपुर कार्यालय में पहुंचकर एसडीएम धामपुर मनोज कुमार को राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने गुलदस्ता देकर बधाई दी। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने एसडीएम धामपुर मनोज कुमार को दिव्यांगों की समस्याओं को अवगत कराया उन्होंने कहा है कि दिव्यांगों का तहसील धामपुर के कार्यालयों में शोषण किया जाता है। तथा दिव्यांगों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। दिव्यांगों की मदद करने की बजाय उसे कार्यालयों से भगा दिया जाता है। एसडीएम धामपुर मनोज कुमार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आपकी सभी समस्याओं को जिलाधिकारी को भी अवगत कराया जाएगा। और मैं अपने स्तर से तहसील धामपुर के सभी अधिकारियों को अवगत कराऊंगा। मैं आपसे आशा करता हूं किसी भी दिव्यांग का शोषण नहीं किया जाएगा। साथ में मोहम्मद वसीम वाइस प्रेसिडेंट राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ललित पत्रकार आदि उपस्थित थे।

# क्षेत्र में अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी: एसडीएम

नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता

रायपुर थाना क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध खनन मे लगे वाहनों की चैकिंग करते हुए एसडीएम ने तीन डम्फरो को सीज कर मंडी समिति में खड़ा कर दिया है एसडीएम की इस कार्यवाही से खनन माफियों व वाहन चालको मे हड़कमप मच गया। नवागत एसडीएम विजय वर्धन तोमर सूचना मिलने पर टीम के साथ रायपुर रोड पर पहुंचे तभी सामने से आते हुए तीन डमपर दिखाई दिए जिनको रोककर चालको से खनन सामग्री से संबंधित कागजात मांगे परन्तु चालक कोई भी कागज नहीं दिखा पाए जिसपर कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने वाहनों को सीज कर मंड़ी समिति में खड़ा करा दिया। एसडीएम की इस कार्यवाही से खनन चालको एवं खनन माफियाओं मे हड़कंप मच गया। एसडीएम विजय वर्धन तोमर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसको लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। डम्फर को पकड़ने के दौरान एक चालक ने भागने का प्रयास किया परन्तु भाग निकलने के प्रयास में खिड़की से टकराने पर उसे मामूली चोट आने की जानकारी मिली है। उन्होंने ने बताया कि क्षेत्र मे अवैध कार्य किसी भी कीमत पर नहीं होने दिए जायगे। बताते चले कि नजीबाबाद तहसील में अवैध मिटटी का खनन दिनप्रतिदिन फलता-फूलता जा रहा है। मिटटी के खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध होने के बावजूद खनन माफियाओं को शासन प्रशासन का डर नही है। सूरज के डलते ही इन खनन माफियाओं की ट्रेक्टर टॉली व डम्फर रात के अंधेरे में निकल जाते है और पूरी रात जमकर मिटटी खनन करते रहते है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि मिटटी खनन होने से उनके खेतों की फसले प्रभावित हो रही है। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई बार मिट्टी खनन के खिलाफ शिकायत की गई है। मगर अधिकारी इनकी ओर आंखे मूंदे बैठे है।

## ट्रेन में गैस सिलेंडर ले जाने पर शख्स को 1 साल की जेल

मुरादाबाद। मुरादाबाद (उत्तरप्रदेश) की एक स्थानीय अदालत ने 2006 में एक ट्रेन में गैस सिलेंडर ले जाने के आरोप में एक व्यक्ति को एक साल की कैद की सजा सुनाई है। यह आदेश रेलवे मजिस्ट्रेट कोर्ट के जज विनय जायसवाल ने दिया। कोर्ट ने कहा है कि, आरोपी की हरकत से कई सहयात्रियों की जान को खतरा हो सकता था। अमरोहा के गजरौला रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने आरोपी शेरू सिंह को सिलेंडर ले जाते हुए पकड़ा। आरपीएफ का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सरकारी वकील एडवोकेट शिव हरि अग्निहोत्री ने कहा, किसी भी परिस्थिति में एक सार्वजनिक डिब्बे के अंदर गैस सिलेंडर की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह खतरनाक है और आरोपी के कृत्य ने उसके सह-यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। इसके बाद वह रेलवे अधिनियम की धारा 164 के तहत मामला दर्ज किया गया और जेल भेज दिया गया। वह जल्द ही जमानत पाने में सफल रहा।

# जीवन होगा स्वस्थ फिर नित नित करना योग

नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता

विश्व योग दिवस पर डॉ मंजु जौहरी श्मधुरष्की अध्यक्षता में कविता नामदेव के आवास पर एक विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ मंजु जौहरी ने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब योग जीवन में उतरता है तब सुख एवं दुःख मनुष्य के ऊपर अपना नकारात्मक प्रभाव नहीं डाल पाते अतः योग को केवल एक दिन ही नहीं बल्कि इसको अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से योग की महत्ता पर कुछ यूं प्रकाश डाला जीवन होगा स्वस्थ फिर नित-नित करना योग एक दिवस का है नहीं देखो ये संजोग। कवि जयप्रकाश जौली ने अपनी कविता के माध्यम से कहा सुबह उठो योगा करो घंटा एक श्रीमान। कहना मेरा मान कर रक्खो अपना ध्यान। डॉ मनमोहन गुप्ता ने कहा कि योग अंतमुर्खी तथा वहिमुर्खी शरीर आत्मा और मस्तिष्क का सामंजस्य बैठाने का ही नाम योग है। तथा सार्वभौमिक चेतना से जुड़ने का नाम ही योग है। कविता नामदेव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हमारे ऋषियों मुनियों ने जीवन को धैर्य और संयम युक्त बनाने के लिए योग को प्रमुख माध्यम बताया है। इसलिए हमें अपने जीवन में योग को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए। तथा नित्यप्रति योग अवश्य करना चाहिए।शशि देवी ने कुछ इस प्रकार कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ एवं निरोगी रहता है।साथ ही हमारी कार्य क्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।आजकल की भागदौड़ बाली जिंदगी में योग को अपनाकर ही हम स्वस्थ एवं प्रसन्न रह सकते हैं। नेहा तायल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि।आजकल प्रदूषण भरी जिंदगी में स्वस्थ शरीर का होना बहुत आवश्यक है स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है अतः हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

# जिला कारागार में धूमधाम से मनाया गया आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता




आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के सजनिया से जिला कारागार बिजनौर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिवानंद गुप्ता तथा सीजेएम बिजनौर विमल त्रिपाठी के साथ-साथ प्रशिक्षक विपुल कुमार पैनल लॉयर मोहम्मद शारिक पीएलवी रविंद्र सिंह हुसैन जहां नुजहत फिर दोष तथा कारागार के समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण न्यायालय में कार्यरत कर्मी को एवं बंदियों ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षकों सुबोध भारद्वाज शुभम शर्मा सर्वेश कश्यप वह हितेश ने योग प्राणायाम आसन आदि क्रियाएं कराएं तथा योगासन से होने वाले लाभ से अवगत कराया महिला बैरक में इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की महिलाएं योग प्रशिक्षक अंजली गुप्ता तथा रश्मि गुप्ता द्वारा महिला बंदियों को योगिक क्रियाएं तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया गया इसी प्रकार कारागार के अंदर बैरक संख्या 12 व 13 के अहाते तथा चक्र में भी इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गनाइजेशन के प्राकृतिक चिकित्सक ओपी शर्मा तथा डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोमदत्त शर्मा सुरेंद्र पाल सिंह तथा आनंद स्वरूप के द्वारा बंधुओं को योग तथा प्राणायाम संबंधी क्रियाएं कराई गई वृद्ध विकलांग और बीमार बंदियों को छोड़कर कारागार में निरुद्ध समस्त बंदियों ने योग किया कार्यक्रम के अंत में कारोबार के प्रभारी अधीक्षक श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी से प्राणायाम तथा योग को अपने दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से अपनाने का आह्वान किया उन्होंने आगे कहा कि योग से व्यक्ति का मन शरीर तथा मस्तिष्क सदैव स्वस्थ एवं ऊजार्वान रहता है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 23 जून 2022
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### पाक एवं अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर आज होगा सम्मेलन

लखनऊ। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रेस क्लब लखनऊ में दिनांक 23 जून 2022 समय प्रातः 11:00 बजे से 2:00 बजे तक एक प्रेस वार्ता एवं समस्त धर्म गुरुओं के सर्व धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें हाल ही में पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में किए गए अल्पसंख्यकों पर हमले, भारतवर्ष के बाहर रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा इस सर्व धर्म संसद का केंद्र बिंदु रहेगा। वर्तमान में भारत में कई शहरों में हो रही अशांति भी कहीं पर धर्मनिरपेक्षता को विध्वंस कर रही है, इस विषय पर भी चर्चा करेंगे। इस आयोजन के उपरांत सभी धर्मो के धर्मगुरुओं द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री जी को प्रेषित किया जाएगा। यह जानकारी लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा एवम् महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी ने संयुक्त रूप में दी।

### गन्ना भुगतान के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी

हसनपुर। नगर के ब्लाक परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक भानू के कार्यकताओं ने गन्ना भुगतान न होने की वजह से एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एक सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। साथ ही एक हफ्ते के भीतर गन्ना भुगतान कराने की मांग की है। किसानों ने मांगों का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सैनी ने बताया कि चीनी मिलों पर किसानों का साठ करोड़ रूपए बकाया है। किसानों को ओटीएस योजना का लाभ लेने के मात्र छः दिन बचे हैं। मांग की गई है कि इन छः दिनों के भीतर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान दिलाया जाएं। इससे किसान विद्युत विभाग द्वारा चालू की गई ओटीएस योजना का लाभ ले सकें। इसी के साथ मांग की गई कि तहसील स्तरीय मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु सहकारी चीनी मिल हसनपुर से प्रधान प्रबंधक का किसानों की पंचायत में 1:30 बजे तक पहुंचना नितांत आवश्यक है। मांगों का निस्तारण नहीं होने पर भाकियू भानू ने आन्दोलन की चेतावनी दी है, जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके।

# चार महीने बाद कोरोना मामलों में उछाल, 24 घंटे में मिले 682 संक्रमित

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस अब बहुत तेजी से पैर पसार रहा है। प्रदेश में बीते 24 घंटे में 682 लोग संक्रमित पाए गए। 24 घंटों में 91 हजार से अधिक टेस्ट किए गए। इससे पहले इसी साल 17 फरवरी को 777 मामले मिले थे। वहीं, पिछले 24 घंटे में 352 मरीज स्वस्थ हुए। अब सक्रिय केस बढ़कर 3257 हो गए हैं। 13 जून को प्रदेश में 1,390 सक्रिय केस थे। ऐसे में नौ दिनों में सक्रिय केस में दोगुणा से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, यह समय सतर्क और सावधान रहने का है। थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी समस्या हो सकती है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। सभी अस्पतालों में उपकरणों की क्रियाशीलता, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख कर ली जाए। आवश्यक दवाओं के साथ मेडिसिन किट तैयार करा लिए जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। यूपी में बुधवार को 33,75,72,051 टीके की डोज दी जा चुकी है। जिसमें 17,53,24,563 को पहली डोज और 15,87,91,071 को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक यूपी में 34,56,417 को प्रीकॉशन डोज दी जा चुकी है। ह्यफोर टीह्ल रणनीति के तहत यूपी ने कम समय में न सिर्फ संक्रमण पर काबू पाया बल्कि कोरोना के नए वेरिएंट के प्रसार को भी रोकने में सक्षम रहा। एग्रेसिव टेस्टिंग, ट्रेसिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण की नीति के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। जिसके चलते यूपी के कोविड प्रबंधन की विभिन्न वैश्विक संस्थाएं सराहना कर रही हैं।

96 फीसदी से अधिक वयस्क लोगों को दी जा चुकी टीके की दोनों डोजः कोविड टीकाकरण के साथ ही 18 से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज दी जा चुकी चुकी है, जबकि 96 फीसदी से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक दी जा चुकी है। 15-17 आयु वर्ग के 99.27 फीसदी किशोरों और 12 से 14 आयु वर्ग के 94.55 फीसदी से अधिक बच्चों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को 18 से अधिक आयु के लोगों को बूस्टर डोज देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर उछाल होने से सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर बना रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टॉफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही सीएम ने आवश्यक दवाओं के साथ मेडिसिन किट तैयार कराने के आदेश दिए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने को अनिवार्य करते हुए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

### लखनऊ में 7 मृत कुत्तों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बेनतीजा रही

लखनऊ। लखनऊ में मृत पाए गए सात कुत्तों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बेनतीजा रही, जिससे मौतों के कारणों को लेकर रहस्य बना हुआ है। सोमवार को मांडियांव इलाके में कुत्ते मृत पाए गए। पशु चिकित्सकों ने बुधवार को कहा कि अब वह तीन अन्य स्ट्रीट डॉग के ब्लड टेस्ट रिपोर्ट पर निर्भर हैं, जो बेहोश पाए गए थे। ये कुत्ते स्थानीय लोगों की मदद केकारण बच गए थे। पशु चिकित्सकों ने शुरू में दावा किया कि कुत्तों को जहर दिया गया था, क्योंकि उनके मुंह से खून और झाग निकल रहे थे। पांच अन्य कुत्ते गंभीर स्थिति में पाए गए, जिन्हें सरकारी पशु चिकित्सालय ले जाया गया। इनमें से दो को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, लेकिन बाकी तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डी.के. शर्मा ने बुधवार को कहा, मंगलवार को किए गए पोस्टमार्टम में मौत का कारणों का पता नहीं चल पाया। उनके सैंपल को आगे की जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैब भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने में महीनों लग सकते हैं। मामले पर एफआईआर दर्ज कराने वाली ऋचा सिंह ने कहा कि कुत्तों को एक निजी पशु चिकित्सालय में शिफ्ट करना सबसे अच्छा है क्योंकि वहां उनका इलाज बेहतर तरीके से हो पाएगा।

## निजी अस्पताल में उपचार के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

चंदौसी, प्रात: किरण संवाददाता



संभल निजी अस्पताल में मामूली उपचार के दौरान जच्चा बच्चा की मौत परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया जच्चा बच्चा की हत्या करने का आरोप थाने में दी तहरीर निजी अस्पताल में हुआ जम कर हंगामा मौके पर पहुंचा भारी पुलिस बल निजी अस्पताल चला रहे टइइर डॉक्टर के हॉस्पिटल में नहीं है कोई डिग्री होल्डर स्टाफ परिजनों का आरोप 8 महा की गर्व वती को 15 मिनट में ही चढ़ा दी आयरन की वोतल जिससे हुई जच्चा बच्चा की मौत मरीज के पास नहीं था कोई भी हॉस्पिटल का स्टाफ देर रात तक आरोपी डॉक्टर की तरफ से पीड़ित पर समझौता का दबाब बनाते रहे शहर के कई नेता और जानेमाने डॉक्टर पीड़ित ने नहीं माना किसी का भी दवाब पुलिस डॉकटर पर मुकदद्मा कर शव को शील कर ढट के लिए भेजा मामला जनपद संभल के थाना छेत्र चन्दौसी 21 जून का है जहाँ एक निजी हॉस्पिटल में जच्चा को रूटीन चेकअप के लिए दोपहर 2 बजे हरी प्रकाश नर्सिंग होम लाया गया डॉकटर ने जच्चा के शरीर में खून की कमी बताते हुए आयरन चढ़ाने को कहा तो जच्चा के परिजन जच्चा के आयरन की बोतल चढ़ाबाने को तैयार हो गए परिजनों का आरोप है की जच्चा पर बिना टैस्ट किये डॉकटर ने आयरन की बोतल जच्चा को चढ़ा दी जिससे जच्चा और 8 महा के बच्चे की गर्व में ही मौत हो गई फिर परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ हॉस्पिटल में ही जैम कर हंगामा किया और थाने में डॉक्टर के खिलाफ लापरबाही के चलते जच्चा बच्चा की मौत का जिम्मेदार मानते हुए तहरीर दो तो मौके पर छेत्र का सारा पुलिस बल पहुँचा देर रात तक शहर के बड़े बड़े डॉक्टरों और नेताओ ने पीड़ित परिबार को समझाने की की वो डॉक्टर के खिलाफ मुकदद्मा ना लिखवाये देर रात तक पीड़ित परिवार पर डॉक्टर और नेता ऋक्फ दर्ज ना कराने का दवाव बनाते रहे मगर पीड़ित परिबार नहीं माना फिर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने डॉकटर पर मुकदद्मा दर्ज कर जच्चा बच्चा के शव को शील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## ग्राम प्रधान महिला ने एक युवक पर पंचायत की जमीन पर अबैध कब्जा करने का लगाया आरोप

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



**मांग**

- जिलाधिकारी को सिकायती पत्र भेजकर अबैध कब्जा हटाकर कार्यबाही की मांग की

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार अवैध निर्माण एवं अवैध कब्जा करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है लेकिन अवैध कब्जाधारी अवैध कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सम्भल बिकास खंड के ग्राम पंचायत मढलाई की ग्राम प्रधान नाजिया परवीन द्वारा जिलाधिकारी को शिकायत पत्र भेजकर गांव के ही मोमिन पुत्र आमीन पर ग्राम पंचायत की जमीन जिस का खसरा नंबर 879 जिसका क्षेत्रफल 0.0210 पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से अवैध कब्जा करने बाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए ग्राम पंचायतघर की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। आरोप लगाया गया है कि ग्रामीण द्वारा ग्राम पंचायतघर की जमीन पर लगभग एक वर्ष से अवैध कब्जा कर रखा है। और चार दीवारी कर के लोहे का गेट लगा दिया है मोमिन का एक बेटा उत्तर प्रदेश पुलिस में है जब प्रधान द्वारा जब अवैध कब्जा हटवाने कहा गया तो प्रधान को धमकी देते हुए अंदाज में कहा कि यदि हमारी जमीन खाली कराई तो फर्जी मुकदमा लिखा कर जेल भेज देंगे प्रधान द्वारा जिला प्रशासन पर भी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया गया है जिला प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है जबकि मेरे द्वारा डीएम साहब संभल को 1.1.2022 को प्रार्थना पत्र दिया गया था। संभल खंड विकास अधिकारी को.7.4.2022 को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था इसी प्रकार सम्भल उपजिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन आज तक कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है आखिर सवाल यह उठता है कि अवैध कब्जा करने बाले के खिलाफ लगातार एक बर्ष से शिकायत की जा रही है। लेकिन अभी तक नहीं तो अवैध कब्जा हटाया गया और नहीं जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है।

### पूर्व विधायक के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराया उत्पीड़न का मामला

बदायूं। बदायूं जिले के बिनावर क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके रामसेवक सिंह पटेल के खिलाफ उनकी पत्नी ने उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बुधवार को बताया कि पूर्व विधायक रामसेवक सिंह पटेल की पत्नी भाग्यश्री ने मंगलवार को दर्ज कराए गए मामले में आरोप लगाया है कि पटेल उनके भाई महेंद्र, बेटा रोहित पटेल, बहु पिंकी और बेटी रश्मि उनके साथ मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने बताया कि रश्मि पटेल इस वक्त बरेली की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। सिंह ने बताया कि भाग्यश्री ने जो मामला दर्ज कराया है उसके मुताबिक वह पूर्व विधायक पटेल की चौथी पत्नी हैं। वर्ष 2007 में उनकी शादी हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। इस मामले में पूर्व विधायक पटेल का कहना है कि वह बीमार हैं और उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है, फिलहाल वह कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं। पटेल ने कहा कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह पूरे मामले की जानकारी लेकर ही इस पर कुछ बयान देंगे।

## डीएम एबं एसपी से मिला भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल

बहजोई, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी सँभल मनीष कुमार बंशल व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र से मिला किसानों को हो रही समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और समस्याओं के समाधान की मांग की जनपद सँभल काफी क्षेत्रफल में मक्का की खेती होती हैं जनपद में मक्का की सरकारी खरीद नही होती जब कि प्रदेश अन्य जनपदों में मक्का के सरकारी क्रय केंद्र लगते है और मक्का की खरीद एमएसपी पर होती हैं जनपद सँभल में मक्का के क्रय केंद्र न लगने से किसानों को मक्का औने पौने दाम पर बेचनी पड़ती हैं मक्का की सरकारी खरीद का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया जिलाधिकारी न शासन से पैरवी कर मक्का खरीद के लिए सरकारी क्रय केंद्र लगवाने का आश्वासन भाकियू प्रतिनिधि मंडल को दिया दूसरे किसानों को अपने जरूरी कार्य के लिए मिट्टी उठाने व लाने में हो रहीं परेशानी का मुद्दा भी जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया और मांग की गई पूर्व में 10 टिरौली मिट्टी उठाने की परमिशन उपजिलाधिकारी अपने तहसील क्षेत्र में लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर दे देते है उससे किसानों आर्थिक शोषण रुकता था उक्त व्यवस्था को पुनः बहाल करने की मांग की जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किसानों को अपने निजी कार्य को मिट्टी उठाने में हो रही परेशान पर संज्ञान लेते हुए कहा किसानों का उत्पीड़न किसी भी परिस्थिति में नहीं होने देने का आश्वासन भाकियू प्रतिनिधि मंडल को दिया और उक्त समस्याओं को भाकियू प्रतिनिधि मंडल से लिखित में मांगा और दौनो समस्याओं के समाधान को आश्वस्त किया भाकियू नेताओ जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा समस्याओं के समाधान न होने पर भाकियू द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव ने कहा है जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं को लिखत में लेकर समाधान का आश्वासन दिया गया है अगर प्रशासन अपने वादे अनुसार किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करता है भारतीय किसान यूनियन आंदोलन को बाध्य होगी किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा प्रतिनिधि मंडल में युवा मंडल अध्यक्ष वीरेश यादव मंडल सचिव जबरसिंह यादव तहसील अध्यक्ष गुन्नौर अमरसिंह राजपूत उदयवीर सिंह यादव नेत्रपाल सिंह मानपाल सिंह यादव लकी सर्राफ नगर अध्यक्ष बहजोई अमरपाल सिंह दुर्गपाल कुशबाह प्रवेश यादवआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुंवर सत्यवीरा कॉलेज मे मनाया गया अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीन्यरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर मे अष्टम अन्तर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस का आयोजने किया गया। इस अवसर पर कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीन्यरिंग एंड मैनेजमेंट के पुस्तकालय अध्यक्ष सुनील कुमार भारद्वाज ने छात्रों एव शिक्षकों को योगाभ्यास कराया और योग द्वारा शारीरिक, मानसिक एव सामाजिक स्तर पर स्वस्थ रहने के गुर बताये हुये कहा कि किसी कार्य को मन से करे, तो वह सफल हो जाता है, पर मन लगाना हर कार्य में योग के द्वारा ही संभव है. योग से मानसिक शांति तथा संतुलिन भी बनता है। प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कु० उदयन वीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) व कु०रुचि वीरा (पूर्व विधायक) ने इस सेमिनार के द्वारा छात्रध छात्राओ को योग के प्रति जागरूक करने हेतु निदेशक महोदय की प्रशंसा की, तथा कहा कि योग एक मानसिक अधयनन है. जो व्यक्ति के मन और तन को राहत प्रदान करता है. योग मानव उपयोगी साधना है. इस अवसर पर ग्रुप निर्देशक उमेश गुप्ता ने अष्टम अन्तर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर बताया कि योग का वास्तविक अर्थ अभ्यास ही होता है. यदि हम किसी भी कार्य को करने का नियमित अभ्यास करते है. तो वह योग कहलाता है. योग हमारे शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिकता को स्फूर्ति देने का काम करता है. अन्त मे कॉलेज निदेशक डॉ० स्वतत्र कुमार पोरवाल ने अन्तर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतू सभी विभागाध्यक्ष व शिक्षको को बधाई दी प इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष ,फैकल्टी, स्टाफ एव छात्र छात्राये आदि मौजूद रहे।

## 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त दबोचा



शिवालाकलां, प्रात: किरण संवाददाता

आबकारी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध कच्ची शराब के विरूद्ध कार्यवाही मे 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बनाने के उपकरण सहित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके पर 250 लीटर लाहन नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण बिक्री एवं परिवहन करने वाले अलियुक्तगणों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी चांदपुर के कुशल पर्यवेक्षण में मुखबिर की सूचना पर थाना शिवालाकलं पुलिस व आबकारी टीम द्वारा जुझैला के जंगल में ईख के खेत में अभियुक्त खुशपाल पुत्र हरीराम निवासी रखेडा थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को शराब की कशीदगी करते हुए 50 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया तथा मौके पर 250 लीटर लाहन को नष्ट किया गया।

## पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवार को एक साथ रहने के लिए किया गया राजी



बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है। 01 परिवार को एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक कर सुनवाई की गई। इस बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र में 03 मामलों को सुना गया, इसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी व विभिन्न क्षेत्रों से नामित सदस्यों की ओर से दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझ-बूझ से पति-पत्नि के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर करते हुए 01 परिवार का आपसी समझौता कराया गया। उक्त जोड़ों ने फिर से एक साथ जीवन व्यतीत करने हेतु अपनी सहमति जताई। परिवार परामर्श के सदस्यों द्वारा दम्पत्ति जोड़े को हंसी खुशी एक साथ विदा किया गया एवं अन्य मामलों में अगली तारीख दी गई है। परिवार परामर्श के दौरान सर्वम सिंह पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु), प्रभारी उ0नि0 सविता तोमर, म0आरक्षी शिवाली चैहान, रचना बालियान, पूनम बघेल, रीना पुण्डिर व समिति सदस्य आनन्द स्वरुप शर्मा, श्रीमति शोभा शर्मा उपस्थित रहें।

## कान्हा आश्रय स्थल में दो पशुओं की मौत, मचा हड़कंप



मंडावर, प्रात: किरण संवाददाता

मंडावर कस्बे में कान्हा आश्रय स्थल गौशाला बनी हुई है जिसमें कुल 56 पशु मौजूद हैं। मंगलवार की सुबह अचानक दो पशुओं की मौत हो गई। सुचना पर पहुंची विश्व हिन्दू परिषद की जिला उपाध्यक्ष शिवानी घाघट ने उच्च अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि गौशाला में साफ सफाई समय पर नहीं की जाती है जो पशुओं के लिए भूसा गोशाला में रक्खा हुआ हैं उसमें भी कीड़े चल रहे हैं पशुओं की देखभाल अच्छी तरह से नही की जा रही है। सूचना पर मोके पर पहुंचे मंडावर नगर पंचायत परसाशक उपजिलाधिकारी मोहित कुमार ईओ गार्गी त्यागी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने गोशाला पहुंच कर व पशुओं की मौत के बारे में जानकारी ली उपजिलाधिकारी ने सफाई कर्मियो से गोशाला में साफ सफाई कराते हुए बताया कि पशुओं की मौत किस कारणों से हुई है इसकी जांच की जा रही है। पशुओं का पोस्टमार्टम होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी उधर पशु चिकित्सक आलोक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम करने के बाद पता चला है कि उनमें एक बछड़े को मौत हरा चारा ज्यादा खाने के कारण पेट अफरने व गाय की मौत जान लेवा बीमारी शकरा से हुई है। इस बीमारी से कुछ समय में ही पशु की मौत हो जाती है।

**तैयारी** सरकार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब विजन- 2024 में जुट गई है

## योगी सरकार ने विजन 2024 का तय किया लक्ष्य



लखनऊ, एजेंसी

**विजन-2024 के तहत ये भी होंगे काम**

- शत प्रतिशत पटरी दुकानदारों को योजना का लाभ
- मिशन पिंक टायलेट अभियान पूरा करना
- सभी नगर निगमों व नगर पालिका परिषद में शत-प्रतिशत आनलाइन म्यूटेशन
- 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को सिटी बसों में मुफ्त यात्रा
- 10 स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाएं पूरी करना
- लीगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) का शत-प्रतिशत निस्तारण
- सभी नगरीय निकायों में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन लागू कर 3.35 लाख को प्रत्यक्ष रोजगार

उत्तर प्रदेश सरकार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब विजन- 2024 में जुट गई है। इसके तहत नगर विकास विभाग ने नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने के लिए वर्ष 2024 के लक्ष्य तय कर दिए हैं। इनमें 50 प्रतिशत शहरी आबादी को शुद्ध पेयजल की सुविधा व 32 प्रतिशत को सीवरेज कनेक्शन देना शामिल है। उत्तर प्रदेश की करीब 30 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है। शुद्ध पेयजल, सड़क, नाली, सीवर, सफाई, कचरा उठान व निस्तारण, मार्ग प्रकाश व जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं नगरीय निकाय ही उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में 734 नगरीय निकाय इन्हें मुहैया कराते हैं। नगर विकास विभाग ने लोकसभा चुनाव के लिए ह्यविजन-2024ह्ल तैयार किया है। अब विभाग इसी विजन पर आगे बढ़ रहा है।

734 नगरीय निकायों में से 679 निकायों में शत-प्रतिशत प्रधानमंत्री आवास वर्ष 2024 तक उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का मानना है कि गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध हो जाएंगे तो उसका सीधा फायदा लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा। अभी तक सरकार 17.70 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है, इसमें से 10.50 लाख आवास पूरे भी हो चुके हैं।

प्रदेश में प्रतिदिन करीब 18 हजार टन कचरा निकलता है। इसमें से मात्र पांच हजार टन कचरा यानी करीब 28 प्रतिशत के आस-पास ही कचरे का निस्तारण हो पाता है। विजन-2024 के तहत अब 60 प्रतिशत कचरे का निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सभी नगरीय निकायों में प्रापर्टी फ्लोर रेट भी तय कर दिए जाएंगे। इससे भी लोगों को काफी आसानी हो जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में 2 की मौत 4 घायल



गुन्नौर, प्रात: किरण संवाददाता

कोतबाली क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर स्थित गांव रसूलपुर के नजदीक काली मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन की साइड लगने से पेड़ से जा टकराई कार में सवार 6 लोग थे जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं सड़क हादसा होने के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई हादसा होते देख ग्रामीण भाग कर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह गाड़ी से सभी लोगों को बाहर निकाला जिसमें 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी तथा इसमें सुरभि पत्नी अश्वनी महेरा दिल्ली, सोनिक शर्मा पति मनोज कुमार शर्मा बदायूं, हिमांशु पुत्र महेश चंद लखनऊ, परी पुत्री अश्वनी महेरा नोएडा गंभीर रूप से घायल हुए हैं तो वही कार चालक अश्वनी मेहरा पुत्र सुरेंद्र कुमार मेहरा महिला बिम्पी शर्मा पुत्री महेश शर्मा नोएडा की मौके पर ही मौत हो गई वहीं कार में फंसे सभी लोगों को निकालने के लिए ग्रामीणों ने काफी देर तक रेस्क्यू चलाया और मौके पर पहुंची पुलिस के वाहन द्वारा सभी गंभीर घायलों को गुन्नौर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है तथा सभी गंभीर घायलों की हालत नाजुक देखते हुए सभी गंभीर घायलों को वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहां सभी घायलों का उपचार चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना सदर बल्लभगढ़ पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी गौ तस्कर को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने एक गौ तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी इलियास नहूं जिले के लहखाडी गांव का रहने वाला है। पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर आईएमटी से आवारा गायों को पिकअप गाड़ी में भरकर गांव डीग के रास्ते से मेवात गौ कशी के लिए ले जा रहे थे। गांव डीग में थाना सदर बल्लभगढ़ की पुलिस टीम का नाका लगा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को रोकने पर आरोपी गाड़ी से नाके में टक्कर मारकर गाड़ी को भगा ले गए। पुलिस टीम के पीछा करने पर आरोपी गाड़ी को गांव डीग में छोड़कर मौके से फरार हो गए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के दो अन्य साथी भोंडसी जेल में किसी अन्य मुकदमे में बंद है। दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले की पूछताछ की जाएगी। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### कोरोना महामारी के प्रति न बरतें लापरवाही : डा. टीएन आहूजा

गुरुग्राम। कोरोना महामारी के संक्रमण में अचानक आई वृद्धि को लेकर स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन फिर से सतर्क हो गया है। विभाग द्वारा जगह-जगह कोरोनारोधी वैक्सीनेशन के कार्य भी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में निरामया चेरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर डा. टीएन आहूजा ने कहा कि कोरोना संक्रमण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतना घातक सिद्ध हो सकता है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करते रहें। उन्होंने नेत्रों को लेकर कहा कि नेत्र व्यक्ति का सबसे अहम अंग है। इनकी सुरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराएं।

### टॉर्च रिले के स्वागत के लिए उत्साहित हैं गुरुग्राम के खिलाड़ी

गुरुग्राम। बादशाहपुर के एसडीएम एवं टॉर्च रिले के लिए गुरुग्राम जिला के नोडल अधिकारी सतीश यादव ने बताया कि चैस ओलंपियाड टॉर्च रिले देश के विभिन्न भागों से होते हुए 24 जून को गुरुग्राम पहुंचेगी, जिसका स्वागत मानेसर में केएमपी के पास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चैस ओलंपियाड का आयोजन 28 जुलाई से 9 अगस्त तक तमिलनाडु के महाबलिपुरम में किया जा रहा है। वर्ल्ड चैस फैडरेशन ने यह निर्णय लिया है कि चूंकि चैस खेल की शुरूआत भारत से हुई थी इसलिए भविष्य में होने वाले सभी चैस ओलंपियाड की टॉर्च रिले भारत से ही शुरू होगी। बताया गया कि इस बार चैस ओलंपियाड के लिए पहली बार टॉर्च रिले शुरू की गई है जिसका शुभारंभ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम से किया था। उन्होंने भारत सरकार के खेल मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों का हवाला देते हुए बताया कि उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्ग दर्शन में गुरूग्राम में इस टॉर्च रिले का रूट तय किया जाएगा। उस रूट से इस रिले को गुरूग्राम में घुमाया जाएगा। टॉर्च रिले को लेकर गुरुग्राम के खिलाडियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

# आनंद मोहन शरण ने पौधा लगाकर साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता

उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सेक्टर-1 के परिसर में आंवले का पौधा लगाकर साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक राजीव रतन ने भी कॉलेज की प्राचार्या बबिता वर्मा व सदस्यों के साथ कॉलेज स्थित गार्डन में पौधारोपण किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने पौधारोपण के बाद उपस्थित लोगों से कॉलेज परिसर की हरियाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि पौधारोपण समय की माँग है। यदि प्रत्येक वर्ष इसी तरह के पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाए तो कॉलेज परिसर की आभा में चार चाँद लगाए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने पौधा रोपित करने वालों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और रोपित पौधों की देखभाल के लिये कहा।

पौधारोपण के पश्चात कॉलेज परिसर की सुंदरता में दिन-रात एक करने वाले मालियों को भी उन्होंने उपहार देकर प्रोत्साहित किया महानिदेशक राजीव रतन ने उपस्थित छात्रों से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा कि कॉलेज परिसर में रोपे गए पौधे बरसों-बरस अपनी सुंदरता और हरियाली से कॉलेज परिसर की हरीतिमा को बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि मानव का अस्तित्व तभी तक है जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित है। कॉलेज की प्राचार्या बबिता वर्मा ने कहा कि कॉलेज परिसर में रोपे गए पौधे न केवल पौधारोपण की परंपरा को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे बल्कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी मददगार साबित होंगे।



- पौधा रोपित करने वालों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और रोपित पौधों की देखभाल करने की करी अपील

उन्होंने बताया की कॉलेज में पौधारोपण अभियान 28 जून तक मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कॉलेज परिसर सहित आसपास के ग्रीन बेल्ट में 650 पौधे रोपित किए जाएंगे।पौधारोपण कार्यक्रम में इको क्लब, बॉटनी और भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रो. डी.एस. लांबा, डॉ. नीलम मंडल, डॉ. पूनम रानी. प्रो. वंदिता, डॉ. राकेश पाठक, विनय कुमार, विधि मान, डॉ शैलजा, डॉ सरोज रानी, डॉ. परवेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

## नवीन गोयल के नेतृत्व में मनीष जैन ने फिरोजपुर झिरका सीट जीती



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

फिरोजपुर झिरका नगर पालिका के चुनाव में प्रभारी नवीन गोयल के नेतृत्व में चेयरमैन पद के भाजपा प्रत्याशी मनीष जैन ने जीत दर्ज की है। नवीन गोयल ने सादगी से इस जीत का श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनहित की नीतियों, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की बेहतर चुनाव प्रबंधन व रणनीति को दिया है।

नवीन गोयल ने कहा कि इस जीत पर खुशी जाहिर करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भाजपा-जजपा ने नगर परिषद की 11 सीटें (10+1) और नगर पालिका की 14 सीटें (12+2) पर जीत दर्ज की है। फिरोजपुर झिरका में चुनाव प्रभारी रहे नवीन गोयल ने बताया कि यह चुनाव उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में हिन्दुओं के साथ मुस्लिमों मतदाताओं की भी अच्छी-खासी संख्या है। हिन्दू-मुस्लिम एकता, भाईचारा कायम करके इस चुनाव को भाजपा के पक्ष में करने में कामयाबी हासिल हुई। हर वर्ग, हर समुदाय ने भाजपा की नीतियों में विश्वास करके मतदान किया।

जनता और कार्यकताओं का आभार करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि मेवात के लोगों ने भाजपा के हर कार्यकर्ता को सिर-आंखों पर बिठाया। नवीन गोयल ने कहा कि प्रत्याशी मनीष जैन के साथ प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, मंडल अध्यक्ष रमेश गर्ग, पूर्व विधायक नसीम अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र आर्य, सुनील जैन समेत पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का यह परिणाम है।

## नव निर्वाचित चेयरपर्सन व उनके पति ने शहर में से निकाला विजयी जुलूश



होडल, प्रात : किरण संवाददाता

नगर परिषद के चुनावों में चेयरमैन पद पर इंद्रेश सौरोत के 3802 मतों से जीत हासिल करने के बाद शहर में से उनके समर्थकों द्वारा विजयी जुलूश निकाला गई। इस विजयी जुलूश में सैकडों महिलाओं व पुरूषों के साथ हिस्सा लिया। ढोल-नगाडों के साथ निकाले गए इस विजयी जुलूश में शहर के लोगों ने इंद्रेश सौरोत व उनके पति शीशपाल कढेरा का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर इंद्रेश सौरोत ने कहा कि यह जीत उनकी नहीं गरीब जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें नहीं शहर के रूके पडे विकास को देखते हुए अपने मतों का प्रयोग किया है। जनता ने उनपर जो विश्वास कर उन्हें इतनी बडी जीत दिलाई वह जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। शहर की सिवरेज व्यवस्था हो या स्ट्रीट लाइट व्यवस्था वह जनता को इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने का काम करेंगे। मतगणना केंद्र से ढोल-नगाडों के साथ चेयरपर्सन इंद्रेश सौरोत के पति शीशपाल कढेरा ने शहर के मुख्य मार्गों से विजय जुलूश निकाला।

## सोहना में चुनाव का विजय जलूस के दौरान हुआ झगड़ा, आधा दर्जन लोग घायल

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना वार्ड नंबर 20 सांप की नंगली में चुनाव में जीत दर्ज करने पर प्रत्याशी सत्येंद्र सिंह अपने कार्यकताओं के साथ डीजे पर नाचते हुए गांव से जा रहे थे। जहां उन्होंने बताया कि हम माथा टेकने मंदिर विजय जुलूस के रूप में नाचते हुए जा रहे थे कि अचानक गांव में कुछ शरारती तत्वों ने छतों से पत्थर रोड़े बरसाने शुरू कर दिए । हमारे कई लोग घायल हो गए लेकिन बाल-बाल बच गए । वही दूसरे गुट के लोगों में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन का इलाज नागरिक अस्पताल सोहना में चल रहा है।

घायलों में कैलाश पत्नी राजवीर, माया पत्नी जगत, संगीता पत्नी पवन ,सरिता पत्नी मनोज आदि शामिल है ।वहीं सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले पर काबू पाया। घटना को लेकर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार का कहना है फिलहाल मामला शांत है ।डीजे बजाने को लेकर कुछ लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। शिकायत नहीं मिली है शिकायत मिलते ही मामला दर्ज कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि चुनाव आयोग की तरफ से सांप की नंगली अति संवेदन शील वार्ड में था।

जहां चुनाव के दिन भी कुछ लोगों ने फर्जी वोट डालने का मामला भी सामने आया था पुलिस ने नही होने दिया ।उस दिन भी कुछ बाउंस टाइप के युवक अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में थे लेकिन पुलिस की सुरक्षा के मद्देनजर घटना नहीं घटी।



**झगड़ा**

- पुलिस मौके पर घायलों का नागरिक अस्पताल में चल रहा इलाज

## भण्डारे के लिए ट्रकों को किया रवाना



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

धार्मिक संस्था जय बाबा श्री अमरनाथ सेवा समिति द्वारा अमरनाथ यात्रा के दौरान भण्डारा आयोजित करने के लिए खाद्य सामग्री से भरे ट्रकों को रवाना किया।

संस्था के प्रधान भूपेंद्र कुमार कौशिक व राकेश शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले 15 वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए भण्डारे का आयोजन करती आ रही है। इसके अलावा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल सेवा उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उन्हें यात्रा में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि यह सेवा श्रीअमरनाथ हेलीपैड के निकट 21 जून से 12 अगस्त तक उपलब्ध कराई जाएगी। ट्रकों को रवाना करने वालों में संस्था के सुदर्शन बवेजा, रामरतन, राजीव कल्सन, कमल सलूजा, हरीश गांधी, गुलाब सिंह तंवर, मदनलाल कौशिक आदि का सहयोग रहा।

## झज्जर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के सुत्रधार बने : जीएल शर्मा

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददात

झज्जर नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने सूत्रधार के रूप अपनी भूमिका निभाई। यह दूसरा मौका है जब जीएल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री और जाट नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ में चुनावी रणनीति के चाणक्य साबित हुए हैं। इससे पूर्व वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें पार्टी ने रोहतक लोकसभा की जिम्मेदारी सौंपी थी। यहां से छोटे हुड्डा यानी भूपेंद्र हुड्डा के पुत्र और लगातार दो बार के सांसद दीपेंद्र हुड्डा मैदान में थे। पार्टी ने डॉ. अरविंद शर्मा को वहां उम्मीदवार बनाकर भेजा और जीएल शर्मा को यहां के चुनाव की कमान सौंपी। जीएल शर्मा ने पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अपनी कुशल चुनावी रणनीति की बदौलत यहां भाजपा की जीत सुनिश्चित कराई। इससे पूर्व अहीरवाल के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह का चुनावी प्रबंधन भी जीएल शर्मा बखूबी निभाते रहे हैं। झज्जर और रोहतक के अलावा पार्टी ने जब भी जीएल शर्मा को दूसरे राज्यों में विधानसभा के लिए चुनावी जिम्मेदारी सौंपी, वे हमेशा खरा उतरे। असम का चुनाव हो, उत्तराखंड या गुजरात या हिमाचल प्रदेश का चुनाव, जिस विधानसभा में जीएल शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई, वहां जीत ही सुनिश्चित हुई है।



स्थानीय नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने हॉट सीट मानी जा रही झज्जर नपा में जीएल शर्मा को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। झज्जर के साथ ही चरखी दादरी का प्रयवेयक्षक भी बनाया गया और सोहना में भी प्रचार का जिम्मा दिया। तीनों ही स्थानों पर भाजपा की प्रचंड जीत में कहीं न कहीं जीएल शर्मा की रणनीति ने बेहतर काम किया। झज्जर की जीत पार्टी के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का गृह जिला है। पार्टी ने उनके पुराने अनुभवों को देखते हुए झज्जर का किला फतेह करने के लिए उन्हें चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी और जीएल शर्मा ने जिस तरह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और हुड्डा का रोहतक किला डहाया, उसी तरह नगर परिषद में भी 6000 से अधिक मतों से जीत हासिल करा एक फिर हुड्डा के गढ़ में भाजपा का परचम पहराया। झज्जर, दादरी और सोहना सहित प्रदेश की सभी सीटों विजयी हुए उम्मीदवारों को बधाई देते हुए जीएल शर्मा ने क्षेत्र के देवतुल्य कार्यकताओं और मतदाताओं का आभार प्रकट किया।

## भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन ने किया खंड मोरनी का औचक निरीक्षण

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता

महात्मा गांधी का कथन है, स्वच्छता, राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है। उनके इसी कथन को मूर्तरूप देने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुये कहा था कि हमें गंदगी और खुले में शौच के खिलाफ लड़ाई लड़नी है।

यह बात स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन श्री सुभाष चंद्र ने जिला पंचकूला के खंड मोरनी का औचक निरीक्षण करते हुये कही।

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत थापली में बने ठोस व कचरा प्रबंधन का भी निरीक्षण किया। उन्होनें निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के गांवों में स्वच्छता के काम प्राथमिकता से पूर्ण किये जाये तथा उनकी सही प्रकार से निगरानी करें। उन्होंने ग्राम पंचायत मोरनी में बने वन विभाग के प्राचीन किले का भी भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इस किले की और बेहतर सुंदरता के लिये किले की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाए तथा इस धरोहर को संजोए रखने में अपना सहयोग दें। इसके साथ साथ उन्होंने टिक्करताल में बने पर्यटन स्थल का भी निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बाहर से आये हुये सैलानियों से भी बातचीत की।



**निरीक्षण**

- स्वच्छता के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के दिये निर्देश

उन्होनें हरियाणा पर्यटन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मोरनी हरियाणा का मुख्य पर्यटन स्थल है इसलिये वे इस पर्यटन स्थल के आसपास की साफ सफाई व स्वच्छता का ध्यान रखें और इसके समीप कुड़े कचरे के लिये कूड़ेदान लगाये ताकि चारों ओर से वातावरण को स्वच्छ रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इस परिसर के आस पास बीडीपीओ, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण के खंड समन्वयक, ग्राम पंचायत सचिव, स्वयं सहायता समूहों की महिलायें, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर, स्वयं सेवी संस्थाये, ग्रामीणों व सफाई कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से विशेष सफाई अभियान का कार्य किया जाये।

## शहरी मतदाताओं की अनदेखी भाजपा को भारी पड़ी

### भाजपा प्रत्याशी पांचवें स्थान पर

होडल, प्रात : किरण संवाददाता

होडल नगर परिषद चुनाव में भाजपा का टिकट बटवारा, शहरी मतदाताओं को नजरंदाज और बागी प्रत्याशीयों ने होडल नगर परिषद चुनाव में हाशिए पर धकेल दिया है। भाजपा की जम्बोटीम पूर्व मंत्री और उनकी फौज के प्रचार के बाद भी भाजपा प्रत्याशी को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। प्रदेश स्तर के नेताओं का दौरा और दलबल भी जीत नहीं दिला सके। भाजपा प्रत्याशी के गृह क्षेत्र में बागी प्रत्याशियों ने हजारों वोट हासिल कर भाजपा प्रत्याशी को पांचवें स्थान पर धकेल दिया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की टिकट के लिए शहरी क्षेत्र के कई प्रत्याशियों ने टिकट के लिए लाबिंग की। केंद्रीय मंत्री के आशिर्वाद से शीशपाल कड्डन काफी हद तक टिकट लेने में सफल हो गए थे, लेकिन कुछ राजनेताओं और छुटभैय्ए नेताओं को अपनी नेतागिरी खतरे में पड़ती नजर आने लगी। सभी ने एक योजना बनाई और टिकट फाइनल होने के बावजूद उसे कटवाने में कामयाब हो गए। शहर में यह खबर चर्चित हो गई। शहरी क्षेत्र के दो उम्मीदवारों को टिकट देने के बाद टिकट काटी गई और अंत में एक साजिश के तहत गढ़ी गांव के लखनलाल को दिया गया। शहरी क्षेत्र में इसका जमकर विरोध हुआ। दोनों प्रत्याशी बागी हो गए। पूर्व नगर परिषद में शीशपाल कड्डन परिवार के दो दो जनप्रतिनिधि होने के बाद भी उन्हें टिकट से वंचित रखा गया। भाजपा को अपने कार्यकताओं की अनदेखी का खामियाजा भुगतना पड़ा। टिकट बटवारे में संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व को गलत चयन पर मजबूर करने का परिणाम निकाय चुनाव में भाजपा को एक सीट गवानी पड़ी। आज होडल नगर परिषद चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाले प्रत्याशी को भाजपा की टिकट काटने के लिए भाजपा जजपा नेताओं ने पूर्व मंत्री की घेराबंदी कर उन्हें पूरी तरह से गुमराह किया गया और आज भाजपा के प्रत्याशी की भाजपा के बागी प्रत्याशियों ने कब्र खोद दी है।

## इंद्रेश सौरोत 3802 मतों से बनी नगर परिषद चेयरपर्सन

होडल, प्रात : किरण संवाददाता

होडल नगर परिषद चुनावों की बुधवार को राजकीय महाविद्यालय में हुई मतगणना में निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रेश सौरोत ने उदय सिह सौरोत को 3802 मतों से हराकर जीत हासिल की। इंद्रेश सौरोत के चेयरपर्सन बनने पर उन्हें एसडीएम डा. चिनार चहल द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर परिषद के विजेता 21 वार्ड पार्षदों को भी सर्टिफिकेट वितरित किए गए। मतगणना केंद्र पर प्रशासन द्वारा पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतगणना केंद्र में सिर्फ प्रत्याशियों के साथ-साथ उनके ऐजेंटों को प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा मतगणना केंद्र में प्रत्याशियों व ऐजेंटों के फोन लेजाना वर्जित था।

होडल नगर परिषद चेयरमैन व वार्ड पार्षदों के मतगणना के लिए प्रशासन द्वारा राजकीय महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया था। बुधवार सुबह से ही चेयरमैन व वार्ड प्रत्याशी अपने ऐजेंटों के साथ राजकीय महाविद्यालय में पहुंच गए थे। मतगणना को देखते हुए



महाविद्यालय के चारों ओर पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। इसके अलावा पुन्हाना मोड व बस स्टैंड के पास मार्ग के दोनों ओर पुलिस ने नाके लगाकर मतगणना केंद्र तक दोपहिया व चौपहिया वाहनों का पूरी तरह से प्रवेश पर पाबंदी लगाई हुई थी। मतगणना केद्र के गेट पर मौजूद पुलिस कर्मी पूरी चैकिंग के साथ प्रत्याशियों, ऐजेंटों व प्रशासनिक अधिकारियों को अंदर जाने की अनुमति दे रहे थे। प्रशासन द्वारा मतगणना सुबह आठ बजे शुरू कर दी गई थी।

चेयरमैन के सातों राऊंड में इंद्रेश सौरात ने 9 हजार 629 मत प्राप्त किए जबकि उदय सौरोत ने 5827 मत प्राप्त किए। इंद्रेश सौरोत ने उदय सौरोत से 3802 अधिक मत प्राप्त कर जीत हासिल की। इसके अलावा वार्ड नंबर एक से हरेंद्री, दो से रोहताश, तीन से सनीता देवी, चार से दीपक, पांच से हुकम चंद, छह से राज सिंह, सात से मनीषा, आठ से डिगम्बर, नौ से नीरज, दस से हेतराम, 11 से संगीता, 12 से कुलदीप, 13 से राजेंद्र कुमार, 14 से मीरा, 15 से लालचंद, 16 से जुवीन, 17 से पिंकी, 18 से पुनित, 19 से सीमा, 20 से रश्मि व 21 से पिंकी देवी ने जीत हासिल की। इस मौके पर सभी विजेता प्रत्याशियों को प्रशासन द्वारा उनके सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

## अंडर-15 रैपिड रेटिंग चेस टूनार्मेंट का हुआ आयोजन

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य स्कूल अंडर -15 रैपिड रेटिंग चेस टूनार्मेंट का आयोजन गुरुग्राम स्थित एक निजी स्कूल में किया गया, जिसका उद्घाटन ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा द्वारा किया गया। नरेश शर्मा ने बताया कि टूनार्मेंट में 6 विजेताओं को एसोसिएशन द्वारा अगले महीने तमिलनाडु में होने वाले 44 में चर्च ओलंपियाड में भेजा जाएगा। बुधवार को प्रतियोगिता के पहले राउंड में लड़कियों में हेमाक्षी चौहान, रिद्धिका कोटिया, शाओनी मुखर्जी और लडकों में गर्व गौर, अनुभव सिंघल, अर्शदीप सिंह ,स्पर्श बिष्ट, मानव वर्मा और निर्मय गर्ग प्रमुख विजेता रहे। उन्होंने कहा कि शतरंज दिमाग का खेल है जिससे व्यक्ति के अंदर एकाग्रता बढ़ती हैं। इस खेल से जुड़े लोगों में अन्य लोगों के मुकाबले एकाग्रता अधिक होती है। ऐसा माना जाता है कि यदि कम उम्र से इस खेल को खेला जाए तो इसके परिणाम काफी अच्छे होते हैं। इतना ही नहीं, इस खेल से व्यक्ति के सोचने की क्षमता बढ़ती है और नए आयाम खुलते है। इस अवसर पर वीना गोर, देश रतन गुलाटी, राजपाल चौहान, सुषमा चौहान आदि उपस्थित रहे।

## 10 दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा बुधवार को नेहरु स्टेडियम में 10 दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधुबाला ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलता है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में भी शामिल हों। इससे न केवल आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, अपितु अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का अवसर मिलता है। वाईसीओ संदीप सांघी ने कहा कि आयोजन में नृत्य, संगीत, अभिनय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नृत्य व संगीत का प्रशिक्षण संजय सुनेजा तथा नाट्य विद्या का प्रशिक्षण ब्रह्मप्रकाश द्वारा दिया जाएगा। वंशिका कक्कड़ व सुनील कुमार संगीतज्ञ के रुप में प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला के लिए 50 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। इस अवसर पर रामपाल, देवेंद्र कुमार, रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें



### नेक्सस के 17 मॉल में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाएगी जियो-बीपी

नई दिल्ली। नेक्सस मॉल्स ने 13 शहरों में स्थित अपने 17 मॉल में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और बैटरी अदला-बदली स्टेशन के लिये जियो-बीपी के साथ साझेदारी की है। जियो-बीपी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बीपी की संयुक्त उद्यम इकाई है। जियो-बीपी ने एक बयान में कहा, इस साझेदारी के तहत नेक्सस मॉल में दो और चार पहिया वाहनों के लिए चार्जिंग अवसंरचना स्थापित की जाएंगी, जिनका 24 घंटे इस्तेमाल किया जा सकेगा। बयान में कहा गया कि पहले चरण में ये चार्जिंग स्टेशन नवी मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद स्थित नेक्सस मॉल में उपलब्ध होंगे। ये चार्जिंग स्टेशन जून 2022 से चालू हो जाएंगे। बयान में आगे कहा गया कि जियो-बीपी की इस पहल से ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों को फायदा होगा। पिछले साल कंपनी ने भारत के दो सबसे बड़े ईवी चार्जिंग केंद्र बनाये। नेक्सस मॉल के 13 शहरों में 17 मॉल हैं।

### मोदी बृहस्पतिवार को वाणिज्य मंत्रालय के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए परिसर वाणिज्य भवन का उद्घाटन करेंगे और एक नए पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि इस पोर्टल के जरिए हितधारकों को एक जगह पर भारत के विदेश व्यापार से संबंधित सभी जरूरी जानकारी मिल सकेगी। पोर्टल का नाम निर्यात (व्यापार के वार्षिक विश्लेषण के लिए राष्ट्रीय आयात-निर्यात रिकॉर्ड) है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि इंडिया गेट के पास बने नए परिसर को एक स्मार्ट इमारत के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें ऊर्जा की बचत पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। इस भवन का इस्तेमाल मंत्रालय के दो विभाग झ्र वाणिज्य विभाग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, करेंगे।

### इमामी रियल्टी का चालू वित्त वर्ष में बिक्री में 50 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

कोलकाता। जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी इमामी रियल्टी लिमिटेड ने आर्थिक चुनौतियों के बावजूद रियल एस्टेट मांग मजबूत रहने का अनुमान लगाया है। इसके साथ कंपनी को चालू वित्त वर्ष (2022-23) के दौरान बिक्री 50 प्रतिशत उछल पर 750 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को कहा कि समूह ने अगले वित्त वर्ष यानी 2023-24 तक अपने दीर्घकालिक ऋण को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है, जो 118 करोड़ रुपये है। कंपनी नई परियोजनाओं के लिए संसाधन का लाभ उठाएगी और अगले कुछ वर्षों में इसके एक हिस्से को बाजार पर चढ़ाने की संभावनाएं टटोलेगी। इसके पास देश के करीब आठ शहरों में लगभग 2,500 एकड़ जमीन है। अधिकारी ने कहा, आर्थिक चुनौतियां, उच्च जिंस कीमतों और अन्य संबद्ध लागतों ने हमें लगभग 20 प्रतिशत तक प्रभावित किया है।

# ईवीट्रिक राइज बाइक लॉन्च

## इसमें 70km/h की टॉप स्पीड और 110 किमी का रेंज मिलेगा, शुरुआती कीमत 1.60 लाख रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी ईवीट्रिक मोटर्स (Evtric Motors) ने अपनी पहली मोटरसाइकिल ईवीट्रिक राइज (Evtric Rise) को भारत में लॉन्च कर दिया है। इसकी शुरूआती कीमत 1.60 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। आज से इसकी बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। इसे 5,000 रुपए की कीमत के साथ बुक कर सकते हैं।

70km/h की टॉप स्पीड, 110 किमी रेंजः राजस्थान में कंपनी के डीलरों की बैठक के दौरान दावा किया किया है कि लॉन्च की गई इस मोटरसाइकिल की टॉप स्पीड 70 किमी/घंटा है। और यह एक बार चार्ज करने पर 110 किमी से ज्यादा रेंज देती है।

पहले से बेच रही 3 स्कूटरः

ईवीट्रिक के पोर्टफोलियो में पहले से ही तीन इलेक्ट्रिक स्कूटर - एक्सिस (AXIS), राइड (RIDE) और माइटी (MIGHTY) हैं। इन व्हीकल्स को 22 राज्यों में 125 टचप्वाइंट के नेटवर्क के जरिए बेचा जा रहा है।



चार घंटे में फुल चार्जः

ईवीट्रिक राइज में 2000 वाट इछऊ मोटर और 70v/40ah लिथियम-आयन बैटरी दी गई है। ये ई-बाइक 10amp माइक्रो चार्जर के साथ चार घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है जो ऑटो कट फीचर के साथ आता है। ईवीट्रिक मोटर्स के मालिक मनोज पाटिल ने कहा कि हम अपनी पहली 'मेक इन इंडिया' इलेक्ट्रिक बाइक लाने के लिए एक्साइटेड हैं।

कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटर, साइकिल, बाइक लॉन्च करने का प्लानः

ईवीट्रिक मोटर्स पुणे की ऑटोमेशन कंपनी PAPL का एक हिस्सा है। PAPL ने पिछले जुलाई में इलेक्ट्रिक ऑटो सेक्टर में कदम रखा और कारोबार में 100 करोड़ रुपए का निवेश करने और इलेक्ट्रिक स्कूटर, साइकिल, बाइक और थ्री-व्हीलर को लॉन्च करने का प्लान बनाया है।

## कारोबार में बदलाव के लिए टीसीएस को आधार हाउसिंग फाइनेंस से मिला अनुबंध

मुंबई, एजेंसी

घरेलू सॉफ्टवेयर कंपनी टीसीएस को आधार हाउसिंग फाइनेंस से कारोबार प्रक्रिया में बदलाव के लिए एक अनुबंध मिला है। हालांकि अनुबंध राशि का खुलासा नहीं किया गया है।

दोनों कंपनियों ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आधार हाउसिंग बाजार में अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए टाटा समूह की कंपनी के ऋण और प्रतिभूतिकरण मंच का इस्तेमाल करेगी।

बयान के अनुसार, टीसीएस के साथ यह साझेदारी एकीकृत और ब्लॉकचैन आधारित क्लाउड मंच का उपयोग करके कारोबार प्रक्रिया को पूरी तरह से बदलने के लिए है।

सॉफ्टवेयर कंपनी के प्रमुख उज्ज्वल माथुर ने कहा, टीसीएस का ऋण और प्रतिभूतिकरण मंच आधार हाउसिंग फाइनेंस को ग्राहक अनुभव बढ़ाने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों की शक्ति का उपयोग करने में मदद कर रहा है।




**अनुबंध**

- बयान के अनुसार, टीसीएस के साथ यह साझेदारी एकीकृत और ब्लॉकचैन आधारित क्लाउड मंच का उपयोग करके कारोबार प्रक्रिया को पूरी तरह से बदलने के लिए है।

## महीने भर से पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 111 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने फिलहाल दोनों ईंधन की कीमत पिछले एक महीने से कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

देश के अन्य शहरों नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का दाम 96.57 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 89.76 रुपये प्रति लीटर है।



- इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है।

इसी तरह पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है।

उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला लगातार जारी है। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 110.57 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 110.65 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## छह अरब डॉलर की रुकी हुई सहायता को बहाल हेतु पाकिस्तान का आईएमएफ के साथ करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ एक समझौता किया है जिससे उसका रुका हुआ 6 अरब डॉलर का सहायता पैकेज बहाल हो जाएगा और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से वित्तपोषण का रास्ता भी खुल जाएगा। एक खबर में बुधवार को यह जानकारी दी गयी।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार मंगलवार रात को यह समझौता हुआ। इससे पहले आईएमएफ के स्टाफ मिशन और पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल के नेतृत्व में एक दल ने 2022-23 के बजट पर सहमति को अंतिम रूप दिया।

अखबार के अनुसार अधिकारियों ने करों से 43,600 करोड़ रुपये और अर्जित करने तथा पेट्रोलियम पर शुल्क को धीरे-धीरे 50 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाने का वादा किया था।

पाकिस्तान के लिए 6 अरब डॉलर के विस्तृत कोष सुविधा पैकेज पर



जुलाई 2019 में 39 महीने के लिए सहमति हुई थी। अभी तक आधा धन ही दिया गया है। पैकेज के बहाल होते ही पाकिस्तान को तत्काल एक अरब डॉलर की राशि मिल सकती है जो उसे उसके कम होते विदेशी मुद्रा भंडार को संभालने के लिए जरूरी है।

वित्त मंत्री इस्माइल ने संवाददाताओं से कहा, हमने आईएमएफ के साथ परामर्श करके बजट को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ के साथ बजट से संबंधित सभी मुद्दों को सुलझा लिया गया है।

## इंडियन ऑयल ने पेश किया इन्डोर सोलर कुकिंग सिस्टम

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन आयल ने बुधवार को यहां सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले सूर्य नूतन इन्डोर सोलर कुकिंग सिस्टम का प्रदर्शन किया जिसके तहत बिना किसी खर्च के चार सदस्यों वाले परिवार के लिए नाश्ता, दोपहर और रात्रि का सम्पूर्ण भोजन आसानी से पकाया जा सकता है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अध्यक्ष माधव वैद्य ने केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री हरदीप पुरी और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह की मौजूदगी में सूर्य नूतन इन्डोर सोलर कुकिंग सिस्टम को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम में भोजन पकाने का उपकरण रसोई घर में स्थापित कर दिया जायेगा और सोलर पैनल खुली जगह रखा जायेगा। सूर्य निकलने के दौरान सोलर पैनल सौर ऊर्जा सोखकर सिस्टम में संरक्षित कर लेगा, उसका भोजन पकाने के दौरान उपयोग किया जायेगा। श्री वैद्य ने कहा कि सूर्य नूतन के तीन तरह के मॉडल होंगे। सूर्य नूतन एल जब सूर्य



चमक रहा होगा तब काम करेगा, सूर्य नूतन एल डी से दोपहर और रात का भोजन पकाया जा सकेगा और सूर्य नूतन एलडीबी से नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन तैयार किया जा सकेगा। श्री पुरी ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन से इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने इस क्रांतिकारी उपकरण को विकसित किया है। इससे न केवल जैविक ईंधन बचाया जा सकेगा बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी काफी कमी लायी जा सकेगी। मोदी सरकार की उज्जवला योजना के बाद यह सरकार का एक और क्रांतिकारी कदम होगा जिससे लोगों को भोजन पकाने में सहूलियत होगी। इससे धन की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर इसके उत्पादन से इसके मूल्य में काफी कमी लायी जा सकेगी और यह आम लोगों की पहुंच में आ जायेगा। इसके उत्पादन में निजी क्षेत्र के भी रुचि दिखाने की उम्मीद है। उन्होंने आशा जतायी कि देश में इसका व्यापक पैमाने पर उपयोग शुरू हो जाने के बाद इसकी विदेशों से भी मांग आयेगी।

## अप्रैल की घोषणा के बाद से रूस से कोयले की कोई खरीद नहीं कीः टाटा स्टील

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा स्टील के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में उसने अप्रैल में रूस के साथ कारोबारी संबंध तोड़ने की घोषणा करने के बाद से पीसीआई कोयले की कोई खरीद नहीं की है।

गत 20 अप्रैल को टाटा स्टील ने कहा था कि वह रूस के साथ कारोबार रोक देगी। हालांकि कारोबार का परिचालन सुचारू रूप से जारी रखने के लिए और रूस पर निर्भरता खत्म करने के लिए कंपनी की भारत, ब्रिटेन और नीदरलैंड स्थित इस्पात विनिर्माण इकाइयों ने वैकल्पिक कच्ची सामग्री की आपूर्ति करवा ली।

टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा, मीडिया के कुछ वर्ग में रूस से कोयले की खरीद और आयात से संबंधित गलत जानकारी के मद्देनजर टाटा स्टील स्पष्टीकरण देना चाहती है। दरसअल कंपनी ने मार्च 2022 में 75,000 टन पीसीआई कोयले की आपूर्ति का सौदा किया था और टाटा




स्टील की अप्रैल की घोषणा से कुछ सप्ताह पहले ही यह अनुबंध प्रभावी हो गया था।

प्रवक्ता ने कहा, घोषणा के बाद से, टाटा स्टील ने रूस से पीसीआई कोयले की कोई खरीद नहीं की है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट कंपनी होने के नाते हम अपने रूख पर कायम हैं और रहेंगे।

इस्पात विनिमार्ता पल्वेराइज्ड कोल इंजेक्शन (पीसीआई) का इस्तेमाल ब्लास्ट फर्नेस में करते हैं।

## पीवीआर का 4के लेजर प्रोजेक्शन के लिए सिनियोनिक के साथ करार

नई दिल्ली, एजेंसी

मल्टीप्लेक्स श्रृंखला का संचालन करने वाली फर्म पीवीआर ने अपने 500 स्क्रीन को बार्को सीरीज 4 4के लेजर प्रोजेक्शन से लैस करने के लिए लेजर सिनेमा समाधान प्रदाता सिनियोनिक के साथ एक समझौता किया है।

मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान में इस समझौते की जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, सिनियोनिक की बार्को सीरीज 4 अगली पीढ़ी की 4के लेजर प्रोजेक्शन तकनीक है जिसमें रंगों की उच्च गुणवत्ता उभरकर सामने आती है।

पीवीआर ने इस बयान में कहा कि उसके नए एवं मौजूदा स्क्रीन को 4के लेजर प्रोजेक्शन से लैस करने के बाद वह भारत की पहली प्रदर्शनी श्रृंखला बन जाएगी जो शत-प्रतिशत 4के आरजीबी लेजर




प्रोजेक्शन वाली होगी। पीवीआर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय बिजली ने कहा, बार्को सीरीज 4 4के आरजीबी लेजर प्रोजेक्टर उत्सर्जन कम करने और एक स्थायी भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षित करने के मकसद से किया गया एक टिकाऊ निवेश है। पीवीआर 75 शहरों में कुल 858 फिल्म स्क्रीन संचालित करती है।

### श्रीलंका की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है, हम तेल खरीदने में असमर्थः प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे

कोलंबो। श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि कर्ज के बोझ से दबी उनकी अर्थव्यवस्था महीनों तक खाद्य पदार्थों, ईंधन और बिजली के अभाव के बाद चरमरा गई है। उन्होंने बुधवार को संसद में कहा कि श्रीलंका महज ईंधन, गैस, बिजली और खाद्य सामग्री के अभाव से परे और भी गंभीर हालात का सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

विक्रमसिंघे देश के वित्त मंत्री भी हैं जिन पर अर्थव्यवस्था को स्थिर करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका आयातित तेल खरीदने में असमर्थ है क्योंकि उसके पेट्रोलियम निगम पर भारी कर्ज है।

## नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लक्ष्य हासिल करने हेतु भारत को 223 अरब डॉलर की जरूरतः रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वर्ष 2030 तक पवन और सौर क्षमता स्थापित करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए 223 अरब डॉलर के निवेश की जरुरत है। शोध कंपनी ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की तरफ से जारी ताजा रिपोर्ट में यह कहा गया है।

सरकार ने 2030 तक गैर-जीवाश्म यानी हरित बिजली उत्पादन क्षमता 500,000 मेगावॉट तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। वास्तव में सरकार चाहती है कि 2030 तक कुल बिजली आपूर्ति में आधी हिस्सेदारी हरित स्रोतों से उत्पादित विद्युत की हो।

रिपोर्ट में कहा गया, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को नवीकरणीय ऊर्जा के लिए बड़े पैमाने पर निवेश या वित्तपोषण की



जरूरत है। सौर और पवन क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अगले आठ साल में 223 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2021 में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में (कॉप26) में कहा था कि भारत की वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन गहनता 45 प्रतिशत से अधिक कम करके 2005 के स्तर से नीचे करने की योजना है। उन्होंने वर्ष 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की भी घोषणा की थी। बीएनईएफ की तरफ से जारी बयान के अनुसार, भारत की 2030 तक नवीकरणीय महत्वाकांक्षा का वित्तपोषण रिपोर्ट को पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से प्रकाशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत 2021 में नवनीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की मदद से 165,000 मेगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता पहले ही स्थापित कर चुका है।

### कल्पतरु और उसकी अनुषंगियों को मिले 2,290 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर

**नई दिल्ली।** कल्पतरु पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) और उसकी अनुषंगियों को 2,290 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) क्षेत्र की इस वैश्विक कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसे और उसकी अनुषंगियों को समेकित रूप से 2,290 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिले 1,416 करोड़ रुपये के ऊर्जा पारेषण कारोबार के ऑर्डर शामिल हैं। केपीटीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनीष मोहनोत ने कहा, इससे वैश्विक ईपीसी क्षेत्र में हमारी बाजार स्थिति और बेहतर होगी तथा सिविल, इलेक्ट्रिकल और भारी अवसंरचना कारोबार में हमारी क्षमताएं मजबूत होंगी।

## रुपये की कीमत में गिरावट जारी, विशेषज्ञों को भारतीय मुद्रा के 80 रुपये तक लुढ़कने की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

मुद्रा बाजार में रुपया लगातार कमजोरी का प्रदर्शन कर रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत गिरकर 78 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से भी नीचे जा चुकी है। आज भी भारतीय मुद्रा ने 78.13 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरूआत की और दिन के पहले कारोबारी सत्र के अंत तक गिरकर 78.17 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक आ गया। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है की मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के कारण रुपये की कीमत में अभी और गिरावट आने की आशंका बनी हुई है। अगर जल्द ही वैश्विक हालात नहीं सुधरे, तो डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 80 रुपये के स्तर तक भी गिर सकती है।

मुद्रा बाजार के जानकारों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर दुनिया के ज्यादातर देशों में महंगाई चरम स्तर तक पहुंच गई है। अमेरिका में महंगाई ने पिछले 40 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस जबरदस्त महंगाई के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। महंगाई पर काबू पाने के लिए भारत में रिजर्व बैंक समेत दुनिया के ज्यादातर देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी ब्याज दर में बढ़ोतरी करने का रास्ता अपनाया है, लेकिन महंगाई पर काबू पाने के लिए अपनाए गए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस तरीके की वजह से भारतीय मुद्रा संकट में पड़ गई है।

मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में बढ़ोतरी किए जाने के कारण दुनिया के अन्य शेयर बाजारों की तरह ही भारतीय शेयर बाजार से भी अमेरिकी निवेशकों ने अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया है। ऐसा होने के कारण शेयर बाजार में तो गिरावट का रुख बना ही है, भारतीय मुद्रा बाजार में भी डॉलर की मांग काफी तेज हो गई है। इसके साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की वजह से डॉलर में भी मजबूती का रुख बन गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डॉलर की मजबूती और भारतीय मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग में तेजी आने के कारण भारतीय मुद्रा पर काफी दबाव की स्थिति बन गई है।

इसी तरह मुद्रा बाजार के जानकार आशीष जैन का कहना है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर में आई तेजी और उससे निपटने के लिए फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने के कारण ज्यादातर अमेरिकी निवेशक बाजार में पैसा लगाने का जोखिम लेने से बचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की शुरूआत के बाद से ही विदेशी निवेशक अपना पैसा सबसे सुरक्षित निवेश माध्यमों में लगाने की कोशिश करने लगे हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में की गई बढ़ोतरी के बाद इन निवेशकों के लिए अमेरिका में गवर्नमेंट सिक्योरिटीज में निवेश करना सबसे सुरक्षित निवेश माध्यम बन गया है। हालांकि उन्हें ऐसे निवेश से तुलनात्मक रूप से कम रिटर्न मिलता है, लेकिन इसमें उन्हें शेयर बाजार के जोखिम का सामना नहीं करना पड़ता है। आशीष जैन के मुताबिक ऐसी स्थिति में विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में पैसा लगाने की बजाए भारतीय बाजार में पहले से लगा अपना पैसा निकालने की कोशिश में लग गए हैं।

आपको बता दें कि भारतीय शेयर बाजार में भले ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली भारतीय मुद्रा में होती है, लेकिन इस भारतीय मुद्रा को विदेशी निवेशक अमेरिकी मुद्रा यानी डॉलर में एक्सचेंज करके वापस अपने साथ ले जाते हैं। ऐसा होने के कारण अमेरिकी डॉलर की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसका असर डॉलर की बढ़ती कीमत और रुपये की लगातार कमजोरी के रूप में साफ नजर आ रहा है।

### 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगीः ओकिनावा

**नई दिल्ली।** बिजली से चलने वाले दोपहिया वाहनों की विनिमार्ता ओकिनावा ऑटोटेक ने बुधवार को कहा कि राजस्थान के करौली में एक नए विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए वह 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ओकिनावा ऑटोटेक ने एक बयान में कहा कि 30 एकड़ भूमि पर बनाए जाने वाले कारखाने की सालाना उत्पादन क्षमता 10 लाख इकाइयों की होगी और वहां अक्टूबर 2023 से परिचालन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस संयंत्र से 5,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कंपनी का तीसरा संयंत्र होगा, इसके अलावा दो कारखाने राजस्थान के अलवर में हैं। ओकिनावा ऑटोटेक के संस्थापक तथा प्रबंध निदेशक जितेंद्र शर्मा ने कहा, बिजली से चलने वाले दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते हम इस क्षेत्र के सामने आ रहे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बड़े कारखाने में प्रस्तावित अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) सुविधाएं भविष्य के अनुरूप होंगी ताकि हम आगे इस क्षेत्र की मांग को पूरा कर सकें।

## बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम

### सेंसेक्स 709 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

पिछले दो कारोबारी सत्रों में तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को फिर भारी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 709 अंक लुढ़कर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी के कारण बाजार में गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया जिससे बाजार धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 709.54 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,822.53 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 225.50 अंक यानी 1.44 प्रतिशत गिरकर 15,413.30 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत लुढ़क गया। विप्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, एचसीएल

- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 225.50 अंक यानी 1.44 प्रतिशत गिरकर 15,413.30 अंक पर बंद हुआ।

टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाइटन और बजाज फाइनेंस के शेयर भी प्रमुख रूप से गिरावट में रहे।

वहीं दूसरी तरफ केवल चार कंपनियों टीसीएस, एचयूएल, पावरग्रिड और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, बाजार में अच्छी तेजी आ सकती है और मंगलवार को यह देखने को मिला। लेकिन सवाल है, क्या यह जारी रहेगी? कच्चे तेल के दाम में नरमी के अलावा वैसी कोई आर्थिक खबरें नहीं है, जिससे तेजी को बरकरार रखने में मदद मिले।

उन्होंने कहा, डॉलर मजबूत बना हुआ है और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल आकर्षक है और इसमें वृद्धि की उम्मीद है। इसको देखते हुए विदेशी संस्थागत निवेशकों का अपनी बिकवाली रणनीति बदलने का कोई कारण नहीं दिखता है।

इसके अलावा बीएसई का मिडकैप 1.53 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक में 1.11 फीसदी की गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक और चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार के दौरान गिरावट रही। जबकि अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.19 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 109.8 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक की पूंजी निकासी बरकरार है। उन्होंने मंगलवार को 2,701.21 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## संक्षिप्त खबरें

### 'खेलो शतरंज' कार्यक्रम भारत में इस खेल में क्रांति ला सकता है: एआईसीएफ सचिव

नई दिल्ली। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के सचिव भरत सिंह चौहान ने कहा कि खेलो इंडिया कार्यक्रम की तर्ज पर खेलो शतरंज की पहल देश में इस खेल में क्रांति ला सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शतरंज ओलंपियाड की मशाल रिले के दौरान खेलो शतरंज कार्यक्रम शुरू करने की इच्छा की घोषणा की थी जिसके बाद एआईसीएफ के शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। चौहान ने एक बयान में कहा, भारत में शतरंज की काफी संभावनायें हैं और एआईसीएफ युवा प्रतिभाओं के विकास के लिये मनोयोग से काम कर रहा है। हालांकि शतरंज के लिये खेलो इंडिया जैसा कार्यक्रम देश में इस खेल में क्रांति ला सकता है। उन्होंने कहा, यह शतरंज को भारत में पावरहाउस बनाने के हमारे उद्देश्य को मजबूती देगा। इस स्तर के देश व्यापी टूनार्मेंट से युवा भारतीय इस खेल को खेलने के लिये ही प्रेरित नहीं होंगे बल्कि इससे देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभायें भी सामने आयेंगी।

### मोर्गन चोटिल होने के कारण तीसरे वनडे से बाहर

एम्सटेलवीन। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ग्रोइन की मामूली चोट के कारण बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। मोर्गन की जगह जोस बटलर लेंगे। इंग्लैंड यह मैच जीतकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगा। मोर्गन पिछले दो मैचों में खाता भी नहीं खोल पाए थे, जिससे इंग्लैंड के एकदिवसीय कप्तान के रूप में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले टूनार्मेंट के बालिका वर्ग में शीर्ष पर रही अपरा जायसवाल

नई दिल्ली। गाजियाबाद की दूसरी कक्षा की छात्रा अपरा जायसवाल ने शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले ओपन रैपिड टूनार्मेंट 2022 के अंडर-सात (बालिका वर्ग) में पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली शतरंज संघ ने कल देर रात इस टूनार्मेंट के विजेताओं की अंतिम सूची जारी की। अपरा को खिताब जीतने पर छह हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड की मशाल प्रज्ज्वलित करके उसे पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को सौंपा था। इसी कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए इस टूनार्मेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया था। इस टूनार्मेंट में विभिन्न राज्यों के कुल 1549 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। शतरंज ओलंपियाड 28 जुलाई से 10 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित किया जाएगा।

### पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास आईसीयू में भर्ती

लंदन। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जहीर अब्बास की तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें लंदन के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अब्बास के परिवार के हवाले से बताया कि उन्हें तीन दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जियो न्यूज ने कहा कि दुबई से लंदन जाते हुए अब्बास कोरोना संक्रमित हो गये थे। लंदन पहुंचने के बाद उन्होंने गुर्दे में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें निमोनिया होने की जानकारी मिली। सूत्रों के अनुसार वह इस समय डायलिसिस पर हैं और डॉक्टरों ने उन्हें किसी से भी मिलने से मना किया है।

# ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में जडेजा के बाद दूसरे स्थान पर शाकिब का कब्जा



दुबई, एजेंसी

**बदलाव**

- अगर शाकिब ऑलराउंडरों के लिए शीर्ष रैंकिंग पर फिर से दावा करते हैं, तो यह बांग्लादेश के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक बड़ा बदलाव होगा

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन आईसीसी टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचकर टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में अपना ताज फिर से हासिल करने के करीब आ गए हैं। शाकिब आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा ऑलराउंडर रैंकिंग में दो पायदान के फायदे के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिसमें टॉप पर भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज रवींद्र जडेजा हैं। शाकिब वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरेबियन में चल रही टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश के लिए शानदार प्रदर्शन किया हैं। बांग्लादेश के कप्तान ने पहली पारी में 51 रनों के साथ शीर्ष स्कोर किया और दूसरी पारी में 63 रनों की प्रभावशाली पारी खेली, जिससे वेस्टइंडीज को दूसरी बार बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

अगर शाकिब ऑलराउंडरों के लिए शीर्ष रैंकिंग पर फिर से दावा करते हैं, तो यह बांग्लादेश के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक बड़ा बदलाव होगा। शाकिब ने पहली बार दिसंबर 2011 में टेस्ट ऑलराउंडरों के लिए शीर्ष रैंकिंग का दावा किया था और तब से अपने करियर में कुछ चोटों की चिंताओं के बावजूद शीर्ष के पास अपनी स्थिति बनाए रखी है। वर्तमान में उनके पास 346 अंक की रेटिंग है, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है, अगर वह जडेजा (385 रेटिंग) से आगे निकलना चाहते हैं, तो उन्हें गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। इस महीने की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने कारनामों के बाद नए नंबर 1 जो रूट के साथ शाकिब भी नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 14 स्थान की छलांग लगाकर 32वें स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने भी गेंदबाजों की ताजा सूची में अपना कदम बढ़ाया, जिसमें अनुभवी दाएं हाथ के गेंदबाज बांग्लादेश के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद चार स्थान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर काबिज हो गए। रोच ने पहले टेस्ट में सात विकेट चटकाए और उनके प्रयासों के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 33 वर्षीय न्यूजीलैंड की जोड़ी नील वैगनर और ट्रेंट बोल्ट और ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क के सामने आ गए, पैट कमिंस को अभी भी नई रैंकिंग में सर्वोच्च रैंक वाले गेंदबाज के रूप में दर्जा दिया गया है। टी20 रैंकिंग में कई बदलाव देखे गए, जिसमें भारत के कई खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी हाल ही में पूरी हुई श्रृंखला के बाद बड़ी प्रगति की, जो दो मैचों में बराबरी पर समाप्त हुई। अनुभवी दिनेश कार्तिक बल्लेबाजों की रैंकिंग में 108 पायदान की छलांग के साथ 87वें स्थान पर पहुंच गए, लेकिन युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन का शीर्ष 10 में आना और भी दिलचस्प था।

किशन ने दो अर्धशतकों के साथ श्रृंखला समाप्त की और 41 की औसत से 206 रन के साथ अग्रणी रन स्कोरर के रूप में रहे और इस फॉर्म ने बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में बाएं हाथ के बल्लेबाज को एक स्थान की बढ़त के साथ छठे स्थान पर पहुंचा दिया। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अभी भी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं, लेकिन किशन भारत के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें शीर्ष 10 में स्थान दिया गया है। युजवेंद्र चहल गेंदबाजों के लिए टी20 रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की, भारत के स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के दौरान अपने छह विकेट के बाद तीन स्थान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर आ गए। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (तीसरे स्थान) और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (छठे पर बरकरार) दोनों शीर्ष 10 में जगह बनाने के साथ हेजलवुड ने शीर्ष टी20 गेंदबाज के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है।

## टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं दिनेश कार्तिक : गावस्कर

मुंबई, एजेंसी



पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर को भरोसा है कि बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इस साल आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किए जा सकते हैं। उन्होंने आईपीएल 2022 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्र्दशन करते हुए टीम में अपना स्थान पक्का किया है।

गावस्कर और कार्तिक ने पिछले साल भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान कमेंट्री बॉक्स साझा किया और महान क्रिकेटर ने खुलासा किया कि कार्तिक ने राष्ट्रीय टीम में वापस आने के लिए कितनी मेहनत की। हालांकि, उन्होंने इस दौरान होटल का जिम भी छोड़ दिया था क्योंकि उन्होंने उस तरह की सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं, जिस तरह की वे चाहते थे इसलिए उन्होंने एक क्लब ज्वाइन किया था। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, जब दिनेश कार्तिक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए गए थे, तो हमने लंच, ब्रेकफास्ट, डिनर एक साथ साझा किया। वहां मुझे कार्तिक ने भारतीय टीम में वापसी करने की अपनी महत्वाकांक्षा के बारे में बताया था। गावस्कर ने कार्तिक के वर्कआउट रूटीन का खुलासा किया, जिसमें दिमाग में खेल के प्रति परिध्श्य बनाना और उनके अनुसार अभ्यास करना शामिल था। गावस्कर ने कहा, वह मुझे बता रहे थे कि कैसे वह अपने दिमाग में मैच के प्रति परिस्थितियों का निर्माण कर रहे थे और उसी के अनुसार अपनी तैयारियों पर जोर दे रहे थे। विस्तार से कमेंटेटर ने आगे बताते हुए कहा, अगर आप 6 और 7 पर बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर आते हैं, तो आपको 20 ओवर खेलने के लिए नहीं मिलते हैं। आपको सिर्फ 5-6 ओवर खेलने के लिए मिलते हैं। उस हिसाब से आपको बल्लेबाजी करनी पड़ती है। इसके लिए कार्तिक ने कड़ी मेहनत की और उनकी इस मेहनत का फल आईपीएल और टी20 सीरीज में निखरकर सामने आया है। हाल ही में समाप्त हुई भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज में सीमित गेंदों का सामना करने के बावजूद, कार्तिक ने चार पारियों में 158.62 की स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए।

# भारत में शतरंज को लोकप्रिय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि एक खेल प्रेमी के रूप में वह भारत में शतरंज के खेल को लोकप्रिय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भारत इस साल 28 जुलाई से 10 अगस्त तक चेन्नई में 44वें एफआईडीई शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी करने के लिए तैयार है और देश भर में इस खेल को बढ़ावा देने के लिए 75 शहरों में शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले का आयोजन किया जा रहा है। खेल मंत्री बुधवार की सुबह शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले समारोह के धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) स्टॉपओवर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और उन्होंने ओलंपियाड की मेजबानी करने और युवा शतरंज उत्साही लोगों को मिलने का मौका देने के लिए अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 19 जून को नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में मशाल रिले का शुभारंभ किया था।

अनुराग ठाकुर ने एचपीसीए में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, भारत में शतरंज की एक लंबी विरासत और इतिहास है। शतरंज ओलंपियाड के इतिहास में भारत पहली बार इसकी मेजबानी कर रहा है और आजादी का अमृत महोत्सव से बेहतर अवसर क्या हो सकता है। शतरंज ओलंपियाड के दौरान कुल 188 देश, 2,000 से अधिक खिलाड़ी और 1,000 अधिकारी भारत आएंगे। एआईसीएफ को यह कदम उठाने और युवा शतरंज के प्रति उत्साही को अपने वरिष्ठ समकक्षों और ग्रैंडमास्टर्स से मिलने का मौका देने के लिए बधाई देता हूं। एचपीसीए में स्कूली छात्रों, साई केंद्र धर्मशाला के एथलीटों, एनवाईकेएस स्वयंसेवकों और हिमाचल शतरंज संघ के युवाओं सहित 500 लोगों की एक सभा ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। शतरंज के ग्रैंडमास्टर दीप सेनगुप्ता ठाकुर को मशाल सौंपने और उसे शिमला ले जाने के लिए उपस्थित थे।

## यॉर्कशायर ने हैरी ब्रुक और डोम लीच के साथ एक नए अनुबंध पर किया हस्ताक्षर

यॉर्कशायर, एजेंसी

यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने बुधवार को हैरी ब्रुक और डोम लीच के साथ एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। क्लब के एक आधिकारिक बयान में कहा गया, यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हैरी ब्रुक और डोम लीच ने क्लब के साथ एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। 2016 में यॉर्कशायर के लिए पदार्पण करने वाले बैटर ब्रुक ने पांच साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे वह अक्टूबर 2027 तक क्लब में बने रहेंगे। 23 वर्षीय ब्रुक ने 11 काउंटी चैम्पियनशिप पारी में उल्लेखनीय 926 रन बनाए हैं, साथ ही 47 की औसत से 282 विटैलिटी ब्लास्ट रन बनाए हैं। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम में शामिल किया गया। तेज गेंदबाज लीच अक्टूबर 2024 तक यॉर्कशायर के साथ रहेंगे। यॉर्कशायर क्रिकेट के अंतरिम प्रबंध निदेशक डैरेन गफ ने कहा, हम पूरी तरह से खुश हैं कि उन्होंने क्लब के लिए अपना भविष्य प्रतिबद्ध किया है। हैरी एक अविश्वसनीय प्रतिभा है और इस साल अब तक उसने जो प्रदर्शन किया है वह अविश्वसनीय है। यह स्पष्ट है कि उसका बहुत उज्ज्वल भविष्य है और क्लब के लिए लंबे समय तक उसकी सेवाओं को सुरक्षित रखने में सक्षम होना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, लीच एक उच्च माना जाने वाला सीमर है और हम यह देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं कि वह अगले कुछ वर्षों में क्या हासिल कर सकता है। अधिकांश युवा तेज गेंदबाजों की तरह, उसे अपने करियर के शुरूआती चरण में कुछ चोटों का सामना करना पड़ा है लेकिन हमें विश्वास है उसके पास यॉर्कशायर के लिए एक शानदार क्रिकेटर होने के सभी गुण हैं। नए सौदे पर टिप्पणी करते हुए, हैरी ब्रुक ने कहा, मुझे यॉर्कशायर के साथ अपने अनुबंध का विस्तार करने में खुशी हो रही है और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में मैं बहुत सारी जीत में योगदान कर सकता हूं।

## ऐतिहासिक वनडे सीरीज जीत के बाद श्रीलंका के दिग्गजों ने टीम की प्रशंसा की

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के दिग्गज क्रिकेटर सनथ जयसूर्या और रोशन महानामा ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक वनडे सीरीज जीत के लिए घरेलू टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस कठिन समय में खिलाड़ियों ने देश की जनता को बड़ी खुशी दी है। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका ने पांच मैचों की सीरीज के चौथे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को चार रन से हराकर 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। यह 30 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया पर श्रीलंका की पहली वनडे सीरीज जीत थी और आर प्रेमदासा स्टेडियम में 10 ऑस्ट्रेलियाई विकेटों में से सात विकेट लेने वाले स्पिनरों तारीफ की। 213 वनडे मैचों में 5,000 से अधिक रन बनाने वाले महानामा ने श्रीलंका को ऐतिहासिक श्रृंखला जीत पर बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, उन्होंने कहा, टीम को उनकी ऐतिहासिक घरेलू श्रृंखला के लिए बधाई। 30 साल बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से जनता में खुशी की लहर है। महान श्रीलंकाई बल्लेबाज और पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या ने ट्वीट किया, 30 साल बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार श्रृंखला जीत के लिए विजयी श्रीलंकाई टीम को बधाई! टीम ने शानदार प्रयास किया। श्रीलंका के दिग्गज महेला जयवर्धने ने ट्वीट किया, सभी आलोचकों का शनाका ने शानदार जवाब दिया। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रक्रिया और कौशल में विश्वास करें। चैरिथ असलांका के पहले वनडे शतक के बाद एक प्रभावशाली गेंदबाजी प्रयास के कारण श्रीलंका ने चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया पर चार रन की रोमांचक जीत दर्ज की। असलंका के शतक (106 गेंदों में 110 रन) के दम पर श्रीलंका ने 49 ओवर में कुल 258 रन बनाए, जिसके बाद स्पिनरों ने घातक गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलियाई टीम को 254 रनों पर ढेर कर दिया।

# भारतीय खिलाड़ी रूमेली धर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

मुंबई, एजेंसी



**गेंदबाजी**

- नई दिल्ली में 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली 38 साल की रूमेली ने आठ टेस्ट विकेट चटकाए

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रूमेली धर ने बुधवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। दाएं हाथ की बल्लेबाज और तेज गेंदबाज रूमेली ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने फैसले की घोषणा की। रूमेली ने अपनी पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल के श्यामनगर से शुरू हुआ क्रिकेट का मेरा 23 साल का सफर अंततः खत्म हो रहा है, मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करती हूं।

रूमेली ने चार महिला टेस्ट में एक अर्धशतक की मदद से 236 रन बनाए। नई दिल्ली में 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली 38 साल की रूमेली ने आठ टेस्ट विकेट चटकाए। उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था। रूमेली ने 78 महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 961 रन बनाने के अलावा 63 विकेट झटके। उन्होंने 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ लिंकन में पदार्पण करने के बाद छह अर्धशतक जड़े। उन्होंने अपना अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2012 में खेला था। बंगाल सहित अन्य घरेलू टीम की ओर से खेलने वाली रूमेली ने 18 टी20 मुकाबले भी खेले जिसमें उन्होंने 131 रन बनाने के अलावा 13 विकेट भी चटकाए। उन्होंने 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया। रूमेली ने 2018 में 34 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 टीम में वापसी की और उसी साल ब्रेबोर्न स्टेडियम में आस्ट्रेलिया की महिला टीम के खिलाफ अपना अंतिम टी20 मैच खेला। रूमेली 2005 में दक्षिण अफ्रीका में महिला एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में पहुंची भारतीय टीम की सदस्य भी थी। रूमेली ने कहा, यात्रा काफी लंबी रही जिसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिले। शीर्ष लम्हा भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व और अगुआई करना रहा जो 2005 में विश्व कप फाइनल में पहुंची।

रूमेली के अनुसार उनका करियर चोटों से प्रभावित किया लेकिन उन्होंने हमेशा मजबूत वापसी की। इस आलराउंडर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड, अपने परिवार, मित्रों और उन सभी टीमों को धन्यवाद दिया जिनका उन्होंने प्रतिनिधित्व किया। रूमेली बंगाल के अलावा रेलवे, एयर इंडिया, दिल्ली और राजस्थान की ओर से खेली। रूमेली ने वादा किया कि वह खेल से जुड़ी रहेंगी और देश में युवा प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेंगी।

## कार्तिक ने लगाई 108 पायदान की छलांग पहली बार टॉप-10 में पहुंचे ईशान किशन

दुबई, एजेंसी



भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ी दिनेश कार्तिक हाल में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत ताजा जारी आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 108 पायदान की बड़ी छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गये जबकि युवा सलामी बल्लेबाज इशान किशन शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे।

किशन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में दो अर्धशतक जड़े थे और उन्होंने 41 के औसत से कुल 206 रन बनाये थे। इस फॉर्म की बदौलत बायें हाथ के क्रिकेटर को बल्लेबाजों की ताजा जारी टी20 रैंकिंग में एक पायदान के फायदा हुआ और वह छठे स्थान पर पहुंच गये हैं। कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पाचवें सत्र से ही शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में कुछ तेजतर्रार पारियां खेलीं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अभी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज है और किशन शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। गेंदबाजों की टी20 रैंकिंग में युजवेंद्र चहल ने सबसे लंबी छलांग लगायी है। इस भारतीय स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दौरान छह विकेट की बदौलत तीन पायदान के फायदे से 23वां स्थान हासिल किया। जोश हेजलवुड टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर) और श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा (छठे) दोनों एक एक पायदान के फायदे से शीर्ष 10 में पहुंच गये। रविंद्र जडेजा ने 385 रेटिंग अंक से टेस्ट आल राउंडर सूची में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है। वह इस समय भारत के इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच के लिये ब्रिटेन में हैं जो पिछले साल पांच मैचों की श्रृंखला का मैच है जो कोविड-19 के कारण पूरा नहीं हो सका था।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन 346 रेटिंग अंक से दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली (742) टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में 10वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (850) और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (830) गेंदबाजों की सूची में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच भी बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बूते गेंदबाजों की सूची में चार पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस टेस्ट गेंदबाजों की सूची में 901 रेटिंग अंक से शीर्ष पर हैं।

## टी 20 विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर बी के लिए यूएसए की टीम घोषित

वाशिंगटन, एजेंसी

यूएसए ने पुरुषों के टी 20 विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर बी के लिए अपने टीम की घोषणा कर दी है। यूएसए क्रिकेट ने विंडहोक में नामीबिया और जर्सी के खिलाफ दो टी20 मैच की तारीखों की भी घोषणा की। हाल ही में क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला में चोटिल होने के बाद, जसकरन मल्होत्रा की टीम में वापसी हुई है। टीम में बाएं हाथ के युवा स्पिनर वत्सल वाघेला भी शामिल हैं। आठ टीमों के टूनार्मेंट में यूएसए को एक मुश्किल ग्रुप ए में मेजबान, सिंगापुर और जर्सी के साथ रखा गया है। जबकि हांगकांग, नीदरलैंड, पापुआ न्यू गिनी और युगांडा ग्रुप बी में हैं। यूएसए क्रिकेट संचालन निदेशक रिचर्ड डन ने देश में खेल के लिए टूनार्मेंट के महत्व पर जोर दिया। रिचर्ड डोन ने एक बयान में कहा, जिम्बाब्वे में आईसीसी टी-20 विश्व कप क्वालीफायर हमारे पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए इतिहास बनाने और पहले क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का एक वास्तविक मौका है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि यह क्वालीफायर आठ उच्च गुणवत्ता वाले पक्षों के साथ कितना मुश्किल होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए विमान पर चढ़ने के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन हम एक टीम के रूप में अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के साथ खेलने के लिए आशान्वित हैं। यूएसए टी20 विश्व कप क्वालीफायर टीम इस प्रकार है: मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, अली खान, कैमरन स्टीवेन्सन, गजानंद सिंह, जसकरन मल्होत्रा, मार्टी केन, निसर्ग पटेल, रस्टी थेरॉन, सौरभ नेत्रवलकर, स्टीवन टेलर, सुशांत मोदानी, यासिर मोहम्मद, वत्सल वाघेला।

# विंबलडन 2022 : इगा स्विएटेक को दी गई शीर्ष वरीयता, सेरेना गैरवरीय

लंदन, एजेंसी



दुनिया के नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्विएटेक को 27 जून से शुरू हो रहे विंबलडन 2022 में महिला एकल में शीर्ष वरीयता दी गई है। शुक्रवार की सुबह ड्रॉ समारोह से पहले एकल और युगल वरीयता सूची की घोषणा की गई। स्विएटेक ने जून की शुरूआत में अपनी दूसरी रोलैंड-गैरोस ट्रॉफी जीती और लगातार 35 मैचों की जीत के साथ टूनार्मेंट में प्रवेश किया। उन्होंने अपने पिछले छह इवेंट जीते हैं और फरवरी के मध्य से एक भी मैच नहीं हारा है। स्विएटेक ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे दौर से कभी आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल की महिला एकल चैंपियन, एशले बार्टी ने मार्च में अचानक संन्यास की घोषणा की और इसलिए वह अपने खिताब की रक्षा के लिए वापस नहीं आएगी। एस्टोनिया के एनेट कोंटेविट को टूनार्मेंट में दूसरी वरीयता दी गई है। ट्यूनीशिया के हालिया बर्लिन ग्रास कोर्ट चैंपियन ओन्स जबूर को तीसरी और स्पेनिश पाउला बडोसा को चौथी वरीयता दी गई है। पिछले साल की महिला उपविजेता करोलिना प्लिस्कोवा इस सूची में छठे स्थान पर हैं। 2017 की चैम्पियन गारबाइन मुगुरुजा को 9वीं वरीयता मिली है, 2018 की विजेता एंजेलिक कर्बर को 15वीं वरीयता दी गई है, जो 2019 की चैम्पियन सिमोना हालेप से एक स्थान आगे है। दो बार विंबलडन चैंपियन रह चुकी चेक लेफ्टी पेट्रा क्वितोवा को वरीयता सूची में 25वीं वरीयता दी गई है। सात बार की विंबलडन एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स गैर वरीय खिलाड़ियों की सूची में हैं। 40 वर्षीय सेरेना ने 2021चैंपियनशिप में अपने शुरूआती मैच के दौरान रिटायर होने के बाद से अब तक कोई मैच नहीं खेला है। पुरूष वर्ग में गत चैंपियन नोवाक जोकोविच को शीर्ष वरीयता दी गई है और उनका लक्ष्य सातवां एकल खिताब और कुल मिलाकर 21वां ग्रैंड स्लैम जीतना होगा। वहीं, 2008 और 2010 के चैंपियन राफेल नडाल को दूसरी वरीयता दी गई है।

## मिडफील्डर फैबियो विएरा दीर्घकालिक अनुबंध पर आर्सेनल एफसी में हुए शामिल

लंदन, एजेंसी

एफसी पोर्टो के मिडफील्डर फैबियो विएरा दीर्घकालिक अनुबंध पर आर्सेनल एफसी में शामिल हो गए हैं। 22 वर्षीय विएरा ने पोर्टो के लिए 54 मैच खेले हैं और क्लब की युवा अकादमी के माध्यम से विकसित हुए हैं। उन्होंने जून 2020 में अपनी पहली टीम की शुरूआत की और 2019/20 और 2021/22 सीजन में प्राइमरा लीगा विजेता टीम का हिस्सा थे।

फैबियो पुर्तगाली के अंडर-21 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है, जिसने अपने 21 मैचों में 13 शानदार गोल किए हैं। उन्होंने युवा स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व भी किया। उन्होंने 2019 यूईएफए अंडर -19 चैम्पियनशिप में सभी पांच टूनार्मेंट मैच खेले हैं, जहां पुर्तगाल उपविजेता रहा था। पिछले सीजन के प्राइमिरा लीगा जीतने वाले सीजन के दौरान, फैबियो ने अपने क्लब के लिए कुल 27 मैच खेले और छह गोल किए और टूनार्मेंट के दौरान 14 गोल करने में सहायता की।

तकनीकी निदेशक एडु ने आर्सेनल की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार कहा, हम एफसी पोर्टो से फैबियो के हस्ताक्षर को पूरा करके बहुत खुश हैं। फैबियो विशेष गुणों वाला खिलाड़ी है। हम सभी उनके साथ काम करने और आर्सेनल में उनके भविष्य के योगदान का आनंद लेने के लिए उत्सुक हैं। हम अब कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे और इस ट्रांसफर विंडो को यथासंभव मजबूती से पूरा करने की उम्मीद कर रहे हैं। फैबियो 21 नंबर की शर्ट पहनेंगे और सीजन-पूर्व प्रशिक्षण के लिए जल्द ही अपने नए साथियों के साथ जुड़ेंगे।


राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 23 जून 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



# पुतिन ने साल के अंत तक सरमत मिसाइल तैनात करने के लिए दिए आदेश

**मॉस्को, एजेंसी**



रूस ने हाल ही में टेस्ट की गई अपनी सरमत इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) को साल के अंत तक तैनात करने निर्देश दिया है। रूस के इस कदम से अमेरिका उसके निशाने पर आ गया है।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मंगलवार को मिलिट्री एकेडमी ग्रेजुएट्स के साथ एक ऑनलाइन बैठक के दौरान यह बयान दिया है। पुतिन ने मारक मिसाइल की तैनाती की बात ऐसे समय पर की है, जब रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के चार महीने पूरे होने वाले हैं। पुतिन ने रूस में विकसित आईसीबीएम का जिक्र करते हुए ग्रेजुएट्स से कहा कि ऐसी योजना है कि साल के अंत तक, ऐसा पहला कॉम्प्लेक्स कॉम्बैट ड्यूटी पर होगा। रूस की आईसीबीएम एकसाथ 10 से अधिक परमाणु युद्धक सामाग्री (न्यूक्लियर वारहेड) ले जाने में सक्षम है। रूस ने इस मिसाइल का परीक्षण अप्रैल में किया था, जिसने तमाम विशेषज्ञों सहित पश्चिम की चिंता को बढ़ा दिया था।

पुतिन ने कहा कि मिसाइल की तैनाती रूसी सेना के एक बड़े विकास का हिस्सा होगी। रूसी राष्ट्रपति ने बताया कि सैनिकों को एस-500 एयर डिफेंस और मिसाइल डिफेंस सिस्टम पहले ही मिलने शुरू हो गए हैं जिनका दुनिया में कोई मिसाल नहीं है। रूस एस-500 के साथ अपने एयर डिफेंस सिस्टम में बड़े पैमाने पर सुधार कर रहा है जिसे कम समय में तैनात कर लंबी दूरी के विमानों, हाइपरसोनिक मिसाइलों और आईसीबीएम को रोका जा सकता है। पुतिन ने यूक्रेन में जंग लड़ रहे रूसी बलों की तारीफ करते हुए कहा कि वे असली हीरो की तरह साहस और जाबांजी का प्रदर्शन कर रहे हैं।

रूस की सरमत मिसाइल अमेरिका तक परमाणु हमला करने में सक्षम है। यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस ने महाशक्तिशाली परमाणु मिसाइल आरएस-28 सरमत का परीक्षण कर सभी को चौंका दिया था। इसकी कमान रूस की स्ट्रैटजिक रॉकेट फोर्सेज के हाथ में होती है। इस मिसाइल को रूसी कंपनी मेकयेव रॉकेट डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। यह मिसाइल 2009 से अंडर ट्रायल है, इसे 2022 में ही रूसी सेना में कमीशन करने का प्लान है।

## यूक्रेन से 20 लाख से अधिक लोगों को निकाला गया

**मास्को, एजेंसी**



रूस के विशेष सैन्य अभियान की शुरूआत के बाद से डोनेट्स्क और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर और एलपीआर) तथा यूक्रेन के खतरनाक क्षेत्रों से 20 लाख से अधिक लोगों को मास्को पहुंचाया गया है। रुसी रक्षा नियंत्रण केंद्र के प्रमुख व मानवीय प्रतिक्रिया समन्वय मुख्यालय का भी नेतृत्व करने वाले कर्नल जनरल मिखाइल मिजिंटसेव ने यह जानकारी दी। उन्होंने एक ब्रीफिंग में कहा, पिछले दिनों यूक्रेनी पक्ष की भागीदारी के बिना 3,826 बच्चों सहित 21,947 लोगों को यूक्रेन और डोनबास गणराज्यों के खतरनाक क्षेत्रों से रूसी संघ के क्षेत्र में निकाला गया। विशेष सैन्य अभियान की शुरूआत के बाद से अब तक कुल मिलाकर 318,144 बच्चों सहित 20,02,773 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। गौरतलब है कि यूक्रेन के सैनिकों से सुरक्षा के लिए डोनेट्स्क और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक के आह्वान के जवाब में रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान शुरू किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन का लक्ष्य यूक्रेन को विसैन्यीकरण और निंदा करना है और डोनबास को पूरी तरह से मुक्त करना है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि ऑपरेशन का उद्देश्य आठ साल तक यूक्रेन शासन द्वारा नरसंहार के शिकार लोगों की रक्षा करना है। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं और यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करते रहे हैं।

## ब्राजील के उपराष्ट्रपति ने ब्रिटिश पत्रकार की मौत को बताया 'संपार्श्विक क्षति'

**ब्रासीलिया, एजेंसी**



ब्राजील के उपराष्ट्रपति हैमिल्टन मौराओ ने कहा कि ब्रिटिश पत्रकार डोम फिलिप्स की उनके साथी स्वदेशी कार्यकर्ता ब्रूनो परेरा पर हमले के दौरान हुई मौत संपार्श्विक क्षति है। द गार्जियन ने श्री मौराओ के हवाले से कहा कि उनका मानना है कि फिलिप्स की मृत्यु इसलिए हो गयी क्योंकि वह हत्यारों के मुख्य लक्ष्य परेरा के साथ था। उन्होंने कहा, अगर किसी ने इस अपराध का आदेश दिया है, तो वह इस क्षेत्र का एक व्यवसायी है जो मुख्य रूप से ब्रूनो की कार्रवाई से दुखी था और डोम बेवजह इस लपेटे में मारा गया और यह एक संपार्श्विक क्षति है।

उन्होंने कहा कि यह एक अपराध है, यह कुछ ऐसा था जो एक क्षण में हो गया, साथ ही यह घात लगाकर किये गये हमले की तरह है। कुछ ऐसा है जो कुछ समय से पक रहा था। उन्होंने कहा कि मेरे अनुमान के अनुसार यह रविवार को हुआ होगा। बड़े शहरों के बाहर गरीब इलाकों में रविवार और शनिवार को लोग लोग शराब पीते हैं, नशे में धुत हो जाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि ब्राजील के बड़े शहरों में भी, हर सप्ताहांत लोगों को चाकुओं से मारा जाता है, गोलियों से मारा जाता है और आमतौर पर यह किसका परिणाम होता है? और यहां भी यहीं हुआ होगा। स्वदेशी लोगों के यूनिवाजा समूह ने मौराव की आलोचना की है क्योंकि उनकी टिप्पणी फिलिप्स और स्थानीय समुदायों के प्रति अपमानजनक थी।

द गार्जियन के अनुसार, हालांकि पुलिस ने कहा है कि हत्यारों ने अकेले काम किया। यूनिवाजा का मानना है कि अपराध के पीछे कई लोगों के हित जुड़े हुये है। इस बीच, एक पुलिस पुनर्निर्माण वीडियो प्रसारण में, तीन लोगों में से एक को यह कहते सुना जा सकता है कि उन्होंने पश्चिमी ब्राजील में एक नदी के किनारे दोनों को गोली मारने के बाद शवों को जलाने की कोशिश की थी। ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद आरोपी अगले दिन लौटे और उन्हें दफना दिया। इसके बाद पुलिस ने 15 जून को शवों को बरामद कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यूजीलैंड में 5,499 नए कोविड-19 मामले दर्ज

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में कोविड-19 के 5,499 नए मामले सामने आए हैं और 18 और लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय ने शिन्हुआ समाचार एजेंसी के हवाले से कहा कि नए सामुदायिक संक्रमणों में, सबसे बड़े शहर ऑकलैंड में 1,637 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा, न्यूजीलैंड सीमा पर कोविड-19 के 78 नए मामलों का पता चला। वर्तमान में, 334 कोविड-19 रोगियों का इलाज अस्पतालों में किया जा रहा है, जिनमें चार गहन देखभाल इकाइयों या उच्च निर्भरता इकाइयों में शामिल हैं। 2020 की शुरुआत में देश में महामारी की चपेट में आने के बाद से न्यूजीलैंड ने कोरोना वायरस के 1,282,212 मामलों की पुष्टि की है।

### कनाडा में मंकीपॉक्स के मामलों की संख्या 200 के करीब पहुंची

ओटावा। कनाडा में गत शुक्रवार से 30 अतिरिक्त संक्रमण के मामले सामने आने के बाद देश में सक्रिय मंकीपॉक्स के मामलों की संख्या 198 तक पहुंच गई है। कनाडा की मुख्य जन स्वास्थ्य अधिकारी थेरेसा टैम ने शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी मंकीपॉक्स के मामलों को 168 पर अपडेट किया। प्रांत के अनुसार एक विश्लेषण से पता चला कि क्यूबेक में 141 मामले, ओंटारियो में 21, अल्बर्टा में चार और ब्रिटिश कोलंबिया में दो मामले थे। क्यूबेक स्वास्थ्य प्राधिकरण ने मंगलवार को ट्विटर के माध्यम से कहा, 20 जून तक, क्यूबेक में 171 मामले दर्ज किए गए हैं, और 27 मई से टीके का 5,895 डोज दिया जा चुका है। क्यूबेक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए मामलों की संख्या कनाडा के कुल मामलों में जुड़ गई है जो वायरस के 198 पुष्ट मामलों तक पहुंच गई है क्योंकि डेटा ब्रिटिश कोलंबिया, अल्बर्टा और ओंटारियो के प्रांतों के लिए अपरिवर्तित है। मंकीपॉक्स एक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती है और कुछ अफ्रीकी देशों में स्थानिक है। रोगजनक वायरस के उसी परिवार से आता है जो चेचक का कारण बनता है, जिसे 1980 में मिटा दिया गया था। अमेरिका में कई डॉक्टरों ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि बीमारी आसानी से पहचानी जा सकती है और इलाज योग्य है और आबादी को घबराना नहीं चाहिए।

### पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में मंगलवार देर रात 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में खोस्त से 44 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में 50.8 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप देर रात स्थानीय समायानुसार एक बजकर 54 मिनट पर आया। पेशावर, इस्लामाबाद, लाहौर तथा पंजाब के अन्य हिस्सों और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी वजह से जानमाल के किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। पाकिस्तान भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है और अकसर यहां भूकंप आते हैं। एक सप्ताह के भीतर आया यह दूसरा भूकंप है। 17 जून को देश में 5.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। देश में 2005 में एक भीषण भूकंप में 74,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में काम करने की जताई इच्छा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



**बैठक**

- भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक
- दोनों देशों के डिफेंस और सुरक्षा क्षेत्र में नजदीकी संबंध महत्वपूर्ण

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया समान लोकतांत्रिक मूल्य साझा करते हैं, जिसमें मुक्त और खुले हिन्द प्रशांत का विजन शामिल है। दोनों देशों के डिफेंस और सुरक्षा क्षेत्र में नजदीकी संबंध हिन्द प्रशांत में स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है।

रिचर्ड मार्लेस ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा पर हैं।

वह 20 जून को गोवा पहुंचे और उन्होंने मंगलवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड का दौरा किया। बाद में वह भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस हंसा को भी देखने गए। आज सुबह दिल्ली पहुंचने पर रिचर्ड मार्लेस और रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करके युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि दी। राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद रक्षा मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करने के साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की नई पहलों पर विचार-विमर्श किया।

इसके साथ दोनों रक्षा मंत्रियों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। द्विपक्षीय बैठक के बाद साझा बयान में बताया गया कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने मौजूदा व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा और सुरक्षा स्तंभों की समीक्षा की, जो कोरोना महामारी की चुनौतियों के बावजूद बढ़ रही हैं।

सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा के साथ ही व्यापक रणनीतिक साझेदारी के कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बयान में कहा गया कि दोनों मंत्री रक्षा अनुसंधान और सामग्री सहयोग पर भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसकी बैठक इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होगी। यह जेडब्ल्यूजी रक्षा उद्योगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है।

## कंबोडिया में आसियान के सदस्य देशों की बैठक शुरू

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के नोम पेन्ह में आसियान के रक्षा मंत्रियों की 16वीं बैठक (एडीएमएम) बुधवार को शुरू हुई। इस बैठक में क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियों और सुरक्षा पर चर्चा की गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री टी बान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) के सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्री और प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। एक उद्घाटन समारोह के दौरान अपने भाषण में बान ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद दो वर्षों में यह पहली बैठक है। बान ने कहा, आज हमारी उपस्थिति आसियान की केंद्रीयता, एकता और सहयोग को बनाए रखने के लिए उच्च जिम्मेदारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि बैठक ऐसे समय बुलाई गई है जब पूरा क्षेत्र सीमा पार अपराध, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, आपदाओं और महामारी समेत अन्य संकटों का सामना कर रहा है। बान ने कहा, यह बैठक इन संकटों के समाधान को खोजकर क्षेत्र को स्थायी शांति, सुरक्षा और समृद्धि की ओर ले जाएगी।

# अमेरिका ने लगाया चीन के शिनजियांग के उत्पादों पर प्रतिबंध

### उइगर मुसलमानों से जबरन काम करवाने का आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

चीन के शिनजियांग में उइगर मुस्लिमों को बंधक बनाकर उनसे जबरन श्रम करवाने के आरोप में अमेरिका ने यहां बनने वाले कई उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध संबंधी कानून 21 जून से प्रभावी हो गया है।

एक रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने चीनी कंपनियों से कहा है कि शिनजियांग क्षेत्र का माल बेचने के लिए यह साबित करना होगा कि उन्होंने अपना उत्पाद तैयार करने के लिए किसी से जबरन श्रम नहीं कराया गया है। कपास और टमाटर सहित अमेरिका में शिनजियांग क्षेत्र के कई प्रोडक्ट्स को पहले ही प्रतिबंधित किया गया है। सरकार ने उइगर जबरन श्रम रोकथाम अधिनियम (यूएफएलपीए) को 21 जून से प्रभावी कर दिया है जो सभी आयातों पर प्रतिबंधों का विस्तार करेगा। अमेरिकी रिपब्लिकन सीनेटर मार्को रुबियो, डेमोक्रेट सीनेटर जेफ मर्कले और दो अन्य सांसदों ने कहा है कि कांग्रेस इस ऐतिहासिक कानून को पूरी तरह से और सख्ती से लागू करने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार कि चीन ने शिनजियांग क्षेत्र में अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी को नजरबंदी शिविर में रखा हुआ है कि लेकिन बीजिंग लगातार इससे इनकार कर रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के मुताबिक अप्रैल 2017 से चीन ने शिनजियांग में दस लाख से अधिक उइगर और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों को जेल में डाल दिया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि चीन इन हजारों कैदियों से न्यूनतम मजदूरी या बिना किसी पारिश्रमिक के काम कराता है।

## बाइडेन प्रशासन की सिगरेट में निकोटीन के स्तर को सीमित करने की योजना

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बाइडेन प्रशासन उत्पाद की लत को कम करने के लिए सिगरेट में निकोटीन की मात्रा को सीमित करने की योजना बना रहा है। फेडरल ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में मंगलवार को यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया, आज, बाइडेन-हैरिस प्रशासन ने भविष्य की संभावित नियामक कार्रवाइयों के लिए योजनाएं प्रकाशित कीं, जिसमें एक प्रस्तावित उत्पाद मानक विकसित करने की अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की योजनाएं शामिल हैं जो सिगरेट और कुछ अन्य खतरनाक तंबाकू उत्पादों की लत को कम करने के लिए अधिकतम निकोटीन स्तर स्थापित करेगी। एफडीए आयुक्त रॉबर्ट लोअरिंग ने विज्ञप्ति में कहा कि निकोटीन के स्तर को न्यूनतम नशे की लत या गैर-नशे की लत के स्तर तक कम करने से वर्तमान आदी धूम्रपान करने वालों को छोड़ने और भविष्य की पीढ़ियों के बीच लत की संभावना कम करने में मदद मिलेगी।

# अफगानिस्तान में भूकंप से 250 से अधिक लोगों की मौत

**काबुल, एजेंसी**



अफगानिस्तान में मंगलवार की रात आये भीषण भूकंप में कम से कम 250 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक घायल हो गये। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 आंकी गई। उन्होंने कहा कि भूकंप से सर्वाधिक पक्तिका प्रांत में तबाही हुई है। वहां मलबे और बर्बाद घरों के दृश्य काफी भयावह नजर आते हैं।

बीबीसी ने एक स्थानीय सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा कि मरने वालों की संख्या 250 से अधिक होने की आशंका है। इस प्राकृतिक आपदा में 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बख्तर न्यूज एजेंसी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि कल रात पक्तिका और खोस्त प्रांत में आए भूकंप में 280 लोगों की जान चली गई और 600 से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता बिलाल करीमी ने ट्विटर पर कहा, दुर्भाग्य से, कल रात पक्तिका प्रांत के चार जिलों में भीषण भूकंप आया, जिसमें हमारे सैकड़ों देशवासी मारे गए और घायल हुए। साथ ही कई घर नष्ट हो गए। उन्होंने कहा, हम सभी सहायता एजेंसियों से आग्रह करते हैं कि आगे की तबाही को रोकने के लिए तुरंत क्षेत्र में टीमें भेजें। बीबीसी ने अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के हवाले से कहा कि भूकंप का केन्द्र जमीन से लगभग 51 किमी की गहराई में स्थित था।

## ठाणे में यौनकर्मी पर हमला, चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र में पैसे के विवाद को लेकर चार लोगों ने कथित तौर पर एक यौनकर्मी पर हमला किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। भिवंडी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार को ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में हुई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को एक दंपत्ति और दो अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस को दी गयी पीड़िता की शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने कथित तौर पर महिला को बाल पकड़कर घसीटा और घर से बाहर खींचने के बाद उनके साथ मारपीट की। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने महिला को बचाने आयी एक अन्य यौनकर्मी के साथ भी कथित तौर पर मारपीट की। उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

# इजराइल में उत्साह के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**तेल अवीव, एजेंसी**



दुनिया के कई अन्य देशों की तरह इजराइल में भी पूरे उत्साह के साथ आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इजराइल में कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों को पूरी तरह से हटा लिया गया है। देश के कई हिस्सों में सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने एक साथ योग किया। राजधानी तेल अवीव में मंगलवार की शाम को सैकड़ों योग प्रेमी प्रतिष्ठित पार्क हा-तचाना में एकत्र हुए और पूरे उत्साह एवं जोश के साथ योग दिवस मनाया। इस योग सत्र में हिस्सा लेने के लिए यरुशलम से आए रूथ नामक एक व्यक्ति ने पीटीआई-भाषा से कहा, दो साल के अंतराल के बाद बिना किसी प्रतिबंध के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को स्वतंत्र रूप से मनाने के लिए यहां वापस आना एक अद्भुत एहसास है। तेल अवीव में आयोजित योग सत्र में 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और विभिन्न योग आसन किए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आठ साल पहले 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने के बाद से दुनिया के कई देशों में लोगों के बीच योग की लोकप्रियता बढ़ रही है। इस अवसर पर तेल अवीव के मेयर रोन हुलडाई ने कहा, तेल अवीव-याफो शहर की ओर से मैं आपको आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बधाई देता हूं। भारत और इजराइल के बीच कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग तथा संयुक्त परियोजनाओं के रूप में तेल अवीव-याफो और भारत के बीच तथा हमारे दोनों देशों के बीच के मधुर संबंधों को देखा जा सकता है। योग दिवस केवल इसका एक उदाहरण है।

## मोदी 26-28 जून तक जर्मनी, यूएई की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 से 28 जून के दौरान जर्मनी एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि श्री मोदी जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर श्लोज एल्माउ में होने वाली जी-7 शिखर बैठक में भाग लेने के लिए 26 एवं 27 जून को जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। शिखर बैठक में प्रधानमंत्री के पर्यावरण, ऊर्जा, जलवायु, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और लोकतंत्र पर दो सत्रों को संबोधित करने की संभावना है। इन महत्वपूर्ण विषयों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य लोकतांत्रिक देशों को भी आमंत्रित किया।







**पूछताछ** राहुल गांधी से पांच दिनों तक 50 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई।

# भाजपा व संघ बताएं कि क्या हिंदू राष्ट्र बनाकर देश को एक रख पाएंगे : गहलोत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश के मौजूदा हालात को चिंताजनक करार देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा प्रहार किया और पूछा कि वे हिंदू धर्म के नाम पर लोगों को कब तक भड़काते रहेंगे और क्या वे हिंदू राष्ट्र बनाकर देश को एक रख पाएंगे? गहलोत ने नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ और सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना का हवाला देते हुए कहा कि देश ने ऐसी परिस्थिति पहले कभी नहीं देखी थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी जी से पांच दिनों तक 50 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई, ऐसा इससे पहले देश में कभी नहीं हुआ। राहुल जी ने जिस तरह से ईडी का सामना किया वह भी बेमिसाल है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने कहा, पुलिस का रवैया जिस प्रकार का था उसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। ऐसा पहली बार है कि पुलिस ने हमारे नेताओं और खासकर महिला नेताओं के साथ बदसलूकी की। पहली बार हम पुलिस का यह आतंक देख रहे हैं। यह इस बात का पूर्वाभ्यास है कि जब तानाशाही आएगी तब पुलिस को किस तरह से व्यवहार करना है? उन्होंने कहा ऐसा कभी नहीं हुआ कि पुलिस कांग्रेस मुख्यालय में घुस जाए और कार्यकताओं एवं पत्रकारों की पिटाई करे। राजस्थान में भाजपा आंदोलन करती है तो क्या वहां आपकी तरह हमारी पुलिस भी भाजपा कार्यालय में घुसे और दुर्व्यवहार करे? यह आप कौन सी परंपरा कायम कर रहे हैं? यह ठीक नहीं है। गहलोत ने कहा, मैं आरएसएस और भाजपा के लोगों से पूछना चाहता हूं कि आप कब तक हिंदू धर्म के नाम पर लोगों को भड़काते रहोगे? हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान धर्म के नाम पर बना, क्या कारण है कि उसके दो टुकड़े हुए? पाकिस्तान से अलग बांग्लादेश क्यों बना जबकि दोनों जगह एक ही धर्म के लोग थे? धर्म के नाम पर देश बन सकता है, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि वह कायम रहेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129